सुप्रभात
रांची, सोमवार
21.08.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
हरहर महादेव

khabarmantra.net | श्रावण, शुक्ल पक्ष, पंचमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 41

12 अब मनरेगा के काम की ड्रोन से होगी निगरानी

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### स्पेन ने जीता पहला महिला फीफा वर्ल्ड कप

**सिडनी।** महिला फीफा विश्व कप के फाइनल में स्पेन ने इंग्लैंड को 1-0 से मात देकर खिताब अपने नाम कर लिया है। अपना तीसरा विश्व कप खेल रही स्पेन की टीम ने पहली बार चैंपियन का ताज जीता। स्पेन ने इस जीत के साथ पिछले साल यूरोपीय चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड के हाथों मिली हार का बदला भी ले लिया।

### सक्सेना ने मेकॉन सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार संभाला

**रांची।** एमओआइएल के सीएमडी अजीत कुमार सक्सेना ने मेकॉन के सीएमडी पद का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। उनके पास प्रौद्योगिकी संस्थान, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से धातुकर्म में बी-टेक की डिग्री है और उन्होंने एमबीए की डिग्री भी हासिल की है। उन्होंने 1986 में सेल में प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी) के रूप में करियर शुरू किया।

### कमल भूषण हत्याकांड का आरोपी छोटू गिरफ्तार

**रांची।** जमीन कारोबारी कमल भूषण हत्याकांड के मुख्य आरोपी छोटू कुजूर को लोहरदगा जिले से रविवार को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इससे पूर्व रविवार को सुखदेव नगर थाना पुलिस ने हेसल स्थित जतरा मैदान के समीप छोटू कुजूर के घर में कुर्की-जब्ती शुरू की। कुर्की-जब्ती के बीच ही छोटू ने पुलिस से संपर्क किया और कहा कि कुर्की-जब्ती नहीं करें। समर्पण कर रहा हूं। लोहरदगा में गिरफ्तारी के बाद उसके घर की कुर्की-जब्ती रोक दी गयी है। पुलिस छोटु कुजूर से पूछताछ कर रही है।

### झारखंड कांग्रेस ने राजीव गांधी की मनायी जयंती

**रांची।** पूर्व पीएम राजीव गांधी की 79वीं जयंती रविवार को प्रदेश कार्यालय में मनायी गयी। कांग्रेस नेताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। सभी ने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माण के साथ संचार क्रांति के जनक थे।

### गंगोत्री हाईवे पर बड़ा हादसा, 7 लोगों की मौत

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के गंगोत्री नेशनल हाईवे पर रविवार को गंगनानी के निकट एक प्राइवेट बस गहरी खाई में जा गिरी। बस में गुजरात के 33 तीर्थयात्री सवार थे। 22 यात्रियों का रेस्क्यू कर लिया गया पर इस हादसे में 7 लोगों की मौत की सूचना है। कई लोग घायल हैं। घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया है। हादसा तब हुआ जब बस गंगोत्री धाम से उत्तरकाशी की ओर जा रही थी। घायल 22 घायल लोगों को अस्पताल ंहुंचाया गया। जिस जगह बस दुर्घटना हुई, उसी जगह कुछ दिनों पहले एक कांवड़ियों से भरा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। रविवार को हुए हादसे में बस खाई में गिरते हुए ट्रक के मलबे के ऊपर अटक गयी।

### बाल कांवर यात्रियों ने किया जलाभिषेक

**रामगढ़।** शहर में रविवार को बाल कांवर यात्रा निकाली गयी। इसका आयोजन मारवाड़ी युवा मंच और मारवाड़ी चेतना शाखा ने किया। गेरुआ वस्त्र पहनकर कांवर लिए भगवान भोलेनाथ के नन्हे भक्तों ने बिजुलिया तालाब से रानी दादी सती मंदिर तक यात्रा निकाली। यह यात्रा दादी रानी सती मंदिर पहुंची, जहां शिवलिंग पर सभी बच्चों ने जलाभिषेक किया। कांवर यात्रा में 51 बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों में गजब का उत्साह देखने को मिला।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 70,000 रु./प्रति किलो |

## चंद्रमा के पास पहुंचा यान, दूसरा और अंतिम डिबूस्टिंग पूरी तरह सफल

# अब चांद चूमने को चंद्रयान तैयार

### 23 को शाम 6.04 बजे चांद की सतह पर उतरने की उम्मीद

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** भारत का सबसे महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशन चंद्रयान-3 चंद्रमा के बेहद करीब पहुंच गया है। चांद की निकटतम कक्षा में स्थापित हो गया है लैंडर। चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल ने अपना दूसरा और अंतिम डिबूस्टिंग( धीमा करने की प्रक्रिया) पूरा कर लिया। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह जानकारी दी। इसरो ने कहा है कि इसी कक्षा से इसके बुधवार 23 अगस्त को शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा की सतह पर उतरने की उम्मीद है। चंद्रमा के अज्ञात दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास करेगा। उम्मीद है हम सफल होंगे। चंद्रमा पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग करने का प्रयास कर रहा है। इसरो ने रविवार को बताया कि चंद्रयान-3 मिशन के लैंडर मॉड्यूल (एलएम) को कक्षा में थोड़ा और नीचे सफलतापूर्वक पहुंचा दिया, जिससे यह चंद्रमा के और करीब आ गया है। इसरो ने खुशखबरी दी है कि लैंडिंग का सीधा प्रसारण भारतीय समयानुसार 5: 27 बजे से होगा। यह सफल होता है तो भारत संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस और चीन के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन जायेगा। इसरो ने रविवार को कहा कि यह उपलब्धि भारतीय विज्ञान, इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी और उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगी, जो अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत की प्रगति का प्रतीक होगी।

**शाम 17:27 बजे शुरू होगा सीधा प्रसारण :** पूरा देश चंद्रयान-3 को सॉफ्ट लैंडिंग में सफल होते देखना चाहता है। इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम का सीधा प्रसारण 23 अगस्त, 2023 को भारतीय समयानुसार शाम 05:27 बजे शुरू किया जायेगा। (शेष पेज 11 पर)

### सॉफ्ट लैंडिंग का है इंतजार

इसरो ने बताया कि लैंडर विक्रम ने खुद को एक ऐसी कक्षा में स्थापित कर लिया है जहां चंद्रमा का निकटतम बिंदु 25 किमी और सबसे दूर 134 किमी है। 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर उतर सकता है लैंडर। रविवार को लैंडर मॉड्यूल के लिए दूसरा डी-ऑर्बिटिंग सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। अब लैंडर मॉड्यूल की कक्षा 25 किमी x 134 किमी है। लैंडर मॉड्यूल (एलएम) उम्मीद के मुताबिक सही तरह से काम कर रहा है। इसरो ने कहा कि लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) से युक्त लैंडर मॉड्यूल के शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा की सतह पर उतरने की उम्मीद है। इससे पहले, इसरो ने कहा था कि मॉड्यूल 23 अगस्त को शाम पांच बजकर 47 मिनट पर चंद्रमा की सतह पर उतरेगा।

### रूसी मून मिशन फेल, टचडाउन करते ही लूना-25 हो गया क्रैश



**नयी दिल्ली।** रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस ने रविवार को कहा कि रूस का लूना-25 अंतरिक्ष यान अनियंत्रित कक्षा में घूमने के बाद चंद्रमा से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। 47 वर्षों में लूना-25 रूस का पहला चंद्रमा मिशन था। यह घटनाक्रम रोस्कोस्मोस द्वारा लूना-25 को लैंडिंग से पहले की कक्षा में शंट करने में समस्या की सूचना देने के एक दिन बाद आया है। रोस्कोस्मोस ने एक बयान में कहा, 'उपकरण एक अप्रत्याशित कक्षा में चला गया और चंद्रमा की सतह से टकराव के परिणामस्वरूप अस्तित्व में नहीं रहा। एजेंसी ने कहा कि एक 'असामान्य स्थिति' उत्पन्न हुई जब मिशन कंट्रोल ने 21 अगस्त के लिए नियोजित टचडाउन से पहले शनिवार को विमान को प्री-लैंडिंग कक्षा में ले जाने की कोशिश की जा रही थी। अंतरिक्ष यान सोमवार को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला था, जो भारतीय अंतरिक्ष यान से पहले पृथ्वी के उपग्रह पर उतरने की दौड़ में था। 10 अगस्त को लॉन्च किया गया था लूना-25। रूस के वोस्तोचन अंतरिक्ष बंदरगाह से इसका प्रक्षेपण किया गया था। 1976 के बाद से ये रूस का पहला प्रक्षेपण था। इससे पहले वह सोवियत संघ का हिस्सा था। अब तक तीन देश सोवियत संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन ही सफल लैंडिंग कर सके हैं।

## सीडब्लूसी में थरूर-सचिन शामिल, सिद्धू की हुई छुट्टी

### खड़गे ने की 39 सदस्यीय नयी टीम की घोषणा

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** लंबे समय से इंतजार के बाद रविवार को कांग्रेस की तरफ से वर्किंग कमेटी (सीडब्लूसी) का ऐलान कर दिया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 39 सदस्यीय टीम में अपने प्रतिद्वंद्वी शशि थरूर को भी जगह दी है। थरूर ने खड़गे के खिलाफ पार्टी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ा था। टीम में सचिन पायलट को भी जगह दी गयी है। वहीं नवजोत सिंह सिद्धू नयी टीम से आउट हो गये हैं। समिति के सदस्यों में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मनमोहन सिंह, अधीर रंजन चौधरी और पी चिदंबरम के नाम शामिल हैं। पार्टी अध्यक्ष ने इसकी घोषणा की।

**संतुलन बनाने का प्रयास :** 2024 का रण करीब है, हर दल तैयारी में लगा हुआ है। ऐसे समय में कांग्रेस की ये नयी टीम जमीन पर पार्टी को नया बल देने का काम कर सकती है। कांग्रेस अध्यक्ष ने नयी टीम में पुराने और नये चेहरों के बीच संतुलन बनाने की पूरी कोशिश की है। जयराम रमेश, सलमान खुर्शीद, दिग्विजय सिंह, आनंद शर्मा जैसे कई नेताओं को मौका दिया गया है। खड़गे ने समिति के सदस्यों में जिन अन्य नामों को शामिल किया है, उनमें पवन खेड़ा, सुप्रिया श्रीनेत, अलका लांबा, यशोमति ठाकुर भी हैं।

**क्यों जरूरी है सीडब्लूसी :** कांग्रेस कार्यसमिति पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक समिति है। पार्टी जितने भी फैसले लेती है, उसमें सीडब्लूसी की अहम भूमिका होती है। सभी फैसले इसी बॉडी में निर्धारित होते हैं। फिर चाहे चुनाव के दौरान किसी भी उम्मीदवारों को टिकट देने का फैसला हो, या फिर किसी दूसरी पार्टी से गठबंधन बनाने का निर्णय हो। (शेष पेज 11 पर)

### जनजातीय, क्षेत्रीय भाषाओं के शिक्षकों की होगी नियुक्ति

## 510 प्लस टू स्कूलों में 1033 पीजीटी शिक्षक बहाली शीघ्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में मानविकी, क्षेत्रीय और जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई जल्द शुरू करने को लेकर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। राज्य के सभी 510 प्लस टू स्कूलों में इन भाषाओं की पढ़ाई शुरू करने के लिए सबसे पहले शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए विभाग ने मानविकी, क्षेत्रीय और जनजातीय विषय के 1033 स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक (पीजीटी) का पद सृजन करने का प्रस्ताव तैयार किया है। यह प्रस्ताव प्रशासी पदवर्ग समिति को भेज दिया गया है। वहां से अप्रूवल मिलने के बाद जल्द ही नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होगी।

**5610 पद स्वीकृत, पर कार्यरत सिर्फ 2490 :** झारखंड में कुल 635 प्लस टू स्कूल हैं। इनमें से 510 प्लस टू स्कूलों में पद स्वीकृत हैं, जबकि 125 स्कूलों को प्लस टू के लिए अपग्रेड किया गया है। अपग्रेड स्कूलों के लिए अब तक शिक्षकों के कोई पद स्वीकृत नहीं किये गये हैं। प्लस 2 स्कूलों में 11वीं और 12वीं में करीब 276979 बच्चे पढ़ते हैं। इन छात्रों को पढ़ाने के लिए शिक्षकों के कुल 5610 पद स्वीकृत हैं, लेकिन कार्यरत महज 2490 ही हैं।

**किस जिले में हैं कितने प्लस टू स्कूल :** पलामू 31, धनबाद 17, बोकारो 21, कोडरमा 18, सिमडेगा 13, गिरिडीह 27, हजारीबाग 38, पश्चिमी सिंहभूम 36, पाकुड़ 16, पूर्वी सिंहभूम 20, रांची 37, रामगढ़ 12, सरायकेला खरसावां 18, साहिबगंज 16, देवघर 26, दुमका 23, जामताड़ा 11, गढ़वा 23, गोड्डा 26, गुमला 19, लातेहार 16 और लोहरदगा में 12 प्लस टू स्कूल हैं।

### प्लस टू स्कूलों में अभी सिर्फ 11 विषयों की पढ़ाई

हाईकोर्ट में दायर पीआइएल नंबर 3547/2016 में कोर्ट द्वारा पारित आदेश के तहत विभाग ने नये पदों के सृजन और अप्रासंगिक हो चुके पदों को सरेंडर करने की अनुशंसा के लिए एक समिति का गठन किया था। इसी समिति ने 1033 नये पदों के सृजन का प्रस्ताव तैयार किया है। राज्य के प्लस टू स्कूलों में फिलहाल 11 विषयों की पढ़ाई होती है। इनमें हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, अर्थशास्त्र, भूगोल, इतिहास, रसायन शास्त्र, भौतिकी, जीव विज्ञान, गणित और वाणिज्य विषय के लिए सभी स्कूलों में एक-एक पद सृजित हैं. समिति की अनुशंसा को अप्रूवल मिलने के बाद स्कूलों में और दो-दो पदों का सृजन होगा।

## सावन का दूसरा पक्ष शुरू होते ही बाबाधाम में उमड़े भक्त

### रांची पहाड़ी मंदिर समेत आम्रेश्वर धाम में भारी भीड़

**खबर मन्त संवाददाता**



**देवघर, रांची।** मलमास समाप्त होने और सावन का दूसरा पक्ष शुरू होने के साथ ही विश्वप्रसिद देवघर श्रावणी मेला की रौनक काफी बढ़ गयी। दूसरे पक्ष में दो सोमवारी पड़ेगी। इसको लेकर देवघर श्रावणी मेला में लाखों श्रद्धालुओं का बाबाधाम पहुंचना शुरू हो गया। बाबाधम के साथ-साथ बासुकीनाथ, रांची पहाड़ी मंदिर, खूंटी के बाबा आम्रेश्वर धाम मंदिरसमेत सभी शिवालयों में बाबा भोले के भक्तों का तांता लगने लगा।

**आम्रेश्वर धाम में उमड़े श्रद्धालु :** खूंटी के प्रसिद्ध आम्रेश्वर धाम मंदिर में ऐसे तो सालोंभर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन सावन माह में हर वर्ष यहां श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता है। रविवार को करीब 60 हजार श्रद्धालुओं ने आम्रेश्वर धाम पहुंच कर जलार्पण किया। सोमवार को और भी भक्तों के आने की उम्मीद है। वहीं मंदिर के समीप मेला का भी आयोजन किया गया है। मंदिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

### आज नागपंचमी से महत्व और बढ़ा

बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में जिला प्रशासन ने कांवरियों की भीड़ को देखते हुए अपनी तैयारी कर ली है। श्रद्धालुओं को सुलभ और सुरक्षित जलार्पण कराने के लिए प्रशासन की ओर से समुचित व्यवस्था की गयी है। सावन के दूसरे पक्ष की पहली सोमवारी को ही नाग पंचमी भी है। नाग, भगवान शिव को अति प्रिय हैं। इस वजह से श्रावन मास में शिव आराधना के साथ नाग देवता की भी पूजा की जाती है। नागपंचमी के दिन भोलेनाथ की पूजा करने से मिलता है विशेष फल मिलता है। धर्म शास्त्रों में सर्प को प्रकृति का पूरक माना गया है, यही वजह है कि है कि प्रकृति के पालक भगवान शिव की पूजा के साथ नाग देवता की भी पूजा की जाती है।

## गोमिया के इरफान को गूगल ने दिया 1.20 करोड़ का पैकेज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोमिया, बेरमो।** गोमिया के लाल इरफान भाटी को गूगल लंदन में एक करोड़ 20 लाख का पैकेज दिया है। भाटी 29 अगस्त, 2023 को गूगल लंदन में अपनी सेवा देंगे। आइआइएल गोमिया मस्जिद कालोनी के निवासी भाटी, हाजी अब्दुल कादिर के पुत्र हैं। उनके पिता अब्दूल कादिर भाटी एक व्यवसायी हैं। इरफान गुगल इंडिया में मोबाइल एप्लिकेशन का कार्य करते थे। अब वो लंदन में गूगल सर्च पर कार्य करेंगे। इरफान ने वर्ष 2019 में हल्दिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से बी-टेक किया। इस दौरान उन्होंने बायजू फिलिपकार्ड में भी नौकरी की। प्रारंभिक शिक्षा पिट्स मॉडर्न स्कूल, गोमिया से करने के बाद वर्ष 2014 में बारहवीं पास की। भाटी ने इसका श्रेय माता रूकसाना और पिता हाजी अब्दुल कादिर भाटी के अलावा परिवार के अन्य सदस्यों को दिया हे। कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने पर अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपने को तैयार करते रहना चाहिए, निश्चित रूप से सफलता मिलेगी।

## मेधावी बच्चों की प्रतिभा तराशने को मंच देगी सरकार

### हुनर को झारखंड में ही मिलेगा बाजार

**सुधीर**



### सीएम की पहल

**रांची।** मुख्यमंत्री सह स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राज्य के मेधावी बच्चों की प्रतिभा को तराशने का काम शुरू कर दिया गया है। इतना ही नहीं सरकार ने उनके हुनर को बाजार देने का भी निर्णय लिया है, ताकि उनका मनोबल बढ़े और वह और भी बेहतर कर सकें। बताया जा रहा है कि बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग पहले उन्हें मंच देगा। फिर उनके हुनर को बाजार बाजार में उनके हुनर को अच्छी कीमत दिलाने की भी व्यवस्था होगी। स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अधिकारियों का मानना है कि राज्य के बच्चों के अंदर काफी प्रतिभाएं छुपी है। बस इसे बाहर निकालने की जरूरत है। उनके हुनर को हौसला देने की जरूरत है। इसी उद्देश्य से राज्य के सभी मेधावी बच्चों को एक मंच पर लाने की व्यवस्था की जा रही है।

**वेस्ट से बेस्ट का होगा प्रयास :** राज्य की प्रतिभाएं आज भी बिना किसी सहयोग से वेस्ट से बेस्ट कर गुजारते हैं। परंतु उचित मंच नहीं मिलने के कारण उनके अंदर की प्रतिभा बाहर नहीं मिल पाती है और उनका हुनर भी गुमनामी के अंधेरे में खो जाता है। परंतु सीएम के निर्देशा के बाद उनके हुनक को बाजार देने की कवायद शुरू कर दी गयी है। अब झारखंड के बच्चों द्वारा निर्मित बस्तुएं भी राज्य के बाहर देखने को मिलेंगी।

### एक मंच पर जुटेंगी राज्य की प्रतिभाएं

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से राज्य के हुनरमंद बच्चों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। राज्य के सभी मेधावियों को एक मंच पर लाया जायेगा। फिर उसी मंच के माध्यम से उनके द्वारा निर्मित वस्तुओं को बाजार में उतर जाएगा। उसकी अच्छी कीमत दिलाने के लिए न सिर्फ झारखंड बल्कि दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में भी व्यवस्था की जाएगी। इसी उदेश्य के साथ विभाग के अधिकारी राज्य के प्रतिभाओं को तलाशने का काम शुरू कर दिया है।

राज्य के मेधावी बच्चों की प्रतिभा को तराशने के लिए सरकार मंच उपलब्ध कराएगी। सीएम के निर्देश के बाद स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने उनके हुनर को उचित मूल्य दिलाने को बाजार भी उपलब्ध कराएगी।

**जयंत मिश्रा, प्रशासी पदाधिकारी, जेपीसी, झारखंड।**

### केंद्रीय खान सचिव ने सुरदा, केंदाडीह माइंस का किया निरीक्षण

## अफसरों को दिया सही ढंग से संचालन करने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय खान सचिव विवेक भारद्वाज ने रविवार को घाटशिला पहुंचे। उन्होंने सुरदा माइंस, केंदाडीह माइंस एवं राखा कॉपर माइंस का दौरा किया। उन्होंने सुरदा माइंस का संचालन करने वाली कंपनी एमएमपीएल को माइंस संचालन को सही ढंग से करने की बात कही। सुरदा में विंडर को देखने के बाद खान सचिव केंदाडीह माइंस का निरीक्षण किया। बाद में खान सचिव राखा कॉपर प्रोजेक्ट का भी दौरा किया। करीब 11:45 बजे खान सचिव विवेक भारद्वाज सुरदा माइंस पहुंचे। उन्होंने मानचित्र के जरिये अधिकारियों से सुरदा माइंस की वर्तमान स्थिति, उत्पादन क्षमता, डेवलपमेंट एवं अयस्क में तांबे के ग्रेड के संबंध में जानकारी ली। बाद में वह बूट और टोपी पहनकर विंडर के सहारे सुरदा माइंस के 4 लेवल अंडरग्राउंड में गये। करीब 20 मिनट तक सुरदा माइंस के अंदर रहकर माइंस को देखा। वहां नवनिर्मित आई, विंडर, नवनिर्मित बीएफडी एवं पीएलसीमें का उद्घाटन किया और माइंस के संचालन के संबंध में जानकारी लेकर वापस लौटे। (शेष पेज 11 पर)

एनआइए जांच में हुआ खुलासा

## बूढ़ापहाड़ के जंगल में बनी थी पुलिस पेट्रोलिंग टीम को उड़ाने की योजना

प्रशांत बोस की गिरफ्तारी का बदला लेने के लिए हमले की रची थी साजिश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की जांच में खुलासा हुआ है कि माओवादी नेता प्रशांत बोस की गिरफ्तारी का बदला लेने के लिए नक्सलियों के शीर्ष नेता ने बड़े हमले की साजिश रची थी। लोहरदगा जिला के बुलबुल जंगल से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद होने के मामले की जांच क्रम में एनआइए ने यह खुलासा किया है। जांच से पता चला है कि माओवादी के सशस्त्र कैडरों और सदस्यों ने हिंसक कृत्यों और गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने और भारत की सुरक्षा को खतरे में डालने की साजिश रची थी।

**माओवादी नेता प्रशांत बोस की गिरफ्तारी का बदला लेने का फैसला किया था :** एनआइए जांच में खुलासा हुआ है कि माओवादी के शीर्ष कमांडरों और सशस्त्र कैडरों ने अगस्त-सितंबर, 2022 के दौरान बूढ़ा पहाड़ में एक आपराधिक साजिश रची थी। वरिष्ठ माओवादी नेता प्रशांत बोस की गिरफ्तारी का बदला लेने का फैसला किया था। उनका इरादा सुरक्षा बलों और पुलिस के खिलाफ बड़े हमले को अंजाम देने को था।

**विदेशी हथियार बरामदगी मामले में 16 नक्सलियों के खिलाफ हो चुकी है चार्जशीट :** झारखंड के लोहरदगा जिला में माओवादियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन डबल बुल में पुलिस को जबरदस्त सफलता हासिल हुई थी। झारखंड के लातेहार और लोहरदगा जिले से छापेमारी के दौरान पुलिस को विदेशी हथियार भी मिले थे। इस अभियान में नक्सलियों को बहुत ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा था। अभियान के दौरान 11 बड़े नक्सली पकड़े गए थे। पुलिस ने 28 से ज्यादा अत्याधुनिक हथियार, 2000 से ज्यादा कारतूस और अन्य सामान जब्त किया था। इस मामले की जांच के क्रम में एनआईए ने बलराम उरांव, शैलेश्वर उरांव, मनदीप, दशरथ सिंह खेरवार, शैलेन्द्र नगेसिया, विनोद नगेसिया, मरकुश नगेसिया, मुकेश कोरवा, बीरेन कोरवा, शीला खेरवार, संजय नगेसिया,बालक गंझू, सूरज नाथ खेरवार, सुदर्शन भुइयां, अमन गंझू, जतरू खेरवार, मुनेश्वर गंझू और गोविंद बिरिजिया के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है।

झारखंड के लोग होंगे खान-खनिज के मालिक, पूंजी की व्यवस्था करेगी सरकार

# राष्ट्र के विकास में भाजपा की बड़ी भूमिका झारखंड के विकास का भी संकल्प: मरांडी

भ्रष्ट और आदिवासी विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेने का किया आह्वान



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपने संकल्प यात्रा के चौथे दिन रविवार को महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के यज्ञ मैदान, पाकुड़िया में पहली जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने फिर राज्य संपोषित भ्रष्टाचार, खान, खनिज, बालू घाट की लूट, सोरेन परिवार द्वारा आदिवासियों के जमीन की लूट एवं संथाल के लोगों के पलायन को मुद्दा बनाया। श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड राज्य अटल बिहारी वाजपेयी की देन है। अटल जी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से गांव, गरीब को विकास की मुख्य धारा में जोड़ा। संथाली भाषा को 8वीं अनुसूची में जोड़ना अटल सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार देश में 8 आदिवासी कैबिनेट मंत्री बनाए गए हैं। मोदी जी ने पहली संथाली आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर आदिवासियों को बड़ा सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि लेकिन झारखंड में आदिवासियों के नाम पर राजनीति करने वाले झामुमो के मुखिया नाम बदलकर आदिवासियों की ही जमीन लूट रहे हैं। झामुमो नेतृत्व वाली सरकार में आदिवासी बहन बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा राज्य के खान खनिज बाहर के लोग आकर लूट रहे और झारखंड के लोग आदिवासी, गरीब रोजगार के लिए हिमाचल प्रदेश जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा राज्य की सरकार गरीबों के लिए केंद्र सरकार द्वारा भेजे गए प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलो अनाज को भी बेच दे रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पुलिस प्रशासन को लोगों की सुरक्षा में नहीं बल्कि उनको लूटने में लगा दिया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की जांच के लिए ईडी ने मुख्यमंत्री को समन किया है। ईडी को इनके भ्रष्टाचार का पता चल गया है। ऐसे परिवारवादी, भ्रष्टाचारी सरकार से झारखंड को मुक्त कराने के लिए यह संकल्प यात्रा चल रही है। उन्होंने कहा कि लुटेरों से झारखंड को बचाना है तभी राज्य में विकास होगा। गरीबी, बेरोजगारी दूर होगी। संकल्प यात्रा में यही संकल्प दिलाने आया हूं।

## लिट्टीपाड़ा में बाबूलाल ने कहा- झारखंड को बचाने के लिए राज्य की भ्रष्ट सरकार को हटाना जरूरी

भाजपा की सरकार बनी तो कोयला, बालू पत्थर और खनिज खदान की लीज स्थानीय को मिलेगा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** संकल्प यात्रा के दौरान लिट्टीपाड़ा की जनसभा को संबोधित करते हुए रविवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड कि कानून व्यवस्था बद से बदतर हो चुकी है। चोरी हत्या दुष्कर्म के सारे आँकड़े तोड़ दिया है। अपराधियों में कानून का डर समाप्त हो चुका है। राज्य में गठबंधन सरकार के संरक्षण में अपराधी बेलगाम हो गये हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को हटाना होगा तभी कानून राज स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि कोयला बालू कि लूट मची है। दिल्ली मुंबई और परिवार और पैसे वाले को खनिज संपदा का लीज दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो स्थानीय लोगों को खनिज संपदा का लिज दिया जाएगा। श्री मरांडी ने कहा कि आदिवासी मूलवासी समाज के अलग राज्य के मांग को अटल बिहारी वाजपेयी ने सम्मान दिया जबकि कांग्रेस ने साठ साल से ज्यादा शासन किया किंतु आदिवासी को कभी सम्मान नहीं दिया। भाजपा ने आदिवासी समाज का अलग मंत्रालय दिया, संथाल भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराया। इतना ही नहीं पहली बार केंद्र सरकार के मंत्रीमण्डल में 8 आदिवासियों को मंत्री बनाया गया। राष्ट्रपति पद पर भी आदिवासी समाज से माननीय द्रौपदी मूर्मू को सम्मान दिया गया। उन्होंने कहा कि मोदी जी गरीबों कि सेवा करते हैं और उनके द्वारा भेजे जा रहे अनाज व पैसे की बंदरबांट हेमंत सोरेन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन रांची से साहिबगंज तक आदिवासियों की जमीन लूटने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड को बचाने के लिए भ्रष्ट हेमंत सरकार को हटाना होगा।

## विधायक डॉ इरफान के बयान की निंदा की

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के झारखंड प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने झारखंड के विधायक डॉ इरफान अंसारी के द्वारा प्रसिद्ध कथावाचक बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को ढोंगी और उनके बारे में की गई अशब्द टिप्पणी की कड़ी शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा है कि इरफान अंसारी सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए ओछी हरकतें कर हिंदुओं की आस्था एवं सद्भावना को ठेस पहुंचने का कार्य कर रहे हैं जो कि ठीक नहीं है। सनातन धर्म के विरोध करने वाले कितने भी खड़े हो जाएं ना कोई सनातन को मिटा सकता है ना झुका सकता है। बाबा धीरेंद्र शास्त्री को साधना के माध्यम से दिव्य शक्तियां प्राप्त हुई है। जिससे बाबा लोगों के शारीरिक, आर्थिक, मानसिक और समाजिक पीड़ा का निदान करते हैं। उनके दरबार मे लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ हो रही है।

पीएम, जेपी नड्डा, अमित शाह, खड़गे और राहुल गांधी को लिखा पत्र

## बाहरी व्यक्तियों को झारखंड में लोस और विस का प्रत्याशी न बनायें : राजेंद्र प्रसाद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को अलग-अलग पत्र मेल के माध्यम से भेजा है। उनसे झारखंड में बाहरी व्यक्तियों को लोकसभा और विधानसभा का प्रत्याशी नहीं बनाने का आग्रह किया है। प्रसाद ने अपने पत्र में लिखा है राज्य में तीन तरह के लोग वास करते हैं। पहला मूलवासी सदान जिनकी आबादी 65% है, जो राज्य के सबसे पुराना वाशिंदे हैं। दूसरा जनजातीय हैं, जिनकी आबादी 26% है। और तीसरी आबादी प्रवासी की है जो 9 से 10% है। प्रसाद ने लिखा है कि सदान कोई जाति नहीं एक समुदाय है जिसमें हिंदू, मुस्लिम अगड़ी, पिछड़ी, दलित सभी आते हैं। मूलवासी सदानों की भाषा संस्कृति रहन-सहन खान-पान जनजातियों की तरह ही है। इसको देखते हुए ही जनजातियों और मूलवासी सदानों के उत्थान और विकास के लिए अलग राज्य का निर्माण श्रद्धेय स्वर्गीय अटल वाजपेयी पूर्व प्रधानमंत्री द्वारा झारखंड राज्य का निर्माण किया गया था। उन्होंने लिखा है कि जनजाति वर्ग को तो संवैधानिक संरक्षण प्राप्त है। जिसके कारण उन्हे उनका अधिकार मिल जाता है लेकिन मूलवासी सदानों को अलग से कोई संरक्षण सरकार की ओर से नहीं है मिला है, जिसके कारण गैर आदिवासी की श्रेणी में ही मूलवासी सदानों आते हैं, और इसका लाभ प्रवासी ले लेते हैं। इससे मूलवासी सदानों में असंतोष है।

राज्य में पिछड़ी जातियों की आबादी करीब 55%है। जिसमें तेली, कुर्मी जाति एक बहुत बड़ी आबादी है और जनजाति घोषित कराने के लिए आंदोलित है। प्रसाद ने पत्र में लिखा है पहले से ही लोकसभा और विधानसभा की सीटों के आरक्षित होने के कारण चुनाव लड़ने से सदान वंचित रहे हैं और बाद में झारखंड के 112 प्रखंडों के सभी पंचायत को मुखिया, प्रमुख, जिला परिषद अध्यक्ष को जनजातीय समुदाय के लिए पूरी तरह आरक्षित कर दिया गया है। लोकसभा और विधानसभा में भी जो अनारक्षित सीटें हैं उसमें बाहरी व्यक्तियों को लोकसभा और विधानसभा का प्रत्याशी बनाया जाते रहा है, जिससे सदान आक्रोशित हैं।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मनायी गयी जयंती

## भारत को पूरी दुनिया के सामने मबजूत बनाना राजीव गांधी का था उद्देश्य : राजेश ठाकुर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 79वीं जयंती रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस मौके पर मौजूद कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। जयंती कार्यक्रम में कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम, कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की शामिल थी। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि स्व. राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माण के साथ-साथ संचार क्रांति के जनक थे। स्व. गांधी ने एक ओर भारत को संचार क्रांति के माध्यम से आधुनिक बनाने की पहल की, वहीं भारत की आत्मा गांवों को पंचायती राज देकर मजबूत बनाया। पंचायती राज के माध्यम से ग्रामीण भारत सशक्त हुआ। स्व. गांधी ने देश के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए मतदान का अधिकार 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष किया। स्व. गांधी का हर प्रयास भारत को दुनिया के सामने मबजूत बनाने का रहा है।

कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि राजीव गांधी ही थे, जिन्होंने भारत में दूरसंचार क्रांति लाई। आज जिस डिजिटल इंडिया की चर्चा है, उसकी संकल्पना राजीव गांधी अपने जमाने में कर चुके थे। राजीव गांधी की एक बड़ी उपलब्धि जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना भी है। मौजूदा समय देश में खुले 551 नवोदय विद्यालयों में लगभग 1.80 लाख से अधिक छात्र पढ़ाई कर रहे हैं।

कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि राजीव गांधी दूरदर्शी सोच के व्यक्ति थे। उन्होंने भारत के युवाओं को 18 वर्ष की उम्र में मतदान का अधिकार देकर देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त करने में अहम भूमिका निभायी।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि स्व राजीव गांधी ने देश के विकास के लिए विजनरी योजनाओं की शुरूआत की।

इससे पूर्व चेशायर होम, बरियातु में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर रांची जिला के पार्टी पदाधिकारियों के साथ दिव्यांगजनों से मुलाकात की।

स्वास्थ्य विभाग की इस योजना पर खर्च होंगे 11 करोड़ रुपये

## हियरिंग स्क्रीनिंग से होगी नवजात के मूक-बधिर होने की जांच

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के सरकारी अस्पताल (सदर अस्पताल-चिकित्सा महाविद्यालय) में जन्म लेने वाले नवजात शिशु की मूक-बधिर जांच कराई जाएगी। इस योजना के संचालन के लिए ऑडियोलॉजिस्ट की सेवा आउटसोर्सिंग के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा। न्यूबॉर्न हियरिंग स्क्रीनिंग योजना के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 11 करोड़ 1 लाख 80 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है। बताते चलें कि राज्य में प्रतिवर्ष 8 लाख बच्चे जन्म लेते हैं। इनमें करीब 6 लाख बच्चों का जन्म सरकारी अस्पताल में होता है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में जनजातीय आबादी है, जिनकी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है। ऐसे में स्वास्थ विभाग के द्वारा मूक-बधिर स्क्रीनिंग की तैयारी है।

**18 हजार बच्चे बहरेपन और अन्य अनुषंगी समस्या से पीड़ित**

राज्य में कराए गए झारखंड विद्यालय स्वास्थ्य अभियान के क्रम में यह सामने आया है कि विभिन्न विद्यालयों के लगभग 18000 बच्चे बहरेपन और अनुषंगी समस्याओं से पीड़ित है। यह भी तथ्य प्रकाश में आया है कि नवजात शिशु की मूक-बधिर जांच की व्यवस्था नहीं होने के कारण बच्चों का मानसिक और भौतिक विकास प्रभावित हुआ है।

**ईएनटी विभाग के कर्मी और ऑडियोलॉजिस्ट को दिया जाएगा प्रशिक्षण :** उपकरण की आपूर्तिकर्ता द्वारा मशीनों के अधिष्ठापन के बाद संस्थान के ईएनटी विभाग के कर्मचारी और ऑडियोलॉजिस्ट को प्रशिक्षण दिया जाएगा। योजना का कार्यान्वयन प्रत्येक जिले के सिविल सर्जन और संबंधित चिकित्सा महाविद्यालय के अधीक्षक के माध्यम से कराया जाएगा।

राजधानी रांची स्थित सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस में जुटे देश के पर्वतारोही, कहा

## फतह के लिए जोश से अधिक आत्मविश्वास जरूरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**रांची।** राजधानी रांची स्थित सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस में रविवार को देश के 13 पर्वतारोहियों का जुटान हुआ। सभी ने अपने अनुभवों को साझा किया। पर्वतारोहियों ने कहा कि बात जीवन के एवरेस्ट की हो या वास्तविक एवरेस्ट की, यदि आप फतह हासिल करना चाहते हैं तो आप में जोश से ज्यादा जरूरी खुद पर भरोसे का होना है।

उन्होंने कहा कि मोटिवेशनल कहानियां सुनकर, वीडियो देखकर आप में एवरेस्ट फतह करने का जोश तो आ सकता है लेकिन इस सफलता के लिए आपका खुद पर भरोसा जरूरी है। सफलता तभी मिलती है जब भीतर आत्मविश्वास होता है। पर्वतारोहियों ने कहा कि अब तो एवरेस्ट फतह करने वालों की बाढ़ सी आ गयी है लेकिन इसमें अधिकांश को मौका नहीं मिलता। अब पर्वतारोहण के नाम पर पहाड़ गंदे हो रहे हैं। पहाड़ों के प्रति सम्मान में कमी आयी है। हमें इसका भी ध्यान रखना होगा।

इन पर्वतारोहियों में जैमलिंग तेनजिंग नोर्गे, मेघा परमार, अरुणिमा सिन्हा, सत्यरूप सिद्धांत, मनीषा वाघमारे, कुंतल जोइशर, अनुजा आनंद वैद्य, भगवान चावले, हेमंत गुप्ता, अदिती वैद्य, कर्नल रणवीर जामवाल, विनीता सोरेन, रुद्र प्रसाद हलधर, प्रियंका मोहिते, प्रेमलता अग्रवाल शामिल रहे।

उल्लेखनीय है कि साल 1953 में न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी और दार्जिलिंग के तेनजिंग नोर्गे ने एवरेस्ट पर फतह हासिल की थी। इस सफलता को आज 70 साल पूरे हो चुके हैं। इसी मौके पर रांची में एवरेस्ट समिट आयोजित किया गया। सीसीएल, साइबर पीस फाउंडेशन और आइडियेट इंस्पायर इग्नाइट फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम में पहली बार ऐसा हो रहा है, जब 13 पर्वतारोहियों ने एक मंच से अपने-अपने अनुभव साझा किए।


कोर्ट नोटिस

ब-अदालत
न्यायालय श्री अक्षत श्रीवास्तव, सब जज-IX रांची।
निष्पादन मुकदमा संख्या 32/2019
तारिफा देवी ......आवेदिका/डिग्रीधारी
बनाम
पंकज सहकारी गृह निर्माण समिति लिमिटेड ......प्रतिवादी/निर्णित ऋणी

नोटिस बनाम–
पंकज सहकारी गृह निर्माण समिति लिमिटेड के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष श्री दयाशंकर दुबे पिता स्व० श्री कमलापति दुबे कार्यालय पता लक्ष्मी नगर, रातु रोड हेहल, रांची एवं आवासीय पता ब्लॉक रोड, कांटाटोली, रातु, थाना–रातु, जिला–रांची (झारखण्ड)

बजरिये इस प्रकाशन नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद में आवेदिका/डिग्रीधारी ने आपके विरुद्ध उपरोक्त न्यायालय में निष्पादन मुकदमा सं० 32/2019 दायर किया है जिसमें पहले भी न्यायालय द्वारा आपको रजिस्ट्री एवं नोटिस भेजा गया था किंतु आप उपरोक्त वाद में उपस्थित नहीं हुए हैं।

अतः इस प्रकाशन नोटिस के माध्यम से आपको इत्तला किया जाता है कि दिनांक 11/09/23 को 10:30 A.M. बजे सुबह उपस्थित होकर स्वयं अथवा अपने विद्वान अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरुद्ध उपरोक्त वाद में एकपक्षीय आदेश निर्धारित कर दी जायेगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।

यह प्रकाशन नोटिस अदालत के मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से दिनांक 10/08/23 को जारी किया गया।

ह०/– सिविल जज
सीनियर डिवीजन–IX रांची
दिनांक 10/08/23


2009 में यशोदा के पति स्व दामोदर महतो ने जदयू से लड़ा था चुनाव, 2019 में यशोदा देवी लड़ चुकी हैं चुनाव

# बिहार के पूर्व सीएम कृष्ण वल्लभ सहाय भी डुमरी से लड़ चुके हैं चुनाव

### डुमरी में दस साल तक एक ही जाति का चुनाव में दबदबा

**कुबेर सिंह**

**रांची।** डुमरी विधानसभा का चुनाव अभी हॉट केक बना हुआ है। आंकड़े बताते हैं कि इस सीट पर आजादी के बाद हुए 1951-52 में कृष्ण वल्लभ सहाय ने चुनाव लड़ कर विधायिकी हासिल की थी। बाद में वे बिहार के सीएम भी बने थे। डुमरी विधानसभा सीट पर जातीय आधारित वोटिंग, प्रत्याशी और प्रचार एक अलग ही कहानी कहती है। डुमरी इसलिए भी चर्चा में रहा है, क्योंकि इस सीट से कुछ मतदान को छोड़कर लगातार एक ही जाति का विधायक रहना भी है। जानकार बताते हैं कि इस सीट पर पिछले 10 चुनाव से कुर्मी (महतो) जाति का ही कब्जा है। 1977 से लेकर 2019 तक यहां जितने भी विधायक बने हैं वे सभी कुर्मी ही रहे हैं। इस बार भी प्रमुख प्रतिद्वंदी कुर्मी जाति से ही हैं। हालांकि 1977 से पहले ऐसी स्थिति नहीं थी। यहां जब पहली दफा 1951-52 में चुनाव हुआ था, उस वक्त यह विधानसभा गिरिडीह सह डुमरी के नाम से जाना जाता था। चुनाव में दो विधायक चुने गए थे।

बताया जाता है कि 1951-52 के चुनाव में यहां जातीय बंधन को तोड़कर लक्ष्मण मांझी और कायस्थ जाति से आनेवाले कृष्ण बल्लभ सहाय (बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री) विधायक बने थे। 1957 में यह क्षेत्र गिरिडीह (अनुसूचित जाति) में चला गया और फिर दो विधायक चुने गये। एक हेमलाल प्रग्नेत तो दूसरे कामख्या नारायण सिंह थे। 1962 में डुमरी (अनुसूचित जाति) विधानसभा बना और उस वक्त हेमलाल प्रग्नेत विधायक बने। 1967 में यह सीट सामान्य हो गई और एस मंजरी विधायक निर्वाचित हुई। 1969 में मध्यावधि चुनाव हुआ और कैलाशपति सिंह विधायक बने। 1972 के चुनाव में कांग्रेस के मुरली भगत विजयी रहे।

**1977 से कुर्मी का परचम :** 1977 में डुमरी विधानसभा क्षेत्र में गिरिडीह का डुमरी प्रखंड के अलावा बोकारो का नावाडीह प्रखंड शामिल हो गया। 1977 के चुनाव में यहां के विधायक बने लालचंद महतो (जनता पार्टी), फिर 1980 और 85 में लगातार दो बार जेएमएम की टिकट पर शिवा महतो विधायक बने। 1990 में एक बार फिर से लालचंद महतो जीते। इस बार लालचंद जनता दल की टिकट पर विजयी हुए।

1995 के चुनाव में जेएमएम के शिवा महतो में तीसरी दफा जीत दर्ज की। वर्ष 2000 के चुनाव में लालचंद महतो जनता दल यू से खड़े हुए और जीत दर्ज की। वर्ष 2000 में जगन्नाथ महतो समता पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़े, लेकिन जदयू के लालचंद महतो ने उन्हें 6725 वोटों से हरा दिया था। 2005 के चुनाव में जगरनाथ महतो झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी बन राजद के उम्मीदवार लालचंद महतो को 18010 मतों से करारी शिकस्त दी। 2009 के चुनाव में झामुमो से एक बार फिर जगरनाथ महतो उम्मीदवार बने और जनता दल यू के दामोदर महतो को हराया।

**2014 में जगरनाथ ने की हैट्रिक :** लगातार दो बार जीत दर्ज कर चुके जगरनाथ महतो को लगातार तीसरी दफा झारखंड मुक्ति मोर्चा ने डुमरी से अपना उम्मीदवार बनाया। इस बार 2014 के चुनाव में जगरनाथ को भारी मत मिला। हैट्रिक लगा चुके जगरनाथ महतो वर्ष 2019 के चुनाव में एक बार फिर से झामुमो के प्रत्याशी बने। इस चुनाव में उन्हें 71128 मत मिले जो 2014 के चुनाव से कुछ कम था। 2019 के चुनाव में जगरनाथ ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी आजसू की यशोदा देवी को 34288 मतों से हराया।

# हर हर महादेव सेवा संघ की 22वीं भजन संध्या 28 अगस्त को, कल्पना पटवारी शिव भक्तों को झूमायेंगी

- अंतिम सोमवार को हर हर महादेव के जयघोष से गूंजेगा कालीमाटी रोड
- संघ के संस्थापक काले ने शहरवासियों से पधारने का किया अनुरोध

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



संवाददाता सम्मेलन में भजन संध्या की जानकारी देते अमरप्रीत सिंह काले।

**जमशेदपुर।** हर हर महादेव सेवा संघ द्वारासावन के अंतिम सोमवार को आयोजित होने वाली बहु प्रतिक्षित भजन संध्या आसन्न 28 अगस्त को भव्य रूप से होने जा रही है जिसमें देश की मशहूर लोक गीतों की गायिका कल्पना पटवारी आ रही हैं जो यहाँ इस मंच पर संघ के 22 सालों की यात्रा में तीसरी बार अपनी प्रस्तुति देंगी। विदित हो कि संघ सांस्कृतिक संरक्षण, विश्व कल्याण व सामाजिक सौहार्द्र के लिए पिछले 22 वर्षों से सावन महीने के अंतिम सोमवार को भजन संध्या का आयोजन कर रहा है।

आज संध्या संघ के संस्थापक अमर प्रीत सिंह काले ने पूरे कार्यक्रम का ब्योरा संवाद दाताओं से बातचीत में दी और बताया कि कार्यक्रम शाम 6:30 बजे से साकची गुरुद्वारा मैदान में शुरू हो जायेगा। उन्होंने श्रद्धांलुओं से अनुरोध किया कि समय से 15 मिनट पूर्व अपना स्थान अवश्य ग्रहण कर लें। परम्परागत ढंग से कार्यक्रम की शुरुवात जमशेदपुर के प्रसिद्ध कलाकार कृष्णा मूर्ति गणेश वंदना से करेंगे। उसके बाद कल्पना पटवारी अपनी पूरी गायन और वाद्य मंडली के साथ मंच पर पधारेंगी।

काले ने बताया कि पूरा कार्यक्रम पूर्व की भांति ही भव्य ढंग से आयोजित किया जाएगा। इसके लिए पूरे साकची गुरुद्वारा मैदान में पक्का पंडाल बन रहा है जहां श्रद्धालुओं के लिए बैठने के लिए कुर्सियां रहेंगी। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भोग प्रसाद, पेय जल भी उपलब्ध होगा। कालीमाटी रोड पर पंडाल के अलावे विद्युत साज-सज्जा, यातायात परिचालन ,अग्निशमन की विधिवत व्यवस्था रहेगी। श्रद्धालुओं के सहयोग के लिए स्वयं सेवकों की टीम मुस्तैद रहेगी। एहतियाती बंदोबस्त के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। यह कार्यक्रम भोले बाबा को पूरी तरह समर्पित रहता है। उम्मीद रहती है कि श्रद्धालु स्वतः स्फूर्त ढंग से आयोजन को सफल बनाने में पूरे अनुशासन के साथ अपनी सहभागिता देंगे।

**संघ रत्न सेवा अवार्ड की घोषणा 25 को :** हर हर महादेव सेवा संघ समाज में उल्लेखनीय सेवा प्रदान करने के लिए संघ रत्न सेवा अवार्ड प्रदान करता रहा है ।अवार्ड देने की परंपरा भी पिछले एक दशक से चली आ रही है। पूर्व के वर्षों में चिकित्सा क्षेत्र ,समाज सेवा, उद्यमिता, लोक गीत गायन, शिक्षा ,विकास, पत्रकारिता, रक्तदान ,खेलकूद ,बाल विवाह विरोध, जंगल रक्षा,पत्रकारिता, नारी शक्ति आदि के क्षेत्रों में योगदान के लिए डक्टर सिद्धू, डक्टर बी पी सिंह, डक्टर चंद्रशेखर झा ,आर के अग्रवाल ,हरि बल्लभ सिंह आरसी, राधेश्याम अग्रवाल , चामी मुर्मू, यमुना टुडू, विजय सिंह, लखबीर सिंह लक्खा, भरत शर्मा व्यास ,अरुणा मिश्रा , पद्मश्री छुटनी महतो, डा आरक़े. मिश्रा , प्रेमचंद, गणेश राव आदि को संघ रत्न सेवा अवार्ड दिया गया है। इस वर्ष संघ रत्न अवार्ड के नामों की घोषणा 25 अगस्त को की जाएगी।

### पास से मिलेगी कार्यक्रम में इंट्री

उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश निशुल्क होता है। इसके लिए श्रद्धालुओं को संघ द्वारा गेटपास वितरित किया जाता है और उसी पास के आधार पर प्रवेश नियंत्रित किया जाता है। श्रद्धालुओं से अपील है कि वे समय पर संध्या 6:30 बजे के पहले ही अपना स्थान ग्रहण कर ले। दर्शक दीर्घा में अगली कुछ पंक्तियां आरक्षित रहती हैं । श्रद्धालुओं से निवेदन है कि कार्यक्रम में व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपना पूर्ववत सहयोग प्रदान करें और पूरे आयोजन का उमंग और उल्लास के साथ आनंद लें तथा भोले बाबा की पा प्राप्त करें। फेसबुक और यू ट्यूब पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

## भारत में कंप्यूटर क्रांति के जनक थे राजीव गांधी : आनंद बिहारी



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी निर्देशानुसार टेल्को प्रखण्ड कांग्रेस के तत्वावधान में लक्ष्मीनगर फुटबॉल मैदान में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने नमन किया। जयन्ती समारोह सह विचार गोष्ठी कार्यक्रम का अध्यक्षता टेल्को प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी के हजारों दिन भारत में है जिसमें मुख्य रूप से हम सभी उन्हें कंप्यूटर जगत के जनक के रूप में जानते हैं। कार्यक्रम में सर्वश्री रियाजुद्दिन खान नागेन्द्र कुमार , श्यामसुन्दर प्रसाद , ज्योतिष यादव , एस पी सिंह, शतिसजी, श्रीराम पासवान , श्रवण साहिनी, टेल्को मन्डल अध्यक्ष देवाशीष, जेम्को मण्डल अध्यक्ष संजय कुमार, शामिल हुए।

## तुलसी महतो बामनगोड़ा दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष मनोनीत

**जमशेदपुर।** रविवार को स्थानीय ग्रामीणों की एक बैठक बामनगोड़ा दुर्गा पूजा मैदान में श्री केसी महतो की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से सार्वजनीन दुर्गा पूजा समित बामनगोड़ा की नई कमेटी गठित की गई। जिसमें तुलसी महतो को सर्वसम्मति से वर्ष 2023 के दुर्गा पूजा के सफल आयोजन हेतु अध्यक्ष चुना गया। इसके आलावे महासचिव पद पर राजू शर्मा को मनोनीत किया गया ।जबकि कोषाध्यक्ष के रूप में प्रवीर महतो एवं अंकीत झींगन का मनोनयन किया गया। इसके आलावे संरक्षक के रूप में केसी महतो , परमानंद सिंह, संतोष महतो , राजेश सिंह आदि का नाम प्रस्तावित किया गया। जिसे सर्व सम्मति से पारित किया गया। बताया गया कि शेष पदों पर आपसी विचार - विमर्श से जल्द ही मनोनयन कर लिया जाएगा। बैठक में केसी महतो , संतोष महतो, राम सागर तिवारी, भास्कर दास , निरंजन कुमार समेत भारी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया।

## गणेश पूजा पंडाल टेल्को का हुआ भूमिपूजन



**जमशेदपुर।** विघ्नहर्ता गणेश जी की पूजा को लेकर जमशेदपुर में तैयारी प्रारंभ हो चुकी हैं ।19 सितंबर को होने वाले गणेश पूजा को लेकर टेल्को स्थित बोंगो क्रिस्टी मैदान में 15 फीट गणेश पूजा पंडाल का भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। मुख्य यजमान के रूप में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार एवं पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमरजीत सिंह राजा उपस्थित हुए। पुरोहित के द्वारा पूरे विधि विधान से भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। भूमिपूजन करने पहुँचे दिनेश कुमार ने बताया कि टेल्को कोलोनी के युवाओं के द्वारा निरंतर कई वर्षों कमिटी के अध्यक्ष विकास शर्मा के नेतृत्व में भव्य गणेश पूजा पंडाल का निर्माण होता आ रहा हैं। साथ ही 15 फीट की गणेश जी की मूर्ति अलौकिक दिखती हैं। यहाँ की भव्य प्रतिमा पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय रखती हैं। टेल्को क्षेत्र के अलावा विभिन्न क्षेत्रों से इससे देखने भक्तगण आते हैं।

## निर्मल सेवा सदन में लगा आयुष्मान कार्ड निर्माण कैंप

**जमशेदपुर।** सावित्रीबाई फुले सेवादल के सौजन्य से आज रविवार को कदमा स्थित निर्मल सेवा सदन के प्रांगण में एक दिवसीय आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 78 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य राजेश भगत, चंदेश्वर ,अजीत कुमार भगत, रूपेश कुमार, अवधेश, विनय, विनोद , विद्यानंद यादव, संजय, पहलादी, रवि शंकर, सुनील कुमार शर्मा, रोहन एवं स्वामी विवेकानंद जनकल्याण के संस्थापक सदस्य अभिषेक दे एवं शिशिर कुमार दे ने अपना योगदान दिया।

# जिले की ब्रांड एंबेस्डर बनीं पद्मश्री छुटनी महतो

## डायन प्रथा अंधविश्वास के खिलाफ जन-जन तक पहुंचायेंगी संदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



सेमिनार का उद्घाटन करतीं पद्मश्री छुटनी महतो, डीसी व अन्य अतिथि।

**जमशेदपुर।** समाज में फैली डायन प्रथा जैसी कुरीति तथा नशा मुक्ति अभियान को लेकर सिद्गोड़ा टाउन हल में एकदिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री, पद्मश्री छुटनी महतो, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, कार्यशाला के वक्ताओं तथा उपस्थित पदाधिकारियों ने किया ।

कार्यशाला की शुरूआत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना फुलो झानो आशीर्वाद योजना का लाभ लेकर समाज में सुखद बदलाव की वाहक बनी मोनिका हांसदा एवं सात्रो हांसदा ने हड़िया-दारू बेचना छोड़कर कैसे समाज को नशामुक्त बनाने तथा स्वरोजगार से नई राह दिखाई है इससे हुई । सीओ बहरागोड़ा जीतराय मुर्मू ने संताली भाषा में उपस्थित जनसमूह को नशा के दुष्प्रभाव तथा डायन प्रथा को लेकर समाजिक में उत्पन्न होने वाली विसंगतियों से जनसमूह को अवगत कराया। बीडीओ डुमरिया साधुचरण देवगम ने 'हो' भाषा में गाये जागृति गीत से समाज को इन कुप्रथाओं के विरूद्ध आवाज दी तथा लोगों को डायन प्रथा के खिलाफ आवाज उठाने व नशामुक्ति के खिलाफ एकजुट होने का संदेश दिया। वीमेंस यूनिवर्सिटी की सहायक प्रोफेसर डॉ कविता सिंह, प्रीति, करीम सिटी कॉलेज से डॉ शीतल पांडेय व डॉ जाकिर अख्तर, राजेश कैवर्त ने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अपने विचार रखे तथा परिवार व समाज के रूप में व्यक्तिगत रूप से कैसे हम डायन प्रथा और नशा मुक्ति अभियान में अपना योगदान दे सकते हैं इसपर प्रकाश डाला। कार्यशाला में उपस्थित सदस्यों ने नशामुक्ति की शपथ लेकर सुसभ्य समाज बनाने का प्रण लिया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू ने कहा कि हम अपने आप में परिवर्तन नहीं कर सकते तो समाज नहीं बदल सकता। सभी पंचायत जनप्रतिनिधियों व ग्राम प्रधान से अपील किया कि लोगों को कुप्रथाओं के खिलाफ जागरूक करने तथा सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उनकी जीवन समृद्ध करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें जिससे वे पढ़कर जागरूक बनें और कुप्रथाओं के खिलाफ आवाज उठा सकें। इस मौके पर अपर उपायुक्त, एडीएम ल एंड अर्डर, डीसीएलआर, जिला योजना पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य उपस्थित रहें।

### छुटनी महतो ने सुनायी जब अपनी पीड़ा, तो भर आयीं आंखें

पद्मश्री श्रीमती छुटनी महतो ने डायन बताकर प्रताड़ित किए जाने से पद्मश्री से नवाजे जाने तक की अपनी जीवन यात्रा में डायन कुप्रथा के कारण व्यक्तिगत रूप से उन्हें किस तरह की मानसिक अवसाद से गुजरना पड़ा, समाज के रूप में इन कुरीतियें के खिलाफ हम कैसे विफल होते हैं इसपर अपनी भावनायें प्रकट की । उन्होने अपनी जीवन संघर्ष यात्रा को लेकर बताया कि कैसे भू-संपत्ति हड़पने के कारण उनके अपनों ने डायन कहकर प्रताड़ित करते हुए समाज से बहिष्त, मारपीट और कई वर्षों तक अपने गांव नहीं लौट पाने को मजबूर किया ।

### कुप्रथाएं समाज में समस्या उत्पन्न करती हैं : डीसी

जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त ने कहा कि सरकार चाहती है कि प्रत्येक ग्रामीण के बच्चे स्वस्थ रहें, अच्छी पढ़ाई करें, नौकरी लें अंधविश्वास और कुरीतियों की तरफ नहीं जायें। कुप्रथायें समाज में समस्या उत्पन्न करती हैं, नशापान से युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा, युवा पिछड़ रहे। इन सभी कुरीतियों के खिलाफ हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि एकजुट हों, जनजागरूकता लायें। समाज में बदलाव लाना तभी संभव है जब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे सकते हैं। माननीय मुख्यमंत्री, झारखंड की विशेष पहल पर राज्य में मुख्यमंत्री उत्ष्ट विद्यालय इस योजना के साथ शुरू की गई है कि समाज के पिछड़े वर्गों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले।

## सुंदर गार्डेन सोसायटी में सावन महोत्सव,ज्योति सावन क्विन घोषित



**जमशेदपुर।** सावन माह के पावन अवसर पर मानगो स्थित सून्दर गार्डन सोसायटी में महिलाओं के द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन सोसायटी परिसर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। सावन महोत्सव में भागमभाग, बैलेंस गेम्स, टैलेंट हंट का आयोजन किया गया एवं सभी महिलाओं ने मिलकर इस कार्यक्रम में उत्साह के साथ रैंप वक किया। इस अवसर पर सावन की कान्टेस्ट का आयोजन किया गया। सोसायटी की ज्योति सावन की चूनी गयी। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इसके बाद सभी ने मिलकर केक काटा। कार्यक्रम को सफल बनाने में रितू आर्या, सरीता सिंह, रंजना मिश्रा,नीतू तिवारी, विभा सिन्हा, रीचा सिंह, प्रिया शर्मा ने सहयोग किया।

# मानगो गांधी मैदान में भजन संध्या आज

## शहनाज अख्तर, देवी और छैला बिहारी के भजनों पर झूमेंगे भक्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



तैयार वाटर प्रूफ पंडाल का निरीक्षण करते संघ के संस्थापक नीरज सिंह व साथी।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की धरती में पहली बार आस्था के महासंगम में जय महाकाल सेवा संघ की ओर से मानगो गांधी मैदान में 21 अगस्त को होने वाले भजन संध्या में तीन भजन गायक जमशेदपुर में बाबा भोले के भक्तों को झुमाएंगे । इसके लिए मानगो गांधी मैदान पूरी तरह से सज धज कर तैयार है। भजन गायिका शहनाज अख्तर और देवी का शहर में आगमन हो चुका है और भजन गायक सुनील छैला बिहारी का आगमन कल सुबह होगा। संघ द्वारा साउंड, लाइट, मंच, एल ई डी, सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरे मैदान में कैमरा लगा दिया गया है।

जय महाकाल सेवा संघ के मुख्य संरक्षक नीरज सिंह ने कहा की यह मानगो समेत पूरे जमशेदपुर के लोगों के लिए यादगार भजन संध्या होगा। जब एक मंच से देश और विदेश में अपने भजनों का लोहा मनवाये तीन भजन गायक एक मंच से भजन की प्रस्तुति करेंगे। इस भजन संध्या में चार चांद लगाने के लिए साउंड और लाइट अपरेटर कोलकाता से जमशेदपुर पहुंच गए हैं।

## हां, मैने मंत्री के अश्लील विडियो को सोशल मीडिया पर किया था वायरल : विकास सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



साइबर थाने में पूछताछ के बाद भाजपा नेता विकास सिंह।

**जमशेदपुर।** कुछ माह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के अश्लील वीडियो के वयरल होने के मामले में रविवार के दिन भाजपा नेता विकास सिंह को जमशेदपुर के साइबर थाने में बुलाकर पूछताछ किया गया। साइवर थाना के थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार मंडल एवं पुलिस अवर निरीक्षक दीपक कुमार ने लगभग आधे घंटे तक भाजपा नेता विकास सिंह से कई बिंदुओं में सवाल जवाब किया। साइबर थाना के द्वारा विकास सिंह से पूछा गया कि अपने फेसबुक आईडी से स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के अश्लील वीडियो को वायरल किया था क्या ? विकास सिंह ने हां किया था अशलील वीडियो कहां से मिलने के सवाल पर विकास सिंह ने कहा कि उन्हें वीडियो न्यूजविंग समाचार चौनल से मिला था वीडियो वायरल करने के कारण के संबंध में पूछे गए सवाल पर उत्तर देते हुए भाजपा नेता विकास सिंह ने कहा कि एक क्षेत्रीय न्यूज चैनल के द्वारा जो वीडियो वायरल किया गया था वह वीडियो स्क्रीन रिकर्डिंग वीडियो था और साइबर थाना के एक्सपर्ट्स के साथ-साथ सारे इंजीनियर्स भी अच्छी तरह से जानते हैं की स्क्रीन रिकर्डिंग कभी भी एडिट या बनावटी नहीं हो सकता है। स्क्रीन रिकार्डिंग वाला वीडियो पूरी तरह 100 प्रतिशत सही और शुद्ध रहता है इसलिए एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने जनप्रतिनिधि की अच्छाई और बुराई आम जनता के बीच रखना जो सभी लोगों का कर्तव्य है वही कर्तव्य को हमने वीडियो वायरल करके पूरा किया है ।

## साउथ इस्टर्न रेलवे के एजीएम पहुंचे टाटानगर, किया निरीक्षण



**जमशेदपुर।** साउथ ईस्टर्न रेलवे के एजीएम अनिल कुमार दुबे पहुंचे टाटानगर जहां पर उन्होंने कंबाइंड टू लोधी सेकंड एंट्री पार्सल डायमंड क्रसिंग इत्यादि कई जगहों का निरीक्षण किया जिसके बाद वाह अधिकारियों के साथ भी बैठक करने के बाद सीकेपी के लिए निकले। दो दिवसीय दौरे पर एजीएम पहुंचे हैं जहां पर आज रविवार को उन्होंने टाटानगर स्टेशन का निरीक्षण किया। उसके बाद दोपहर के बाद वे चक्रधरपुर के लिए निकल जाएंगे जहां पर का निरीक्षण करेंगे। एक्शन करने के बाद सीकेपी डीआरएम अधिकारियों के साथ भी बैठक करने के बाद सोमवार को देर रात जमशेदपुर यानी टाटानगर पहुंचेंगे।

# योग करने वाले शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से रहते हैं फिट : प्रभात कुमार

सरकार योगा एकेडमी का सिल्वर जुबिली समारोह संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



योग प्रतियोगिता में पुरस्कृत छात्र-छात्राएं।

**जमशेदपुर।** योग के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बना चुके कदमा के सरकार योगा एकेडमी ने आज साकची रविन्द्र भवन में सिल्वर जुबिली समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर अतिथि के रुप में मौजूद जिले के एसएसपी प्रभात कुमार, कोल्हान विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ. शुक्ला मोहंती, टाटा स्टील के पूर्व डिप्टी एमडी डॉ टी मुखर्जी, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, योगसना एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह तथा एलिट स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के निदेशक निशांत दयाल सहित अन्य ने समारोह का उद्घाटन किया। इस दौरान अलग-अलग श्रेणी तथा दो दिनों तक चले जिला योग प्रतियोगिता के लगभग 350 प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। अपने संबोधन में एसएसपी ने कहा कि योग करनेवाले न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक रुप से भी फिट रहते हैं। इसलिये रोग से बचने के लिये सभी को प्रतिदिन इसके लिये समय निकालना चाहिये और कम से कम एक घंटा जरुर परिश्रम करना चाहिये। मौके पर डॉ शुक्ला मोहंती ने कहा कि योग न सिर्फ हमारे शरीर को स्वस्थ्य रखता है। मौके पर एकेडमी के कई विद्यार्थियों को पुरस्त किया गया, जिसमें योगा लवर्स एवार्ड, एकेडमी के पुराने विद्यार्थी, बेस्ट हेल्पिंग हैंड अफ एकेडमी, अनुशासित विद्यार्थी तथा एकेडमी के आज्ञाकारी विद्यार्थी 2023 शामिल है।

## खबर एक नजर में

### आज सामूहिक जलाभिषेक यात्रा, शाम में बनारस की तर्ज पर महाआरती



**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर समिति सिद्गोड़ा की ओर से पवित्र श्रावण मास के तृतीय सोमवार को आयोजित होने वाले सामूहिक जलाभिषेक यात्रा को लेकर सूर्य मंदिर समिति ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। जलाभिषेक यात्रा की सफलता एवं भव्यता के लिए सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह समेत तमाम पदाधिकारी एवं सदस्यगण पूरी तन्मयता से जुटे हैं। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक रंग-बिरंगे लाइटों के साथ कोलकाता के कलाकारों द्वारा फूलों से सजाया गया है। मंदिर के आसपास एवं मंदिर मार्ग के विभिन्न रूट में केसरिया ध्वज एवं रंग बिरंगी लाइटों की विधुत सज्जा की गई है। जलाभिषेक यात्रा के लिए सोमवार को प्रातः 6 बजे से श्रद्धालु बारीडीह हरि मंदिर मैदान में एकत्रित होंगे जहां स्वर्णरेखा नदी में 11 सदस्यीय पंडितों के समूह द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलाभिषेक का संकल्प कराया जाएगा। जलाभिषेक यात्रा में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह के संग शहर के कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। जलाभिषेक यात्रा में भक्तिमय संगीत, विशालकाय शिवलिंग, आकर्षक झांकी के साथ बुलडोजर से पुष्पवर्षा की तैयारी की गई है। यात्रा में घोड़ा एवं हाथों में विशाल केसरिया ध्वज लिए युवाओं का समूह यात्रा के सबसे आगे रहेंगे। वहीं, सुरक्षा के पहलू पर सूर्य मंदिर समिति की ओर से स्वर्णरेखा नदी में नाव पर 4 गोताखोर एवं यात्रा में 2 एम्बुलेंस के साथ 5 जगहों पर आपात स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम तैनात की गई है।

### डूरंड कप में जमशेदपुर एफसी की युवा टीम 6-0 से हारी



**जमशेदपुर।** डुरंड कप 2023 में ग्रुप बी के आखिरी मैच में मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब के खिलाफ जमशेदपुर एफसी को 6-0 से करारी हार का सामना करना पड़ा। युवा खिलाड़ियों ने आई-लीग टीम को कड़ी टक्कर दी लेकिन अंत में असफल रहे। खेल के 10वें और 16वें मिनट में मोहम्मडन एससी के लालरेमसांगा फनाई के शुरुआती गोल ने युवा टीम को तगड़ा झटका दिया। हालंकि जमशेदपुर की युवा टीम ने बराबरी करने का प्रयास किया। जमशेदपुर एफसी की युवा टीम ने मोहम्मडन के हमलों को रोकने की कोशिश की, लेकिन 28वें मिनट में डेविड लालह्लानसांगा के एक और गोल ने मोहम्मडन एससी को पहले हाफ तक 3-0 की बढ़त दिला दी। डेविड ने मैच के 69वें, 82वें और 89वें मिनट में तीन और गोल किए जिससे उनकी टीम को 6-0 से आसान जीत मिली। स्टील के युवा खिलाड़ियों ने कुछ शानदार किए, जिसमे मोहित सिंह धामी को श्रेय जाता है। दूसरे छोर पर एशले कोली के हमले ने सांत्वना गोल की उम्मीद जगाई, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली और मोहम्मडन ने गेम अपने नाम कर लिया।

### महिला सशक्तिकरण पर सेमिनार का आयोजन



**जमशेदपुर।** रविवार 20 अगस्त को टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से रजक समाज जमशेदपुर के द्वारा आयोजित 'समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में , महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता ' पर एकदिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रजक समाज के अध्यक्ष श्री अजय रजक ने की। कार्यक्रम में टाटा स्टील फाउंडेशन की श्रीमती अनिता चौधरी मौजूद रहीं। सेमिनार में रजक समाज जमशेदपुर के सभी शाखा के पदाधिकारी एव करीब 500 महिलाएं उपस्थित थीं। समाज के वक्ताओं ने महिला को बिना सशक्तिकरण किए समाज का विकास संभव नहीं है। साथ ही उपस्थित महिलाओं को प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले और फातिमा शेख के संघर्ष को बताया। साथ ही कानूनी हक संविधानिक रूप दिलाने बाबा साहब के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में महामंत्री अशोक चौधरी, शिव रजक, धनंजय लाल, अशोक रजक , गोपाल प्रसाद ,अमित रजक, राजेश रजक, रामलाल रजक,अनुराधा चौधरी, उभ्रा देवी, दुर्गा देवी आदि सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे। मंच का संचालन बिमल रजक ने किया।

### शिव सिर्फ नाम के नहीं, अपितु काम के हैं गुरु : दीदी बरखा आनंद



**गम्हरिया।** शिव शिष्य हरिन्द्रानंद फाउंडेशन सरायकेला-खरसावां की ओर गम्हरिया स्थित श्रीराम डिवाइन एकेडमी प्रांगण में एक दिवसीय शिव शिष्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ प्रातः भजन के साथ किया गया जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित दीदी बरखा आनंद ने भगवान शिव की अपार गुणों का बखान किया। उन्होंने कहा कि शिव सिर्फ नाम के नहीं अपितु काम के गुरु हैं।

### स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने पूर्व पीएम राजीव गांधी को किया नमन



**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कदमा स्थित कांग्रेस कार्यालय में आधुनिक भारत के रचयिता, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत, जननेता, देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न राजीव गाँधी जी के जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें शत शत नमन किया। इस अवसर पर श्री गुप्ता के सहयोगी कांग्रेस कार्यकर्ता भी उपस्थित थें।

### टाटा स्टील ट्रेनिंग सेंटर के कैडेटों ने 14 पदक जीते

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ट्रेनिंग सेंटर के कैडेटों ने 4 से 6 अगस्त तक साहेबगंज में आयोजित प्रथम झारखंड राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस चौंपियनशिप 2023 के दौरान 14 पदक जीते। 12 स्पर्धाओं में विभिन्न आयु वर्गों में प्राप्त पदकों में छह स्वर्ण, एक रजत और 7 कांस्य शामिल हैं। हमारे टाटा स्टील प्रशिक्षण केंद्र के कुल 24 कैडेटों जिनमें 14 लड़के और 10 लड़कियां शामिल थीं।

## स्पीड न्यूज

### मिशन समृद्धि ने किया निःशुल्क रोटी का वितरण



**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था द्वारा संचालित समृद्धि की रोटी अभियान के तहत निरंतर जरूरतमंदों के बीच अपनी सेवा देने के प्रयास में लगी रहती है। भोजन वितरण के साथ -साथ कपड़ों का वितरण भी किया जाता रहा है जिसके लिए हम पूरी टीम नागरिकों का सम्मान करते हैं। दोना पत्तल दातून बेचने वालों बच्चों, रिक्शाचालकों तथा शनि मंदिर के आसपास सबों के बीच भोजन का वितरण किया गया। बैजन्ती गुप्ता शिल्पी गोस्वामी रंजीता ऋषि सबों के सराहनीय योगदान से ही यह कार्य सम्पन्न हो पाता है।

### कांग्रेस पार्टी शिक्षा विभाग ने मनाई स्व राजीव गांधी की जयंती

**मेदिनीनगर।** चतरा जिला के सिमरिया इंटर कॉलेज में कांग्रेस पार्टी शिक्षा विभाग के द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की जयंती मनाई गई । जयंती समारोह में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी शिक्षा विभाग के स्टेट चेयरमैन एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्याम नारायण सिंह ने कहा कि राजीव गांधी एक दूरदर्शी नेता थे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कई ऐसे कार्य किए जिससे देश को 21वीं सदी की ओर बढ़ने में आसानी हुई। स्व राजीव ने देश को एक मजबूत अर्थव्यवस्था प्रदान किया एवं नई-नई प्रौद्योगिकी का विकास कर औद्योगिकीकरण को नई गति प्रदान की। युवाओं के वोट देने की सीमा 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी क्योंकि वे युवाओं को अपना जन प्रतिनिधि चुनने और एक जिम्मेदार नागरिक बनाने की चाह रखते थे। मौके पर कमख्या सिंह, रविन्द्र नाथ चौबे, धनंजय सिंह, गणेश रवि, राहुल सिंह, रंधीर सिंह, मो. अरशद, मिथिलेश प्रसाद, प्रमोद तुरी, बाल्मिकी यादव आदि लोगों ने अपने विचार वक्त किये।

### वैश्य समाज को मजबूत बनाने के लिए जल्द होगा प्रदेश कमिटी गठित



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के केंद्रीय मंत्री सह झारखंड प्रभारी डा विजय प्रकाश, वैश्य नेता देवेंद्र प्रसाद गुप्ता, श्याम बिहारी राय, रास बिहारी गुप्ता , अधिवक्ता शशि भूषण, शिव शंकर अकेला, युगल किशोर शरण, मनीष, डा विजय प्रकाश ने कहा कि अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड प्रदेश को सशक्त बनाने के लिए जल्द प्रदेश कमिटी की घोषणा की जायेगी। लातेहार के बालूमाथ निवासी स्व राजेंद्र साव के निर्मम हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार मृतक के परिजन को मुआवजा व परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करे। मौके पर देवेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि मेदिनीनगर समेत पूरे झारखंड में खास महाल के भूमि को फ्री होल्ड किया जाये। निगम क्षेत्र में 6.22 एकड़ जमीन में 1896 लीज धारक हैं। हर 30 सालों में लीज नवीकरण कराना है। जमीन का लीज नवीकरण 3.19 लाख रूपेय प्रति डिसमिल आवासीय, 6.38 लाख रूपेय व्यवसायिक दर रखा गया है। उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर निगम क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है। सरकार व जिला प्रशासन फेज टू जलापूर्ति योजना का क्रियान्वयन कराये ताकि लोगों को पानी आपूर्ति सहजता से कराया जा सके।

### बकरी व्यापारी से लूटपाट, आरोपी गिरफ्तार

**नावाबाजार पलामू।** नावाबाजार पुलिस ने बकरी व्यापारी अरबाज आलम के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम देने के एक अप्राथमिकी आरोपी राकेश कुमार तिवारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नावाबाजार थाना दीपक कुमार दास ने बताया कि राजहरा के बकरी व्यापारी अरबाज आलम चैनपुर थाना क्षेत्र के पूर्वडीहा, बोकेया आदि गांवों में बकरी खरीदने गया था। इसी दौरान पूर्व के युवक के द्वारा अरबाज से पैसे की मांग किया गया। आरोप है कि पैसा नहीं देने से नाराज युवक ने अपने दो साथियों के साथ नावाबाजार थाना क्षेत्र के चेचन्हा में एक बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने बकरी व्यापारी अरबाज आलम से 51000 और उसके भाई दस हजार रुपए लूट लिया। घटना की जानकारी मिलते ही नावाबाजार पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी राकेश कुमार तिवारी को लूट के कुछ पैसों के साथ गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी दीपक कुमार दास ने बताया कि इस घटना में शामिल तीन अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

### वाईजेके स्टूडेंट फेडरेशन ने की जीएलए कॉलेज के प्राचार्य से मुलाकात



**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने जिला उपाध्यक्ष कृष्णा यादव के नेतृत्व में जीएलए कॉलेज के प्राचार्य आई जे खलखो से मिलकर छात्रों की समस्या से अवगत कराया और पहल करने की मांग की। यूजी सेमेस्टर 1 डिपार्टमेंट के परीक्षा परिणाम में त्रुटि को लेकर प्राचार्य का ध्यान आकृष्ट कराया गया। जिला सचिव मोहित साहू ने कहा कि जूलॉजी सेमेस्टर 1 के परीक्षा परिणाम में कुछ त्रुटि है। कुछ विद्यार्थियों को अनुपस्थित कर अनुतीर्ण कर दिया गया है यह समस्या पूर्व में भी हुई थी जिससे खिलाफ हमने आवाज उठाया था और इसके फल स्वरुप कुछ विद्यार्थियों के रिजल्ट में सुधार किया गया था। विकास मेहता ने कहा कि एक बार आवाज उठाने के बाद भी समस्या दूर नहीं हुई।

### जिप प्रतिनिधि व सांसद प्रतिनिधि ने किया विद्यालय का निरीक्षण

**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय, डाली व मध्य विद्यालय माली का शुक्रवार को जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह ,सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र प्रसाद सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डाली विद्यालय में मिली कई खामी को ठीक करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने बच्चो से मिलकर मध्यान भोजन के बारे में जानकारी प्राप्त किया। जिसमे सुधार करने का दिशा निर्देश दिया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह से विद्यालय के तीन कमरे में छत से पानी टपकना,शौचालय से पानी की निकासी व साफ सफाई का मुद्दा उठाया। जिसे संबधित अधिकारियों से मिलकर समस्या के समाधान कराने का आश्वासन पार्षद प्रतिनिधि सिंह दिया है वही मध्य विद्यालय माली का निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से मिली जानकारी के बाद विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव जो तीन वर्ष से ज्यादा हो गया है। इस संबंध में यथाशीघ्र चुनाव कराने की बात कही।

## केसरिया गुलमोहर अमृत महोत्सव का प्रतीक : अरुणा शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** शहर के ऐतिहासिक गांधी उद्यान में प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने केसरिया गुलमोहर का पौधारोपण करते हुए कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव जिसका अधिकारीक यात्रा 12 मार्च 2021 को शुरू हुई थी जो हमारे स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के साथ 15 अगस्त 2023 को समाप्त हो गई। रविवार को ऐतिहासिक गांधी मैदान में शहर वासी 75 केसरिया गुलमोहर को लगाकर आजादी के अमृत महोत्सव का साक्षी बने हैं जो हम सबों के लिए गौरव की बात है। प्रथम महापौर ने गांधी उद्यान योग संस्थान को विशेष बधाई देते हुए कहा कि जैसे पलामू चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा राजा हरिश्चंद्र घाट की देखरेख किया जा रहा है उसी तरह योग संस्थान एवं यहां के वार्ड पार्षद प्रदीप अकेला,अमिताभ मिश्रा, ललन गुरुजी एवं साथियों द्वारा गांधी मैदान की व्यवस्था देखी जा रही है जिसके चलते गांधी उद्यान की सर्वत्र चर्चा है। इस अवसर पर लायंस क्लब द्वारा डायबिटीज पेसेंट की जांच एवं ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाई गई तथा अल्पाहार की व्यवस्था शहर के चर्चित प्रसिद्ध मिष्ठान भंडार राधे-राधे के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने उन सभी लोगों से अनुरोध किया, जिन्होंने पौधे लगाए हैं वे पौधों का देखरेख 1 वर्ष तक करें ताकि आजादी के अमृत महोत्सव में लगाए गए केसरिया पौधे गांधी उद्यान के खूबसूरती के साथ इतिहास बन सके। लायंस क्लब के अध्यक्ष आलोक माथुर ने प्रथम महापौर अरुण शंकर को केसरिया गुलमोहर पौधा बाहर से मंगा कर उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रदीप कुमार अकेला, लायंस क्लब के अध्यक्ष आलोक माथुर, रूपेश कुमार, संजय, नवीन गुप्ता, समीर खन्ना, रजत कपूर, सत्य सिंह, अनवर, सुधीर अग्रवाल, रितेश कुमार एवं काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थें।

## पलामू में लो हाईट सबवे निर्माण का रेलवे बोर्ड से जल्द स्वीकृति : बिष्णुदयाल राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सांसद विष्णु दयाल राम

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के बाद पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत क्रमशः लालगढ़, पंजरीकला, डाली, कजरात नावाडीह, लहर बंजारी, बहेरा (पलामू जिला) एवं सोनपुरवा, अहिरपुरवा (गढ़वा जिला) में वित्तीय वर्ष 2023-2024 में कार्य को स्वीकृत करने हेतु रेलवे बोर्ड नई दिल्ली को प्रस्तावित किया गया है। विदित है कि उपरोक्त स्थानों पर जनता को आवागमन में हो रही कठिनाईयों को देखते हुए सांसद के द्वारा वर्ष 2014 से ही विभिन्न स्तरों पर पत्राचार, संसदीय मंडल स्तर की बैठकों, लोकसभा में शून्य काल एवं नियम 377 के तहत उक्त मामले को उठाया गया था तथा केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर जनता को आवागमन में हो रहीं कठिनाईयों से अवगत कराया था। सांसद राम के अनुरोध पर रेल मंत्री ने वर्ष 2023-2024 में कार्य को स्वीकृत करने का निर्देश रेलवे बोर्ड को दिया है। उम्मीद है कि बहुत जल्द उक्त स्थानों पर लो हाईट सबवे (एलएचएस) निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। उपरोक्त स्थानों पर एलएचएस निर्माण होने से जनता को आवागमन में हो रहीं कठिनाईयों से निजात मिलेगा।

### कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 69वीं जयंती

## आधुनिक भारत के निर्माता व युवाओं के प्रेरणाश्रोत थे राजीव : बिट्टु पाठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू कांग्रेस जिला कार्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 69 वी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तस्वीर पर फूल माला अर्पित किया और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया ।इस अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक तथा संचालन अजय साहू ने की। विचार गोष्ठी में लक्ष्मी नारायण तिवारी, विनोद तिवारी, मिथलेश सिंह, रूद्र शुक्ला, ईश्वरी सिंह, इंदु भगत, राहुल दुबे, राजेश चौरसिया आदि लोगो ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में शामिल कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के आदर्श जीवन एवं देश सेवा पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि भारत रत्न राजीव गांधी देश के युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत एवं आधुनिक भारत के निमार्ता थें। स्व राजीव ने भारत एक विकसित राष्ट्र बने युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए सूचना एवं तकनीकी के क्षेत्र में क्रांति लाया। वे दूरदर्शी सोच और महान व्यक्तित्व के धनी थे । देश के विकास में उनके द्वारा जो कार्य किया गया है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता राष्ट्रीय शिक्षा नीति, पंचायती राज व्यवस्था, जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना की। मौके पर नसीम खान, सुरेश पाठक, ओम प्रकाश अमन, सिद्धनाथ गुप्ता, जितेंद्र कमलापुरी, अजय साहू, राजेश चौरसिया, मुन्ना खान, सोनू खान, मिथिलेश सिंह , बागेश्वर पांडेय, विश्राम दुबे, कृष्ण मणि दुबे, शहजाद अली, रविंद्र कुमार, शहनाज खान, नितेश पासवान, सूर्यांश प्रताप सिंह समेत कई कांग्रेसी शामिल थे।

### पांकी विधायक ने किया दुकान निर्माण कार्य का शिलान्यास

## दुकान मिलने से व्यवसायी करेंगे बेहतर व्यवसाय : डॉ शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पीतांबर पलामू।** अस्पताल प्रबंधन समिति नीलांबर पितांबरपुर के तत्वधान में अस्पताल से सटे अस्पताल के भूमि बनने वाले लगभग 25 दुकान का शिलान्यास पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता, प्रखंड प्रमुख सुनील कुमार पासवान, विधायक प्रतिनिधि लाला प्रसाद यादव व अस्पताल प्रबंधन समिति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर किया। मौके पर पांकी विधायक डॉ मेहता ने कहा कि दुकान निर्माण के बाद दुकानदारों को दुकान आवंटित कर दिया जायेगा। दुकान मिलने से व्यवसायी बेहतर ढंग से व्यवसाय कर सकेंगे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि लाला प्रसाद यादव ने कहा कि दुकान बन जाने से अस्पताल प्रबंध समिति को प्रति माह लाखों रुपए की आमदनी होगी। जिससे वैसे गरीब मरीजों को लाभ मिलेगा जिन्हें समय से एंबुलेंस समेत अन्य सुविधा का लाभ नहीं मिल पाता है। चिकित्सा प्रभारी डॉ राजीव रंजन ने दुकान निर्माण के निर्णय को विधायक की दूरदर्शी सोच का होना बताया। उन्होंने कहा कि इस परिसर के बाहर दुकान बन जाने से जहां एक और बेरोजगारों को रोजगार मुहैया होगी वहीं दूसरी और अस्पताल प्रबंधन को दुकान से किराए के रूप में मिलने वाले पैसे से गरीब मरीज को काफी सहूलियत होगी। पूर्व विधायक प्रतिनिधि लाला प्रसाद यादव और व्यवसाय संघ के नेता छोटेलाल सोनी ने आयुष्मान भारत में पूरे राज्य में प्रथम आने के लिए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और डॉक्टर अरुण कुमार को शॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर बच्चन ठाकुर , बजरंगी प्रसाद, बीपीएम राजकुमार सिंह, मोहम्मद शाकिर, अनिल कुमार गिरी, निलेश कुमार पांड, समाजसेवी कमेश यादव, मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव,विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव,सुजित राम, रंजय ठाकुर, रौसन सिंह, देवराज साव, दिलीप मेहता, मिथलेश पासवान, कुराईनपतरा पंचायत के मुखिया पुनम देवी, पति विरेंद्र चंद्रवंशी, चेंबर अध्यक्ष छोटे लाल सोनी, समाजसेवी अजय पासवान, जितेंद्र मेहता,अमारिक भुइयां,रजंय भुइयां, नवलेश मेहता, संतोष यादव, पिंटू यादव, अरविंद मेहता समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### नागपंचमी पर्व को लेकर निकली जलयात्रा

**मोहम्मदगंज पलामू।** मोहम्मदगंज जपला मुख्य पथ में प्रखंड अंतर्गत भजनिया पोटो गांव स्थित नागबाबा मन्दिर में नागपंचमी के अवसर पर पूजा अर्चना के लिए रविवार को भव्य जलयात्रा निकाली गई। जलयात्रा में हजारों की संख्या में नर नारी श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जल से भरे कलश को श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में स्थापित किये। इस मौके पर पुजारी मिंटू शर्मा, अरविंद शर्मा, अरुण,रीना के अलावा शानू सिंह, काशी पाडेय सहित कई लोग शामिल थे।

### पूर्व उपमुखिया के घर के सामने खड़ी बाइक की चोरी, मामला दर्ज

**नावाबाजार।** बसना पंचायत के पूर्व उपमुखिया मुकेश कुमार की बाइक चोरी हो गई। इस संबंध में भुक्तभोगी मुकेश कुमार नावाबाजार थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। मुकेश कुमार ने बताया कि शनिवार की रात करीब नौ बजे घर आया था। घर के बाहर बाइक लगाकर घर के अंदर चला गया। खाना खा ही रहा था कि उसकी मां ने बताया कि बाहर बाइक नहीं है। जब मुकेश बाहर आया तो बाइक गायब था। नावाबाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास ने बताया कि मुकेश कुमार के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। मुकेश कुमार के बाइक का नंबर जेएच 03 एस 4458 है।

## श्रावणी झूलन मेला में पहली बार लोग देखेंगे जापानी टोरा : लवकुश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के कोयल नदी तट पर स्थित श्रावणी झूलन मेला काफी वर्ष पुरानी है। जो पारंपारिक रूप से प्रत्येक वर्ष लगते आ रहा है। यह मेला श्रावण मास में ही प्रत्येक वर्ष आयोजकों द्वारा लगाया जाता है। जिसका जिलेवासियों का बेसब्री से इंतजार रहता है। इस मेला में बच्चों के साथ ही साथ महिला, पुरूष व बुजूर्गों के लिए मनोरंजन की भी व्यवस्था की जाती है। जिसका लुत्फ लोग प्रत्येक वर्ष श्रावण माह में उठाते हैं। इस श्रावणी झूलन मेला की गरिमा को बनाये रखने के लिए इस वर्ष आयोजक लवकुश के द्वारा लगाया गया है जो कि पूर्व में यह मेला खुले रूप से संचालित किया जाता था जिसमें लोगों के बीच सुरक्षा को लेकर भय व्याप्त रहता था। इस संबंध में प्रेस वार्ता कर लवकुश कुमार ने बताया कि श्रावणी झूलन मेला के पंरपरा को बरकरार रखते हुए इस वर्ष खुला मेला न लगाकर चार दीवारी के अंदर सभी दुकानों व मनोरंजन के संसाधनों को समाहित किया गया है। जहां पर सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी लगाये गये हैं। साथ ही निजी सुरक्षा गार्ड एवं वोलेंटियर को लगाया गया है। साथ ही मेला के अंदर लगे विभिन्न प्रकार के दुकानों में कई राज्यों के निर्मित सामानों की खरीदारी निर्भिक होकर कर सकें। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला को डिजनी लैंड का रूप दिया गया है। इस मेला में जिलेवासी पहली बार जापानी टोरा का आनंद उठायेंगे। वहीं ब्रेक टावर, नौका, झूला, जादूगर, मौत का कुआं समेत अन्य मनोरंजन के साधन लगाये गये है। उन्होंने कहा कि इस मेला में बिहार, बंगला, उत्तर प्रदेश, झारखंड समेत अन्य प्रदेशों के व्यवसायियों द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षक दुकान लगाये गये हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पूरे देश के सभी मेला एवं डिजनी लैंड से श्रावणी झूलन मेला में सबसे कम दर पर लोगों को मनोरंजन का संसाधन उपलब्ध कराया गया है। इस मौके पर व्यवस्थापक सुनील कुमार, मुख्य संरक्षक मथुरा प्रसाद समेत अन्य शामिल थें।

### स्व अमित व्यवहारिक व सामाजिक थे : अर्जुन पांडेय



**मेदिनीनगर।** तोलरा निवासी शहीद अमित तिवारी ने पलामू का नाम गौरवान्वित किया है। विप्र परिवार की शहादत का गौरवशाली इतिहास का शहीद अमित तिवारी जीवंत प्रमाण बन गये। यह कहना है राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी का। मेदिनीनगर के रेड़मा स्थित प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी द्वारा आयोजित शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर युवा वाहिनी के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने शहीद की आत्मा के लिए प्रार्थना की गई। मौके पर राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश संरक्षक अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि विप्र परिवार में अमित तिवारी का समाजिक एवं व्यवहारिक सक्रियता समाज सुधारक रहा है। शहीद अमित का युवाओं को जगाना, गांव का विकास करना, धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव अनुकरणीय है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने बताया कि तोलरा निवासी अमित तिवारी की शहादत झारखंड सरकार के लिए एक सबक है। झारखंड सरकार के द्वारा नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला कर नक्सलीयों को समाप्त करना ही अमित तिवारी की सच्चा श्रद्धांजलि है। शोक सभा में युवा वाहिनी के सदस्यों ने भरोसा दिया कि युवा वाहिनी परिवार सदैव शहीद परिवार के साथ है। मौके पर प्रदेश संरक्षक आशीष, नवीन, कृष्णकांत चौबे, सत्यकेतु संजय, शैलेश, आशुतोष, राकेश, लल्लू,रवि पिंकू,अमित, आशीष अदंभ, गोरख पाठक, चंदन, संजीत, भास्कर, रिंकू तिवारी, संजय, विकास दूबे, विक्रांत त्रिपाठी, दिलीप तिवारी, मुन्ना दूबे, राकेशू, राधेश्याम तिवारी, पार्षद विवेकानंद त्रिपाठी, अमिताभ मिश्रा, रमेश शुक्ला, बिकेश शुक्ला, अजय शुक्ला, ओम तिवारी, छोटू त्रिपाठी समेत कई सदस्य मौजूद थे।

## पूर्व एफएसी अध्यक्ष ब्रजेश ने जिला कृषि पदाधिकारी को लिखा पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर के पूर्व एफएसी अध्यक्ष ब्रजेश कुमार पांडेय ने जिला कृषि पदाधिकारी को पत्र लिखकर चैनपुर प्रखंड में किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष पद के चुनाव में पीपरा बीटीएम संजय कुमार पर अनाधिकृत रूप से उपस्थित रहकर चुनाव प्रभावित करने का आरोप लगाया है। श्री पांडेय ने कृषि पदाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि 17 अगस्त को चैनपुर प्रखंड में किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष का चुनाव की तिथि तय की गयी थी। जिसमें प्रखंड किसान सलाहकार समिति के सदस्य, प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद सदस्य व एटीएम की उपस्थिति में अध्यक्ष पद के चुनाव हेतू बैठक व चुनाव प्रक्रिया की जा रही थी। उक्त चुनाव प्रक्रिया में पीपरा बीटीएम संजय कुमार अनाधिकृत रूप से उपस्थित होकर एक खास उम्मीदवार जिसके मकान में वे रहते हैं उन्हें लाभ पहुंचाने का कार्य करने लगे। जब इनसे पूछा गया कि आप यहां किस हैसियत से आये हैं तो उन्होंने बताया कि मुझे जिला मुख्यालय से पर्यवेक्षक के रूप में नामित कर भेजा गया है। जब उनसे इस बावत पत्र दिखाने की बात कही गई तो वे नहीं दिखा पाये। जिला कार्यालय से संपर्क करने पर पता चला कि जिला से कोई पत्र निर्गत नहीं किया गया है। बीटीएम संजय पीपरा अतिरिक्त प्रभार छतरपुर प्रखंड से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहकर चैनपुर प्रखंड का कार्य प्रभावित किया गया। संजय दो दो प्रखंड के बीटीएम के प्रभार में रहने के बावजूद अपने प्रखंड में न जाकर दूसरे प्रखंड में राजनीति करने पहुंच गये। संजय अपने प्रखंड में नहीं रहकर दूसरे प्रखंड में दिखते हैं इससे स्पष्ट है कि जिला मुख्यालय द्वारा इन्हें संरक्षण प्राप्त है। एटीएम रंजीत कुमार द्वारा चुने गये नये सदस्यों में से कोई भी इस सदस्य की अहर्ता पूर्ण नहीं करते हैं। पांडेय ने जिला कृषि पदाधिकारी से इस मामले में निष्पक्ष जांच कर पीपरा बीटीएम संजय कुमार पर कार्रवाई की मांग की है।

### जन वितरण प्रणाली दुकान से लूंगी साड़ी व धोती वितरण प्रारंभ

**मोहम्मदगंज पलामू।** सोना सोबरन योजना के तहत प्रखंड के लटपौरी गांव स्थित लक्ष्मी सहायता समूह जन वितरण प्रणाली दुकान में कार्डधारी लाभुको के बीच लूंगी,साड़ी व धोती का वितरण जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह,बीस सूत्री अध्यक्ष जियाऊदीन खान,मुखिया उमेश राम के द्वारा किया गया। इस मौके पर पंचायत सचिव राजू पासवान सहित लाभुक उपस्थित थे।

### कांवरियों का जत्था बाबा धाम देवघर के लिए हुआ रवाना



**सतबरवा पलामू।** पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता के निजी सहायक बच्चन ठाकुर, जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, धावाडीह पंचायत की मुखिया रिंकी देवी, सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, राणा प्रताप कुशवाहा, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा, अशोक यादव ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर लोहरा पोखरी के शिव मंदिर प्रांगण से बाबा धाम देवघर के लिए कांवरियों के जत्थे को रविवार को रवाना किया। मौके पर बच्चन ठाकुर ने कहा कि कांवरिया देवघर जाकर अपने समेत पांकी विस क्षेत्रवासियों के बेहतरी की कामना करें। मौके पर जिप सदस्य सुधा कुमारी ने कहा कि बाबा के दरबार में सौभाग्यशाली लोग ही पहुंचते हैं। वहीं थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने कहा कि आप सभी कांवरियों का यात्रा मंगलमय हो।

## शिक्षा के साथ बच्चों की प्रतिभा की पहचान करना सराहनीय कार्य : प्रथम महापौर अरूणा शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** पलामू जिला प्राइवेट स्कूल डायरेक्टर्स एसोसिएशन के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन नगर निगम की प्रथम महापौर अरूणा शंकर, प्रथम उप महापौर मंगल सिंह, एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा, सचिव विमल कुमार व अन्य ने दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर जिले के विभिन्न निजी विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि अरूणा ने कहा कि निजी विद्यालय में पढ़नेवाले बच्चों को सिर्फ शिक्षा ही नहीं बल्कि उन्हें संस्कारयुक्त शिक्षा दी जा रही है। इसके साथ ही बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा का आकलन विद्यालय के शिक्षकों एवं प्रबंधक के द्वारा किया जाता है। उन बच्चों के प्रतिभा को उनके अनुरूप सांचे में ढालने का काम निजी विद्यालयों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने एसोसिएशन को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी साधुवाद के पात्र हैं कि धनोपार्जन के उद्देश्य को छोड़कर गांव घर के गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चों को एक बेहतर शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। शंकर ने कहा कि यही सब कारण है कि आज पूरे विश्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का डंका बज रहा है। इतना ही नहीं पूरे विश्व में भारत का लोकतंत्र सबसे ज्यादा मजबूत है। जहां पर देश के बच्चे समेत सभी पुरूष व महिला को समान अधिकार दिया गया है। उन्होंने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये देशभक्ति नृत्य व संगीत की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के अंदर देशभक्ति की भावना से समाज को मजबूती प्रदान होता है। विशिष्ट अतिथि प्रथम उप महापौर मंगल सिंह ने कहा कि निजी विद्यालयों के संचालक जो तप कर रहे हैं वह किसी तपस्या से कम नहीं है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र ने कहा कि एसोसिएशन में शामिल विद्यालय के प्रबंधकों का यह प्रयास रहता है कि बच्चों को उन्नत शिक्षा, संस्कार व सामाजिक दायित्व का बोध कराते हुए एक सभ्य नागरिक बनाने का प्रयास किया जाता है। इस मौके पर ग्रेट लाईफ पब्लिक स्कूल हैदरनगर, पटेल रमण उच्च विद्यालय शाहपुर, ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर, कैलाश कुसुम पब्लिक स्कूल बैरिया, केदाल देवी पब्लिक स्कूल लेस्लीगंज, रेड रोज पब्लिक स्कूल शाहपुर, एभीपी पब्लिक स्कूल लेस्लीगंज समेत अन्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति संबंधित नृत्य संगीत एवं एकल गीत प्रस्तुत किया गया।

स्पीड न्यूज

## चोरी का लोहा लदा वाहन पकड़ाया

**कुमारधुबी।** गुप्त सूचना के आधार पर कुमारधुबी ओ पी के एसआई वसीम अनवर खान ने कुमारधुबी चौक में चिरकुंडा से गोविंदपुर की ओर जा रही टाटा मैजिक संख्या जेएच 10बीटी 5083 को पकड़ लिया। गाड़ी में कुमारधुबी फिजिकल कल्चर क्लब से चोरी का लोहा लदा हुआ था। वही पुलिस को देख वाहन चालक विष्णु देव पासवान भगाने का प्रयास कर रहा तभी पुलिस दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस वाहन एवं चालक को गिरफ्तार कर ओपी ले गई। चोरी का लोहा लेकर टाटा मैजिक चिरकुंडा से गोविंदपुर की ओर जा रही हैं उसी सूचना पर कार्रवाई की गई है। वही चालक विष्णु देव पासवान और वाहन मालिक इकबाल हुसैन उर्फ मौलवी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## बारीडारी पंचायत में खुला बालवाड़ी केंद्र

**बेरमो/गोमिया।** सुमित्रा स्मारक सेवा संस्थान द्वारा बारीडारी पंचायत तिरला गांव में 19 वां बालवाड़ी केन्द्र का उद्घाटन उप मुखिया आशा देवी द्वारा फिता काट कर किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से वार्ड सदस्य सीता देवी, देवनती, विना, सकुन्तला, निराशो, सोनिका, गुड़ियाए पूनमए आरतीएममता उपस्थित थे।

## मिथिला अकादमी में अलंकरण समारोह

**बोकारो।** मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल में आयजित अलंकरण समारोह में विद्यालय की 45 सदस्यीय छात्र परिषद का गठन किया गया। इस अवसर पर सभी सदस्यों को अलंकृत भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य अशोक कुमार पाठक ने की। विद्यालय की हेड गर्ल के रूप में अदिति कुमारी तथा हेड बॉय मोहम्मद सयम सैफ चुने गए। डिप्टी हेड गर्ल के रूप में हंसा कुमारी, डिप्टी हेड बॉय के रूप में आशीष गोराई, अनुशासन प्रमुख गणेश कुमार एवं मुस्कान कुमारी, क्रीड़ा कप्तान अंजू कुमारी एवं उप कप्तान श्रीधा कच्छप, सांस्कृतिक कप्तान मान्या कुमारी एवं उप कप्तान एकता कुमारी, साहित्यिक कप्तान करुणा कुमारी एवं उप कप्तान सुरभि चौधरी चयनित हुए।

## एसवीएम में बुजुर्गों के सम्मान पर कार्यक्रम

**बोकारो।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित दादा-दादी, नाना नानी सम्मान समारोह का उद्घाटन पूर्व प्राचार्य शिवकुमार सिंहए अभिभावक प्रमिला देवी, मिहिर कुमार सिंह एवं प्राचार्य रण सुमन सिंह ने किया। मौके पर प्राचार्य रण सुमन सिंह ने कहा कि आज भारतीय परिवेश में पारिवारिक संस्कृति एवं मूल्यों का क्षरण तेजी से हो रहा है। कार्यक्रम में भैया-बहनों ने अपने दादा-दादी, नाना-नानी एवं माता-पिता का सम्मान तिलक लगाकरए माला पहनाकर एवं आरती उतारकर किया। इस हृदयस्पर्शी दृश्य को देखकर सभी भाव विभोर हो गए। मंच संचालन दशम की बहन अदिति सिंह एवं दिव्या सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन भौतिकी आचार्य बलराम ने किया।

## घटियारी गांव से 10 वर्षीय बालक लापता

**बेरमो।** चंद्रपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत घटियारी पंचायत के लतबेधी टोला निवासी लालचंद मरांडी के 10 वर्षीय पुत्र किशन मरांडी 19 अगस्त को अपने गांव से गुम हो गया। हालांकि परिजनों ने स्थानीय थाना को बच्चे की गुम सुदगी की जानकारी दे दी है। परिजनों ने बताया कि बालक ब्लू रंग का शर्ट और काले रंग का ट्राउजर पहना है। वह लाल रंग की छोटी साइकिल लेकर घर से निकला था। परिजनों ने आम लोगों से अपील की है कि बच्चा के मिलने पर कृपया थाना को सूचित करें।

## बीएसएल कर्मियों ने ली भावनात्मक एकता की शपथ

**बोकारो।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी के जन्म दिवस पर सद्भावना दिवस के उपलक्ष्य में बीएसएल कर्मियों ने सद्भावना एवं भावनात्मक एकता की शपथ ली। इसमें बीएसएल के अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन राजन प्रसाद के नेतृत्व में शपथ ली गई।

# धनबाद में अवैध लोहा कारोबारी की चांदी बीसीसीएल का लोहा बेच कमा रहे करोड़ों

### बीसीसीएल का लोहा बेच कर गोल्डन बना रहा है सोना

**बिनोद रजक**

**धनबाद/कतरास।** कोयलांचल में भारत की मिनी रत्न कंपनी बीसीसीएल अवैध कारोबारियों के लिए सोने का अंडा देने वाला मुर्गी साबित हो रही है। एक ओर जहां इन दिनों अवैध कोयले के व्यापार से धनबाद की बाजार गुलजार हो रहा है, वहीं दूसरी ओर बीसीसीएल के विभिन्न कोलवरियों में पड़े हुए लाखो टन स्क्रैप अवैध लोहा कारोबारियों के लिए सोने का अंडा देने वाली मुर्गी साबित हो रही है।

### अधिकारी और सीआइएसएफ की मिलीभगत से चल रहा कारोबार

धनबाद जिले के कई थाना क्षेत्रों में अवैध लोहा गोदाम का संचालन दिन के उजाले में धड़ल्ले से किया जा रहा है, लेकिन ना तो पुलिस कार्रवाई करती है और ना ही सीआईएसएफ, जबकि बीसीसीएल अपनी संपत्ति की रक्षा करने के लिए सभी कोलयरी क्षेत्र में सीआईएसएफ की नियुक्ति की है। जिसे प्रतिमाह करोड़ों रुपए वेतन के रूप में बीसीसीएल भुगतान करती है, इसके बावजूद भी बीसीसीएल की संपत्ति की रक्षा नहीं हो पा रही है। एक बात तो साफ है कि इतने बड़े लोहे के अवैध साम्राज्य को चलाने के लिए बीसीसीएल के अधिकारी सीआईएसएफ और स्थानीय पुलिस प्रशासन की सहभागिता के बिना संभव नहीं है।


ठेले से बीसीसीएल का लोहा पहुंचाया जा रहा गोदाम।

### दिन के उजाले में हो रहा अवैध कारोबार

धनबाद अनुमंडल के जोगता थाना क्षेत्र में नौशाद उर्फ शौकत के द्वारा दिन के उजाले में धड़ल्ले से लोहा का अवैध कारोबार किया जाता है। शौकत के द्वारा भी सारा माल गोल्डन के गोदाम में गिराया जाता है। मदईडीह मे राजु, केंदुआ मे पारस,गोधर मे कल्लू मिंया,बनियाहील मे सुनील सिंह के अलावा धनुडीह, पाथरडीह मे भी अवैध लोहा गोदाम का संचालन किया जाता है ,और यह सभी लोग अपना सारा अवैध लोहा बरवाअड्डा एनएच कांटा स्थित गोल्डन के गोदाम में देते हैं। जहां अवैध लोहा बेचकर कारोबारी मालामाल हो रहे हैं वही बीसीसीएल को हर महीना करोड़ों के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

### क्षेत्र में संचालित अवैध लोहा गोदाम

बाघमारा अनुमंडल में चर्चित लोहा कारोबारी बसंती के मौत के बाद उसका बेटा अतुल गोदाम का संचालन कर रहा है पहले एक गोदाम हुआ करता था ,अब कतरास थाना क्षेत्र में अतुल के द्वारा 3 गोदाम का संचालन किया जा रहा है। अतुल के द्वारा सारा अवैध लोहा बरवाअड्डा स्थित एनएच कांटा के बगल में गोल्डन के गोदाम में गिराया जाता है। वही महुदा थाना क्षेत्र में प्रदीप खवास एवं भाटडीह ओपी क्षेत्र में कल्लू खान के द्वारा अवैध लोहा कारोबार का संचालन किया जाता था और यह लोग सारा माल हनुमान सिंह को देते थे, लेकिन ग्रामीणों के द्वारा अवैध लोहा कारोबारी कल्लु खान की पिटाई के बाद फिलहाल भाटडीह और महुदा में अवैध लोहा का कारोबार पर बिराम लगा है। वही मधुबन थाना क्षेत्र में भूली के गुड्डू और राजू के द्वारा अवैध लोहा गोदाम का संचालन किया जा रहा है। यह लोग भी सारा माल बरवाअड्डा के गोल्डन के गोदाम में गिराते हैं। तोपचांची थाना क्षेत्र के मतारी में वसीम के द्वारा मस्जिद के पीछे अवैध लोहा गोदाम का संचालन किया जा रहा है वसीम भी अपना सारा अवैध लोहा गोल्डन को देता है। बरोरा थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर में सन्नी नामक युवक के द्वारा अवैध लोहा गोदाम का संचालन किया जा रहा है पिछले दिनो टेंपो में ब्लोक-2 से अवैध लोहा ले जाते वक्त बाघमारा पुलिस ने टेंपो सहित अवैध कारोबारी को पकड़ कर जेल भी भेजा था। सन्नी के द्वारा भी सारा अवैध लोहा गोल्डन के गोदाम में गिराया जाता है। हरिहरपुर थाना क्षेत्र के आजाद नगर में मो रोउफ और लाल बाबा के द्वारा अवैध लोहा गोदाम का संचालन किया जा रहा है जहां से सारा अवैध लोहा गोल्डन के गोदाम में गिराया जाता है। राजगंज थाना क्षेत्र में रामदास तिवारी एवं मैरा कुली में काजल के द्वारा अवैध लोहा गोदाम का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है।

## ट्रक की चपेट में आने से बीसीसीएल कर्मी की मौत


पीबी एरिया पुटकी में शव रख कर मुआवजे की मांग करते परिजन।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पुटकी।** पुटकी थाना क्षेत्र के करकेन्द मोड़ पर ट्रक न0 बीआर 44 जिए 4475की चपेट मे आने से मोटरसाइकिल न0 जेएच10 एएन 5975 पर सवार बीसीसीएल कर्मी की हुई मौत मृतक का पहचान सुरेंद्र पासवान उम्र लगभग 52 वर्ष परिजनों के अनुसार सुरेंद्र पासवान पूटकी भागाबान्ध कोलियरी मे गार्ड के पद पर कार्यरत था।जो रात्रि ड्यूटी कर अपने घर भूली ई ब्लॉक वापस अपने घर जा रहा था।तभी ट्रक के चपेट में आ गया जिससे धटना स्थल पर ही मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही पूटकी थाना प्रभारी रासविहारी लाल अपने दल बल के साथ धटना स्थल पर पँहुचे।तब तक ग्रामीणों ने आनन-फानन में ईलाज के लिये कुस्तोर बीसीसीएल अस्पताल के गये।जहां डॉक्टरों ने मृत धोषित कर दिया।वही करकेन्द मोड़ में ग्रामीणों ने एन एच 32 मुख्य मार्ग धनबाद बोकारो ओर कटरस को जाम कर दिया।और मुआवजे नियोजन की मांग कर सड़क पर बैठ गये।वही पुलिस के समझाने पर सड़क जाम को हटाया।ओर पुटकी पीबी एरिया महाप्रबंधक कार्यालय में शव को रख कर मृतक के परिजनों को मुआवजा ओर नियोजन को लेकर मांग करने लगे।वही स्थानीय पुलिस के मदद से बीसीसीएल प्रबंधक से वार्ता कर मृतक के परिजन को नियोजन ओर मुआवजा की सहमति बनी।

## अवैध कोयले के व्यापार को लेकर दो पक्षों में झड़प, 7 घायल



**कतरास।** धमार्बांध ओपी में ग्रामीणों ने हो हंगामा किया है।शनिवार की रात्रि अवैध कोयला गाड़ी लगाने को लेकर ग्रामीण और कोयला व्यवसाययों के गुर्गे से भिड़ंत हो गया था। जिसमें ग्रामीणों की ओर से दो लोग घायल हो गए थे, जिनका इलाज निश्चितपुर नर्सिंग होम और एक का इलाज धनबाद के एसएनएमएमसीएच में चल रहा है।इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने धर्मा बांध ओपी में आकर को हंगामा किया। इसके बाद ग्रामीण धमार्बांध ओपी क्षेत्र में चल रहे माइंस को बंद करने के लिए निकल पड़े। इसके बाद दोनों तरफ से पुलिस के सामने ही झड़प हो गई। मौके पर धमार्बाद ओपी प्रभारी एवं सोनारडीह प्रभारी तथा मधुबन थाना प्रभारी मौजूद थे। इस झडप में ग्रामीणों की ओर से लगभग सात लोग घायल हो गए हैं। पुलिस के सामने ही गोली चल रही थी, मारपीट हो रहे थे, लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनकर खड़ी थी। समाचार लिखे जाने तक धर्मा बांध के ग्रामीण धमार्बाद ओपी का घेराव कर बैठे हुए हैं।

## सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट बनाने का विरोध

### 76 करोड़ के प्लांट स्थल का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झरिया।** धनबाद जिला का पहला और झारखंड राज्य का दूसरा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट झरिया के बोर्रागढ़ मैगजीन घर व आवादी वाले क्षेत्र में बनाने का स्थानीय लोगों ने किया विरोध। रविवार को बोर्रागढ़ के लोगों ने निर्माण स्थल पर प्लांट का विरोध किया।

प्लांट लगभग 76 करोड़ रुपये की लागत से बोर्रागढ़ सीआईएसएफ कैम्प के समीप सुरेंद्र कॉलोनी स्थित घने जंगल में बनाया जाएगा।. इस उद्देश्य से धनबाद नगर निगम व रेमकी कंपनी के अधिकारी क्षेत्र का निरीक्षण करने बोर्रागढ़ पहुंचे। अधिकारियों के आने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी नगर निगम द्वारा डंपिंग करने वाले चिह्नित स्थान पर पहुंच. लोगों ने डंपिंग यार्ड बनाए जाने का खुल कर विरोध किया।

### वरीय अधिकारियों से सुनायी समस्या

धनबाद नगर निगम के अधिकारियों से स्थानीय लोगों की तीखी बहस होने लगी। मामला बढ़ता देख नगर निगम के अधिकारियों ने वरीय अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद अपर नगर आयुक्त महेश्वर महतो, सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार बोर्रागढ़ पहुंचे व ग्रामीणों को समझाया। अपर नगर आयुक्त ने कहा कि जगह नगर निगम को हस्तांतरित किया जाना है।यहां सिर्फ कचरों का डंपिंग यार्ड नहीं, बल्कि 76 करोड़ रुपये खर्च कर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट बनाया जाएगा।कचरों को डंप कर प्रोसेसिंग यूनिट में कन्वर्ट किया जाएगा। इसमें मजदूरों की भी आवश्यकता होगी, जिससे रोजगार भी उपलब्ध होगा।

### आम जन व मैगजीन घर पर खतरा

उन्होंने जानकारी दी कि झारखंड के रांची में पहला प्लांट प्रस्तावित है, दूसरा झरिया में बनाया जाएगा. इसके लिए डोर टू डोर उठाए जाने वाले कचरों को डंप कर प्रोसेसिंग होगी। यही समझाने के लिए हम लोग यहां आए हैं. वरीय अधिकारियों के समझाने के बावजूद स्थानीय लोग खुल कर विरोध कर रहे है। लोगों ने कहा कि आसपास कॉलोनियां हैं, घनी आबादी के बीच कचरों को डंपिंग करने नही दिया जाएगा। बगल में ही बीसीसीएल का मैगजीन घर है ।अगर आग लग गई तो जानमाल का नुकसान की भी आशंका है। घने जंगलों को नष्ट नहीं होने दिया जाएगा।

## एक नजर में

### उत्कृष्ट कार्य के लिए माहुरी वैश्य मंडल कतरास को मिला प्रथम स्थान



**कतरास।** माहुरी वैश्य मंडल कतरास को उत्कृष्ट एवं सामाजिक कार्यों में अपनी सेवा देने के लिए प्रथम स्थानमिला है। बताते चलें की रविवार को गिरिडीह महामंडल के द्वारा आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक जो तुलसी वेंकटेश सभागार में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महामंडल के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने समाज में उत्कृष्ट सेवा करने पर कतरास माहुरी वैश्य मंडल को प्रथम स्थान के रूप में शील्ड देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में 42 मंडलों के पदाधिकारी शामिल हुए थे। मौके पर माहुरी वैश्य मंडल कतरासगढ़ के सचिव नीरज गुप्ता ने कहा कि यह सम्मान उत्कृष्ट कार्य करने पर मिला है इस सम्मान के लिए समाज के बंधुओ का भारी योगदान रहा है । यह सम्मान उनको समर्पित है। मौके पर समाज के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार गुप्ताए उपाध्यक्ष शालिनी सेठए सचिव नीरज कुमारए कोषाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ताए संगठन मंत्री दिलीप गुप्ताए अधिवक्ता शत्रुघ्न राम गुप्ताए विकास गुप्ता आदि मौजूद थे।

## कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के लिए दिया आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** रविवार को धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में धनबाद प्रखंड के पूर्व प्रमुख भानु प्रताप,जिला परिषद सदस्य कुमारी रूपा सहित सैकड़ों लोगों ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर से प्रदेश कार्यालय में मिलकर कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का आवेदन दिया।मौके पर झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष लक्ष्मण तिवारी उपस्थित थे। मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि धनबाद प्रखंड के पूर्व प्रमुख भानु प्रताप,जिला परिषद सदस्य कुमारी रूपा सहित सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस में शामिल होने के लिए अपना आवेदन दिया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी का स्वागत किया एवं उक्त सभी को पार्टी में शामिल कराने की सहमति दी।आगे श्री सिंह ने कहा कि धनबाद जिला के टाउन हॉल में आगामी 11 सितंबर को कांग्रेस पार्टी का महामिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित होगी,जिसमें प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर,ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने उक्त कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर अपनी सहमति जताया।

## सिंदरीवासियों को मिलेगा आवास, व्यवसाय और शिक्षा

**सिंदरी।** कभी धनबाद और बोकारो को धन का लाभ दे चुकी एफसीआइएल सिंदरी पुनः सौंदर्यीकरण कर सुंदरी के रुप में तब्दील होने जा रही है। एफसीआइएल ओएसडी सुरेंद्र सिंह शेखावत के स्वतंत्रता दिवस के भाषण से इसका लाभ पुनः सिंदरी से लेकर पूरे धनबाद लोकसभा क्षेत्र को मिलने जा रहा है। इस आदेश से पिछले 21 वर्षों से वैध आवास के लिए महरुम रहे सिंदरीवासियों को आवास तो मिलेगा। इसके साथ ही बीआईटी सिंदरी, आइआइटी आइएसएम धनबाद सहित मेडिकल यूनिवर्सिटी के बनने से आनेवाले देश के नौनिहालों का भविष्य भी सुधर जाएगा।

### सिंदरी प्रबंधन ने पहचान पत्र देने को कहा

प्रबंधन से रिश्ता रखने वाले कर्मचारियों के रिश्तेदारों, व्यवसायियों, ठेकेदारों, पत्रकारों और अधिवक्ताओं सहित कई अन्य प्रकार से संबंधित सिंदरीवासियों को आवास योजना में शामिल कर रही है। सिंदरी प्रबंधन ने एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट पत्र जारी कर इसमें अपने पहचान पत्र देने को कहा है।

## फोटोग्राफर्स एसो. ने लगाया रक्तदान शिविर



बोकारो। बोकारो डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन और रेड क्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में 41 यूनिट रक्त का दान किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष जयंत कुमार ने कहा कि हमारी संस्था हर वक्त सामाजिक कार्यों में आगे रहती है। संस्था के सचिव उमेश कुमार ने बताया कि रक्तदान दुनिया का सबसे बड़ा दान है और यह हर व्यक्ति को करना चाहिए। संस्था के कोषाध्यक्ष आरजू ने कहा कि खुशी की बात यह है कि इसमें सिर्फ संस्था के सदस्य ही नहीं उनका पूरा परिवार भी रक्तदान करता है। रेड क्रॉस सोसाइटी के डॉक्टर यू मोहती, राजकुमार, जोगिंदर सिंह, ब्रह्मदेव, सचिन, मोजीबा और सिस्टर सेलीन का योगदान सराहनीय रहा । रक्तदान कार्यक्रम मे संजय शर्मा, जयंत कुमार, उमेश शर्मा, आरजू, चंदेश्वर कुमार पंडित, उपेंद्र कुमार, गुंजा कुमारी, संगीता कुमारी, सरिता कुमारी, तान्या पंडित, मानसी पंडित, बिट्टू पांडे, दीपक कुमार, दिलीप कुमार, नरोत्तम रजवार, परवेज, भागीरथ, विजय कुमार, श्रीकांत, रोहित, निखिल, संतोष, दिनेश, सुनील कुमार, विशु, कपिल, विक्की सहित अन्य सदस्यों ने रक्तदान किया।

## चिन्मय विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया 47वां स्थापना दिवस

**बोकारो।** स्थानीय चिन्मय विद्यालय का 47वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यालय के तपोवन सभागार में आयोजित समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि चास एसडीओ दिलीप प्रताप सिंह शेखावत सहित चिन्मय मिशन, बोकारो की आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती, विद्यालय अध्यक्ष विश्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष आरएन मल्लिक एवं प्राचार्य सूरज शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि एसडीओ श्री शेखावत ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा करते हुए अभिभावकों एवं छात्रों से पढ़ाई एवं खेलकूद के अलावा सभी को करिकुलर एक्टिविटी में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस नए जमाने के अनुसार व्यक्तित्व का विकास आवश्यक है।

## बोकारो संयंत्र में नियोक्ताओं के लिए कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के कार्मिक विभाग द्वारा प्लांट के पंजीकृत प्रमुख नियोक्ताओं के लिए आयोजित प्रस्तुतिकरण कार्यक्रम में बीएसएल के प्रमुख नियोक्ता, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष तथा संबंधित अधिकारी और कार्मिक विभाग के वरीय अधिकारियों सहित बतौर विशिष्ट अतिथि उप मुख्य श्रम आयुक्त केंद्रीय आनंद कुमार, क्षेत्रीय श्रम आयुक्त मनीष कुमार शंकर, सहायक श्रम आयुक्त राघवेंद्र कुमार कुरारिया और श्रम प्रवर्तन अधिकारी बोकारो दुर्गा प्रसाद बारिक मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरम्भ में सीजीएम हरि मोहन झा ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि चूंकि प्रमुख नियोक्ताओं से संबंधित विभिन्न अनुपालन यथा पीई प्रमाण पत्र में संशोधन अन्य रिपोर्ट, रिटर्न आदि अब ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जाना है। इसलिए इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रमुख नियोक्ताओं को ऑनलाइन प्रणाली और संबंधित प्रक्रियाओं से अवगत कराना थाए ताकि लागू अधिनियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। विशिष्ट अतिथि आनंद कुमार ने अपने उद्बोधन में भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के डिजिटलीकरण पहल का उल्लेख करते हुए श्रम सुविधा पोर्टल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस सिस्टम को लागू करने में उनके कार्यालय सहयोग रहेगा।

## दो बाइक की भिड़ंत में चार युवक घायल

बेरमो। चार नम्बर मुख्य मार्ग के विनोद बिहारी महतो फुटबॉल ग्राउंड करगली के समीप दो बाइक की आमने-सामने सिधी भिड़ंत हो गई जिसमें चार युवक घायल हो गए। तत्काल घायलों को केंद्रीय अस्पताल ढोरी लाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा घायलों का उपचार किया गया। घटना का संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एक बाइक पर कुरपनिया निवासी साहिल कुमार सवार होकर फूसरो की ओर आ रहे थे। वही दूसरी बाइक पर सवार तीन युवाक आलोक कुमार महतो, नवीन कुमार महतो और सूरज कुमार मेहता फुसरो से करगली गेट की ओर जा रहे थे। इसी दौरान दोनों की आपस में भिड़ंत हो गई और चारों घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को सीसीएल ढोरी सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने देश में लायी थी संचार क्रांति

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिंदरी।** देश को संचार क्रांति की ओर अग्रसर करनेवाले पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व राजीव गांधी की 79 वीं जन्मदिवस सिंदरी काँग्रेस नगर कमेटी ने रविवार को सिंदरी इंटक कार्यालय में सद्भावना दिवस के रुप में मनाया। अध्यक्षता कर रहे नगर अध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि सभी धर्म, भाषा और क्षेत्र के लोगों के बीच राष्ट्रीय एकीकरण और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए सद्भावना दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी ने संचार क्रांति, कंप्यूटर क्रांति, शिक्षा का व्यापक प्रसार और 18 साल के युवाओं को मताधिकार, पंचायती राज सहित कई साहसी कदम उठाए। उन्होंने अपने कार्यकाल में असम, पंजाब और मिजोरम समझौता को अंजाम दिया था। सद्भावना दिवस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नरेंद्र कुमार शर्मा, अंगरा हित दुबे, आर प्रभाकर, जिला कांग्रेस महासचिव अजय सिंह, सियाकांत दुबे, विदेशी सिंह, हरिश्चंद्र दुबे, पूर्णेन्दु सिंह, मनोज घोष, सरदार योगेंद्र सिंह, ओम प्रकाश, सत्येंद्र सिंह, मनोहर श्रीवास्तव, एस के सिंह, शैलेश पंडित, मो हकीम, त्रिलोचन बनर्जी, धर्मेंद्र कुमार, विजय कुमार सोरेन, संतोष कुमार, गौरव गुप्ता, चंद्र विजय सिंह, अवध मिश्रा, ब्रिज भूषण दुबे, विजय कुमार ठाकुर, विजय कुमार सिंह, मंतोष कुमार सहित छात्र छात्राएं शामिल थे।

### झरिया कांग्रेस ने राजीव गांधी की मनायी जयंती

झरिया। झरिया नगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रत्नेश यादव के नेतृत्व मेंदर्जनों कांग्रेस जनों की उपस्थिति में भारत रत्न देश के सबसे युवा पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी जी की 79वीं जयंती धर्मशाला रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में उनके तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रत्नेश यादव, शमशेर आलम, मुख़्तार खान, जिला महा सचिव अशोक बरनवाल, प्रमोद सिंह चंद्रवंशी, भोला नाथ सिंह, मनोहर राजवार, भगवान दास, पिंटू तुरी, निसार अहमद, मो फैज रिजवी, मीर फिरोज आलम, सोनू साह, बीरेंद्र यादव, माधुरी देवी, हरि ओम, सत्येंद्र चौहान, लक्ष्मी देवी झरिया नगर अनुसूचित कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पासवान सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तेनुघाट में सावन क्विज महोत्सव



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट सावन क्विज समिति के सदस्यों एव मुख्य अतिथि ममता देवी द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित करए गणेश वंदना कर सावन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ममता देवी ने कहा कि इस तरह के आयोजन के पीछे का मुख्य उद्देश्य हमें अपनी लोक परंपरा और संस्कृति में निरंतरता बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के सफल आयोजन से वे काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों को इसके लिए साधुवाद दी। इस अवसर पर कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गयाए जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता, एकल एवं समूह गीत, नृत्य आदि प्रतियोगिता शामिल है।

# हमारी नियति

विश्व में ग्लोबल वार्मिंग व पर्यावरणीय संकट के प्रति चेता रहे थे, उसने अब हमारे दरवाजे पर दस्तक दे दी है। मंडी से लेकर शिमला तक तबाही का जो मंजर सोशल मीडिया व परंपरागत समाचार माध्यमों में दिखा है। जगह-जगह बहुमंजिली इमारतों के ढहने के दृश्यों ने लोगों के रोंगटे खड़े कर दिये। बताते हैं कि इस मानसून सीजन में हिमाचल में बादल फटने, अतिवृष्टि-भूस्खलन आदि में मरने वालों का आंकड़ा पौने तीन सौ को पार कर गया है। अभी काफी लोग लापता हैं। भूस्खलन की सैकड़ों घटनाएं हुई हैं। राज्य को होने वाले आर्थिक नुकसान का आकलन दस हजार करोड़ से अधिक किया गया है। हिमाचल व उत्तराखंड में लगातार बादल फटने की घटनाएं भयभीत कर रही हैं। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि जिन इलाकों में बांधों का निर्माण होता है वहां पर्यावरण में असामान्य आर्द्रता बादल फटने की प्रक्रिया को अंजाम देती है। कम समय में अधिक तेज बारिश पहाड़ों को खोखला कर रही है। वहीं तंत्र की काहिली और विकास में भ्रष्टाचार की कलई भी बारिश खोलती है। गुणवत्ता से समझौता और भौगोलिक जरूरतों के अनुरूप सार्वजनिक निर्माण का न होना भी नुकसान की वजह बनता है। जनसंख्या के बोझ से दबे पहाड़ी इलाके बहुमंजिला इमारतों के अतिरिक्त बोझ को उठाने में सक्षम नहीं हैं। अंग्रेजों के जमाने में पर्वतीय टूरिस्ट स्थलों में आवासीय भवनों के लिये सीमित मंजिलों के निर्माण की ही अनुमति थी। उनकी छतें हल्की होती थीं। हिमालय के वृक्ष को काटना, फिर बड़ी इमारतों का निर्माण सड़क चौड़ीकरण और हाइड्रो प्रोजेक्ट बहुत कुछ उल्टा हो रहा है। आखिर हम प्रकृति का नाश करते समय सोचते नहीं और अब पछता रहें हैं शायद यही हमारी नियति है।

# उपलब्धियों पर गर्व

आजादी के साढ़े सात दशकों में देश की तमाम उपलब्धियां गर्व करने लायक हैं। लेकिन उसके बावजूद धार्मिक व जातीय हितों के टकराव के चलते होने वाली हिंसा विचलित करती हैं। हाल के दिनों में मणिपुर की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं ने देशवासियों को व्यथित किया। 21वीं सदी के भारत में ये घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण ही कही जाएंगी। इस मुद्दे पर जमकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी लगे। बेहतर होता पक्ष व विपक्ष मिलकर हिंसा पीड़ितों के जख्मों पर मरहम लगाते। सत्तापक्ष और विपक्षी दलों का साझा प्रतिनिधि मंडल मणिपुर जाकर वस्तुस्थिति का जायजा लेता और हालात सामान्य बनाने का प्रयास करता। वहीं नूंह व गुरुग्राम की घटनाएं भी परेशान करने वाली रहीं। देश की आजादी के 77वें वर्ष में भी यदि विभाजन की त्रासदी जैसी सांप्रदायिक अलगाव की भावना उभरती है तो यह हमारी नाकामी ही कही जायेगी। राजनेताओं को नहीं भूलना चाहिए कि संविधान में हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र की आकांक्षा अभिव्यक्त की थी। इस देश में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण व अलगाव की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। किसी भी तरह की संकीर्णता हमारी वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा को नुकसान पहुंचाती है। कोई भी तंग नजरिया देश की गंगा-जमुनी संस्कृति पर आंच लाता है। यह हमारे संविधान की मूल भावना के भी विपरीत है। एक आत्मघाती कदम ही कहा जायेगा किसी भी तरह की अलगाववादी राजनीति को। वक्त की जरूरत है कि मीडिया नीर-क्षीर विवेक का परिचय देकर सचेतक की भूमिका निभाए। विपक्ष सजगता के साथ मुद्दों को उठाये। सत्तापक्ष विपक्ष की आवाज को सम्मान दे। शहीदों के अथक त्याग-बलिदान से हासिल आजादी को अक्षुण्ण बनाये रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

# फलाहार का असर

विचार-प्रवाह

**जग्गी वासुदेव**

**आप** को थोड़ी प्रतीक्षा करनी है और धीरे-धीरे खाना है। हमारे अंदर एक जैविक घड़ी होती है। मान लीजिये, आप अपना सामान्य, पका हुआ भोजन खाने में 10 - 12 मिनट लेते हैं और अगर आप सिर्फ फल खा रहे हैं तो जैसे ही 10 -12 मिनट का समय पूरा होगा, आप का शरीर कहेगा, आप ने पर्याप्त खा लिया है। इसीलिये, आप को जागरूकता पूर्वक ज्यादा खाना है, क्योंकि शरीर यह नहीं देखता कि कितना खाया है, वह बस समय देखता है।अगर आप सिर्फ फलों का भोजन ले रहे हैं और आप बहुत ज्यादा सक्रिय हैं, तो आप को दिन में तीन बार भोजन करने की आवश्यकता पड़ सकती है। यदि आप छह से आठ घंटे सोते हैं तो बाकी के 16 से 18 घंटे के समय के लिये तीन बार सिर्फ फल खाना आप के लिये पर्याप्त है। लेकिन पेट तो दो घंटे में ही खाली महसूस करेगा। इसलिए आप को बड़ी ऊर्जा और खाली पेट की आदत डालनी पड़ेगी। ये वो समय है जब आप का दिमाग सबसे बढ़िया काम करेगा और एक मनुष्य के रूप में आप सबसे अच्छा काम करेंगे।

आप चाहे ज्यादा दिमागी काम करते हों या शारीरिक गतिविधि, फलाहार आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आप नहीं जानते कि आजकल बाजार में मिलने वाले फलों में क्या-क्या भरा होता है। ये थोड़ी समस्या है। मैंने देखा है -जिस तरह के देशी फल हम बचपन में खाते थे, वैसे ये फॉर्म में उगाये गये फल नहीं होते। जो फल हमें आजकल मिल रहे हैं, वे ज्यादा बड़े हैं, ज्यादा गोलाकार हैं और ज्यादा अच्छे दिखते हैं, लेकिन वे बोटॉक्स की तरह हैं।

कार्टून वर्ल्ड




लेटर टू एडिटर

## पाकिस्तान विरोधी मन

**आजादी** की कठिन के बाद बंटबारा का कष्टदायी दंश। फिर उत्तर भारत के शहरों में लगातार दंगे। पाकिस्तान का लगाातार आक्रमण। कश्मीर पर अधिकार की बात। सीरियल बम ब्लास्ट । भारत के खिलाफ आतंकियों को संरक्षण। भारत से व्यापार न करके अपनी आर्थिक व्यवस्था को डूबा देना। परमाणु बम का विस्फोट करना। चीन के साथ दोस्ती करना।

**– रमाशंकर सिंह, रांची**

## योगदा मठ

**रंजनीकांत** जिस योगदा मठ में आये वह एक सिद्ध स्थान है। द ऑटोग्राफी ऑफ योगी दुनिया की सबसे अधिक बिकने वाली पुस्तक में लिखा है कि रांची और लॉस एजेंल्स दुनिया के दो शहर साधना के लिये उचित माहौल वाले हैं मौसम बाले हैं। योगदा मठ में कई लोग गोपनीय तौर पर आकर भी साधना करके चले जाते हैं। इस स्थल का अध्यात्म में महत्व है।

**– रंधीर कुमार, हजारीबाग**

# पर्यावरण का सवाल आज सबसे महत्वपूर्ण हो गया है



**आज** पृथ्वी एवं प्रकृति विध्वंस के कगार पर आ गई हैं। आज मनुष्य की भौतिक शक्तियां एवं सुख भोग की भूख जैसे कुंभकरण के रूप में संसार में विचरण करने लगी है। पृथ्वी एवं प्रकृति इनके आहार बन गए हैं। ऐसा लगता है कि कुंभकरण रूपी इन दानवों से ह्यविश्व बेगि सब चौपट होईह्न की घटना चरितार्थ हो रही है।

विज्ञान के उत्सर्ग के चलते आज हम अन्य ग्रहों पर जाने लगे हैं। आज अग्रिम पंक्ति के वैज्ञानिक दिक एवं काल (टाइम एवं स्पेस रहस्य-भेदन में लगे हैं। विज्ञान ने आज असंभव को संभव कर दिखाया है, लेकिन आज भी वह मनुष्य की पीड़ा, रोग एवं गरीबी नहीं दूर कर सका है। मात्र विज्ञान के सहारे किए जाने वाले विकास के चलते आज संसार का जल एवं वायु प्रदूषित होता जा रहा है। पृथ्वी की हरियाली खत्म होती जा रही है। बाढ़, तूफान, एवं भयंकर ताप से पृथ्वी तप्त होती जा रही है। यदि हमने इन भयंकर परिस्थितियों की तरफ ध्यान नहीं दिया तो संसार में मनुष्य जाति का जीवित रहना संभव नहीं हो पाएगा। विनाश हमारा दरवाजा खटखटा रहा है, पृथ्वी के पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता जा रहा है।

आज पर्यावरण की समस्याओं पर हमारे जीवन की भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु संपादित हो रही विकास योजनाओं पर गंभीरता से विचार करने पर लगता है कि हम पर्यावरण संरक्षण एवं विकास का सामंजस्य स्थापित कर सकेत हैं। हम पर्यावरण संरक्षण के साथ देश का ठोस विकास भी कर सकते हैं। हम मजदूर, पर्यावरण, व्यापार एवं विकास का तारतम्य स्थापित करने की दिशा में कार्य करके भविष्य का सृजन कर सकते हैं। आज ज्ञान एक बहुत बड़ी संपदा (रिसोर्स) है। इस संपदा का भरपूर उपयोग कर हम पर्यावरण-संरक्षण एवं विकास का सामंजस्य स्थापित कर सकते हैं। सिंगापुर एक ऐसा देश है, जहां प्राकृतिक संसाधनों के पूर्ण अभाव में भी देश ज्ञान संपदा का भरपूर उपयोग कर समृद्ध है।

विश्व-पर्यावरण की समस्या का केंद्र-बिंदु नगर है। पर्यावरण की प्रायः सारी समस्याएं आज नगरीय विकास से जुड़ी हैं। नगरों के बढ़ते कदम पूरी पृथ्वी पर दीख पड़ते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट (1999) के अनुसार सन 1960 में संसार की एक-तिहाई आबादी शहरों में रहती थी। 1999 में 47 प्रतिशत लोग शहरों में रहते थे। सन्‌ 2030 में 61 प्रतिशत लोगों के शहरों में रहने की संभावना है। शहर एवं गांव दोनों से संबंध रखने वाले समुदाय की जनसंख्या बढ़ती जा रही है और यही कारण है कि गांवों पर शहर की छाप दिनोंदिन गहराती जा रही है।



**- मनोज शर्मा**

> अतः शहरों पर ध्यान देना और इनकी समस्याओं का समाधान करना पर्यावरण संरक्षण का एक बहुत कारगर कार्यक्रम हो सकता है। नगरों का आकार-प्रकार बढ़ता जा रहा है। इन नगरों की समस्याएं मूलतः पर्यावरण की समस्याएं हैं। नगरों में स्वच्छ जल एवं स्वच्छ वायु सुलभ कराना, खुले स्थान सुलभ कराना औज पर्यावरण की दृष्टि से सुखद एवं सक्षम यातायात सुलभ कराना आज पर्यावरण की बड़ी चुनौतियां हैं।

अतः शहरों पर ध्यान देना और इनकी समस्याओं का समाधान करना पर्यावरण संरक्षण का एक बहुत कारगर कार्यक्रम हो सकता है। नगरों का आकार-प्रकार बढ़ता जा रहा है। इन नगरों की समस्याएं मूलतः पर्यावरण की समस्याएं हैं। नगरों में स्वच्छ जल एवं स्वच्छ वायु सुलभ कराना, खुले स्थान सुलभ कराना औज पर्यावरण की दृष्टि से सुखद एवं सक्षम यातायात सुलभ कराना आज पर्यावरण की बड़ी चुनौतियां हैं। हमें इन चुनौतियों का सामना करने के लिए दीर्घकालीन प्रयास करने होंगे। हमारे देश की पर्यावरणीय समस्याएं मूल रूप से दो कारणों से हैं। प्रथम विकास की प्रक्रिया से ऋणात्मक प्रभाव के कारण और दूसरी जनसंख्या, गरीबी, अशिक्षा, एवं पिछड़ेपन के कारण। वर्तमान में जिन समस्याओं का सामना भारत को करना पड़ रहा है, उनमें निम्न हैं-

जनसंख्या वृद्धि के चलते जीवनयापन के साधनों पर पड़ रहे अधिभार के कारण विकास के धनात्मक प्रभाव का निष्प्रभावी हो जाना।

बढ़ती हुई पशु संख्या के कारण घास के मैदानों एवं चारागाहों के क्षेत्र का कम होना।

3290 लाख हेक्टेयर भूमि में से 1750 लाख हेक्टेयर भूमि को विशेष उपचार की आवश्यकता है, ताकि उससे होने वाले लाभ एवं आमदनी को बढ़ाया जा सके।

बढ़ता बुआ भू-अवकरण-

(क) वायु एवं जल द्वारा (1590 लाख हेक्टेयर)

(ख) लवणता एवं क्षारता द्वारा (80 लाख हेक्टेयर)

(ग) नदियों द्वारा (70 लाख हेक्टेयर)

5. वनक्षेत्र में कमी (47500 हेक्टेयर प्रतिवर्ष)। इसके मुख्य कारण-पशुओं का जंगलों में चरना, लकड़ी के लिए पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, वनों का अतिक्रमण एवं अन्य क्रियाकलाप आदि।

6. कृषि क्षेत्र में वृद्धि एवं उनका स्थानांतरण सड़कों, मकानों, नहरों एवं विद्युत संयंत्रों का निर्माण।

7. पशु, पौधों एवं जीवाणुओं की प्रजातियों की संख्या में कमी (15,000 पशुओं एवं पौधों की प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा विद्यामान है)

8. सजल क्षेत्रों का प्रदूषण एवं उनमें मिट्टी जमा होने की गति में वृद्धि।

9. रसायनों एवं समुद्रीय जल द्वारा भूगर्भीय जल का प्रदूषण

10. समुद्रतटीय क्षेत्रों में निर्माण के चलते बढ़ता प्रदूषण।

11. समुद्रतटीय वनस्पतियों में कमी।

12. वन के परितंत्र का अवकरण।

13. द्वीपों के परितंत्र का विनाश।

14. नगरों में बढ़ता प्रदूषण एवं स्वास्थ्य सुविधाओं में कमी।

15. घातक अवशिष्टों एवं जैवीय प्रक्रिया से विघटित न हो सकने वाले अवशिष्टों का निस्तारण।

16. नदियों के प्रदूषण एवं उनमें मिट्टी जमा होने की गति में वृद्धि।

17. नगर क्षेत्रों में समीप उद्योगों एवं विकास योजनाओं की स्थापना द्वारा प्रदूषण एवं भीड़-भाड़ में वृद्धि।

18. ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों एवं नगरों की तरफ प्रवजन प्रमुख हैं। इनके निराकरण हेतु सुविचारित दीर्घकालीन नीति अपनाने की आवश्यकता है।

आखिर, मिट्टी, हवा,जल तीनों को हम बुरी तरह से गंदा कर रहें हैं। इसके बाद पर्यावरण के बदलाव और उससे होने वाली आपदा का मार भी झेल रहें हैं लेकिन चंद देशों की उग्र प्रवृति को लेकर आज विश्व का अस्तित्व ही खतरे में हो गया है।

(लेखक ग्रीन रिवोल्ट पर्यावरण समाचार पत्र के संपादक और पत्रकारिता विभाग रांची विवि के व्याख्याता हैं।)

खास बात

## साइकिल चलायें पर्यावरण बचायें

**साइकिल** चलाने से पर्यावरण संरक्षण और ईंधन की बचत होने के साथ कई बीमारियों का खतरा भी कम हो जाता है। आधे घंटे प्रतिदिन की साइकिलिंग करने से सेल्स एक्टिव होते हैं और इम्यून सिस्टम भी मजबूत होता है। कोरोनाकाल में इम्युनिटी बढ़ाने के लिए हर उम्र और वर्ग के लोगों का साइकिल के प्रति रुझान बढ़ा है। इसका असर साइकिल बाजार पर भी पड़ा है। आठ हजार से 65 हजार रुपये कीमत की साइकिलों की मांग बढ़ी है।

कोरोनाकाल ने खानपान के साथ रहन-सहन भी बदल दिया है। जिम बंद हैं और सार्वजनिक जगहों पर कोरोना संक्रमण का खतरा बना है। लोग घरों में व्यायाम करने से लेकर सुबह-शाम साइकिल चलाकर इम्युनिटी बढ़ा रहे हैं। साइकिल कई लोगों के जीवन का हिस्सा बन गई हैं। कोविड कर्फ्यू में ढील मिलने पर बाजार से दूध और फल-सब्जी लेने के लिए साइकिल की सवारी अपना रहे हैं। इससे ईंधन की बचत हो रही है। आईएमए की पूर्व अध्यक्ष डॉ. संध्या शर्मा बताती हैं, साइकिल चलाने से कैलोरी बर्न होने से एक्स्ट्रा फैट कम होता है। जोड़ों के दर्द, पाचन से लेकर इम्युन सिस्टम ठीक होता है।

बाजार में कंपनियों के ब्रांड के हिसाब से साइकिल की कीमत है। विदेशी ब्रांड 20 हजार से 65 हजार तक हैं। स्वदेशी ब्रांड आठ हजार से 15 हजार की रेंज में हैं। स्वदेशी ब्रांड की 90 फीसदी साइकिलें लुधियाना से आती हैं। जबकि एशिया और यूरोप के कई बड़े ब्रांड कार्बन फाइबर में हैं। युवा वर्ग में बैटरी चालित और डिजिटल मॉनीटर वाली साइकिलों का क्रेज बढ़ा है। गोविंदपुरी के आयुष बंसल बताते हैं, कोरोनाकाल में जिम बंद हैं। खुद को स्वस्थ्य रखने का साइकिलिंग सबसे अच्छा विकल्प है।

वक्त के साथ साइकिल का क्रेज भी बदलते रहा। आज मल्टीनेशनल कई ब्रांडों की साइकिल बेचते हैं। 65 हजार रुपये कीमत तक की साइकिल बिक रही हैं। 10 हजार रुपये से अधिक कीमत की साइकिलों को अधिकतर लोग फिटनेस के लिए खरीद रहे हैं।- मल्टी स्पीड 21 गियर वाली साइकिल की सबसे अधिक मांग है।

**आजकल** न्यूज फीड में जिन खबरों को प्रमोट किया जा रहा है,बस उनकी बाढ़ लगी रहती हैअभिव्यक्ति की आजादी और जमीनी स्तर की सच्चाई -सही मायने में खबरों में दोनों का तालमेल होना जरूरी है

डिजिटल महासंग्राम, डिजिटल लिंचिंग/नफरत- थोपे जा रहे.. क्या यही डिजिटल भविष्य है?

**– निशा उरांव, निदेशक पंचायती राज**

आपके ट्वीट

**अबुआ** आवास योजना की हो रही शुरूआत। झारखण्ड राज्य के मेरे जरूरतमंद परिवारजनों को हर हाल में देंगे तीन कमरों का आवास।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**'बिंदेश्वर** पाठक की कमी खलेगी' उन्होंने स्वच्छता के विचार को, बहुत इनोवेटिव तरीके से संस्था का रूप दिया। सुलभ इंटरनेशनल के माध्यम से उन्होंने ऐसा आर्थिक मॉडल दिया, जिसकी कोई कल्पना नहीं कर सकता था। **– योगी आदित्यनाथ**

# कटते वन बिगड़ता पर्यावरण खतरे में पूरी आबादी

**अभिजीत मोहन**

यह राहत की बात है कि सुप्रीम कोर्ट ने देश की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई की आरे कालोनी में पेड़ों की कटाई पर रोक लगा दी है। इस कालोनी में मेट्रो कारशेड के लिए ढाई हजार से ज्यादा पेड़ काटे जाने थे और वहां के निवासी और पर्यावरण संरक्षक इसका विरोध कर रहे थे। प्रशासन ने विरोध करने वाले प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया। तब मामला शीर्ष अदालत में पहुंचा। हालांकि तब तक दो हजार से ज्यादा पेड़ काटे जा चुके थे। सरकार का तर्क है कि छोटे हिस्से से पेड़ काटे गए हैं। सरकार ने यह दलील भी दी कि इन पेड़ों को काटने से पहले तेईस हजार आठ सौ छियालीस पेड़ लगाए जा चुके हैं और पच्चीस हजार पौधे वृक्षारोपण के लिए बांटे गए हैं। लेकिन अदालत ने दो टूक कहा कि सवाल छोटे हिस्से का नहीं, बल्कि यह कानूनन गलत है तो इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती।

आज जिस तरह विकास के नाम पर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो रही है और वनों को उजाड़ा जा रहा है, उससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ गया है। पिछले साल भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने दावा किया था कि अगर जंगलों को बचाने की पहल तेज नहीं हुई तो 2025 तक देश के अन्य हिस्सों के साथ-साथ पूर्वोत्तर के छह राज्यों असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और त्रिपुरा और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का वन क्षेत्र खत्म हो जाएगा, जो आकार में मॉरीशस के कुल क्षेत्रफल के बराबर बैठता है।

पर्यावरण

इन राज्यों में 2005 से 2013 के बीच वन क्षेत्र में 0.3 प्रतिशत की दर से कमी दर्ज की गई है।

वैज्ञानिकों ने इन्हीं राज्यों के घटते वन क्षेत्र को 2025 के वन क्षेत्र के अनुमान के लिए आधार बनाया है और उनका यह शोध पिछले दिनों ह्यअर्थ सिस्टम साइंसह्न नामक जर्नल में छपा है। चूंकि यह शोध हैदराबाद स्थित इसरो के नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर और तिरुवनंतपुरम स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों ने किया है, इसलिए शोध की विश्वसनीयता पर संदेह नहीं किया जा सकता। वैज्ञानिकों का दावा है कि एक सौ तैंतीस साल में चालीस प्रतिशत वन क्षेत्र कम हो चुका है। वर्ष 1880 में देश में 10.42 लाख वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्रफल होने का अनुमान लगाया गया था, जो देश के 37.1 प्रतिशत भौगोलिक हिस्से को दशार्ता था। लेकिन विकास के नाम पर वनों की अंधाधुंध कटाई की वजह से 1880 से 2013 के बीच इसमें चालीस प्रतिशत की कमी आई है। गंभीर चेतावनी तो यह है कि साल 2025 तक इसमें और कमी आने की आशंका है।

वन क्षेत्र में आ रही कमी के बारे में अध्ययन के लिए वैज्ञानिकों ने कंप्यूटर पर लैंड चेंज मॉडलर सॉफ्टवेयर पर प्राचीन भारत के वन क्षेत्र का मॉडल तैयार किया है। इनमें उन इलाकों का पर्यवेक्षण किया गया है, जहां वन क्षेत्र में सर्वाधिक कमी हो रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तर-पूर्वी राज्यों में गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा अधिकांश वन क्षेत्र की भूमि को लीज पर लेने और बड़े स्तर पर वन क्षेत्रों को कृषि के लिए उपयोग में लाने के कारण वन क्षेत्र में लगातार गिरावट आ रही है। तथ्य यह भी कि अंधाधुंध विकास के नाम पर मानव प्रति वर्ष सात करोड़ हेक्टेयर वनों का विनाश कर रहा है। एक आंकड़े के मुताबिक पिछले सैकड़ों सालों में हमने प्रकृति की एक तिहाई से अधिक प्रजातियां नष्ट कर डाली हैं। जंगली जीवों की संख्या में भी पचास प्रतिशत की कमी आई है।

वन किसी भी राष्ट्र की अमूल्य निधि होते हैं, जो वहां की जलवायु, भूमि की बनावट, वर्षा, जनसंख्या के घनत्व, कृषि और उद्योग आदि को अत्यधिक प्रभावित करते हैं।

# अब तिरुपति-तिरुमला देवस्थानम के साथ 'ऐसा' क्यों?

बिहार-झारखंड ओटोलैरिंगोलॉजिस्ट संघ का 47वाँ राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन राँची के होटल चाणक्य बीएनआर में किया गया।

इस आयोजन में बिहार झारखंड के लगभग 100 चिकित्सकों ने भाग लिया। आयोजन का मुख्य मकसद कान से संबंधित बीमारियों के 10 मरीजों को मुफ़्त चिकित्सा उपलब्ध कराना और संबंधित चिकित्सकों को आधुनिक सर्जरी तकनीक के बारे में जानकारी देना था ।

इस राज्यस्तरीय सम्मेलन के तहत आज राँची के डॉ लाल एठळ हॉस्पिटल में डॉ मीनेश जुवेकर, डॉ संजीव कुमार, डॉ राकेश नयन, डॉ समित लाल, डॉ अश्विनी वर्मा एवं डॉ अभिषेक श्रीवास्तव ने कुल 9 मरीजों के कान की सर्जरी की। इस सर्जरी को ठीक उसी समय राँची के होटल चाणक्य इठफ में मौजूद सैकड़ों चिकित्सक लाइव देख रहे थे और इस लाइव ऑपरेशन की तकनीक एवं बारीकियों से संबंधित सवाल पूछ रहे थे, जिसका जवाब ऑपरेशन करनेवाले चिकित्सक उसी समय दे रहे थे । डॉ लाल एठळ हॉस्पिटल के यूट्यूब चैनल पर भी यह लाइव ऑपरेशन मौजूद है जिसे कभी भी देखा जा सकता है।

सम्मेलन में बॉम्बे हॉस्पिटल के सीनियर कंसल्टैंट डॉ मीनेश जुवेकर गेस्ट फैकल्टी के रूप में राँची आये थे जिन्होंने आज पहला ऑपरेशन किया। इस आयोजन के तहत किया जानेवाला सभी

हेल्थ



ऑपरेशन बिलकुल मुफ़्त किया गया।

डॉ समित लाल ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार-झारखंड के ईएनटी सर्जन्स का एसोसिएशन के द्वारा यह सर्जिकल वर्कशॉप किया जा रहा है। डॉ लाल ने कहा की इस तरह के आयोजन से बिहार-झारखंड के ईएनटी सर्जन्स को नयी तकनीक सीखने को मिलती है साथ उन्हें बहुत फायदा मिलता है।आयोजन के साइंटिफिक चेयरमैन डॉ इटङ सिन्हा ने मीडिया को बताया की झारखंड के गरीब मरीजों को एसोसिएशन के तरफ से बिलकुल मुफ़्त चिकित्सा उपलब्ध कराया जा रहा है। मरीजों का ऑपरेशन, दवाइयाँ सहित अस्पताल में रहने की व्यवस्था बिलकुल मुफ़्त होगी। आज के ऑपरेशन में 6 महिला मरीज और 3 पुरुष मरीज का बिलकुल मुफ़्त ऑपरेशन किया गया। सबसे खास बात की मरीज का फॉलो अप भी बिल्कुल मुफ़्त होगा। इन्होंने बताया कि एसोसिएशन कुल पांच वर्कशॉप किया जाना है, जिसमें से यह दूसरा वर्कशॉप था। अगली बार राँची में एसोसिएशन के चौथे वर्कशॉप के तहत डॉ लाल ईएलटी हॉस्पिटल में नाक की बीमारियों की सर्जरी की जाएगी।एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ सत्येंद्र शर्मा ने बताया की इस सम्मेलन में बिहार और झारखंड के लगभग 80 चिकित्सकों ने अपनी भागीदारी दिखाई है। यह चिकित्सा के क्षेत्र में ईएनटी सर्जनों की उपलब्धि है, जिससे आनेवाले समय में सबको लाभ मिलेगा।

एसोसिएशन के भावी प्रेसिडेंट डॉ प्रकाश कुमार मुनका ने बताया की चिकित्सा से संबंधित ज्ञान को बढ़ाना, सामाजिक सेवा, गरीबों को चिकित्सा सुविधा सहित समय समय पर विभिन्न ज़िलों में इस तरह के आयोजन से सुदूरवर्ती ग्रामीण मरीजों तक चिकित्सा लाभ पहुँचाना ही हमारा मकसद है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# भुरकुंडा व पीटीपीएस में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मनी जयंती
# उनके बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास क्षेत्रों में रविवार को भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 79वीं जयंती मनाई गई।

पीटीपीएस पतरातू स्थित प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के आवासीय कार्यालय में भी भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 79वीं जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरूआत सुजीत पटेल द्वारा स्व. राजीव गांधी के तस्वीर पर माल्र्यापण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। मौके पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल व सौंदा बस्ती निवासी विधायक प्रतिनिधि सह कांग्रेस जिला महासचिव अमित कुमार साहू ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने ही प्रधानमंत्री रहते हुए भारत को सर्वप्रथम संचार क्रांति, प्रौद्योगिकी क्रांति और कंप्यूटरीकरण जैसे उपलब्धियां दी। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय गांधी ने ही युवाओं को 18 वर्ष में मताधिकार, पंचायती राज व्यवस्था सहित श्रीलंका शांति समझौता, असम समझौता, पंजाब एवं मिजोरम समझौता जैसे साहसिक कार्य अपने छोटे से कार्यकाल में किए। प्रखंड अध्यक्ष श्री पटेल ने राजीव गांधी के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। श्री साहू ने कहा कि स्व. गांधी के अधूरे सपनों को पूरा करना हमसबों का दायित्व है और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल, वरीय कांग्रेसी अंजन प्रसाद, उपेंद्र यादव, संजीव सिंह, अनिल कुमार, दिनेश कुमार दास, धीरज पटेल, अमित कुमार, ओंकार, शुभम, राज, दिव्य प्रकाश सहित अन्य मौजूद थे।

### अधूरे सपनों को पूरा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि : अमित कुमार



स्व. राजीव गांधी के तस्वीर पर माल्यार्पण करते कांग्रेस के कार्यकर्ता।

# बरही में कांग्रेस ने मनाया स्व. राजीव गांधी की जयंती



**खबर मन्त्र संवाददाता**

बरही। प्रखंड के कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पार्टी द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 79वीं जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के विभिन्न प्रकोष्ठों से जुड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी व संचालन विधायक प्रतिनिधि मो वारिस अंसारी ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पण कर उनको श्रद्धांजलि देते हुए किया गया। वारसी ने कहा कि आज हम जिस युवा भारत को देख रहे हैं, वह कभी एक महान नेता राजीव गांधी का सपना हुआ करता था। जिसने देश में कंप्यूटर क्रांति की नींव रखी। राजीव गांधी ने अपने अल्पकाल के शासन में ही देश को ढेरों सपने दिखाए, जिनमें ज्यादातर सपने आज पूरे होते दिखाई दे रहे हैं।मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, तोखन रविदास, उदय केसरी, मो वारिस अंसारी, खड़कधारी यादव, किशुन यादव, विधायक प्रतिनिधि मो तौकीर रजा, विधायक प्रतिनिधि तैयब अंसारी, महेश यादव, मुकेश कुमार, दिनेश कुमार, मनोज रविदास, बिरेंद्र यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### पूर्व प्रधानमंत्री ने देश में कंप्यूटर क्रांति की रखी थी नींव : वारसी

# बरही प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने अनुज यादव, सचिव अनुज सिंह

- कोषाध्यक्ष के लिए राकेश रौशन निर्विरोध निर्वाचित
- भारत का चौथा स्तंभ है पत्रकारिताः एसडीपीओ
- आपसी सामंजस्य स्थापित करना प्राथमिकता : अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** बरही स्थित एनएचएआई डाक बंगला में प्रेस क्लब हजारीबाग प्रखंड इकाई बरही का चुनाव वैधानिक रूप से संपन्न हुआ, जिसमें अध्यक्ष पद पर अनुज कुमार यादव सचिव अनुज कुमार सिंह व कोषाध्यक्ष राकेश रौशन निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसके अलावा उपाध्यक्ष पंकज कुमार ,आनंद प्रसाद प्रधान केंद्रीय सदस्य व सुजीत कुमार कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित हुए। चुनाव प्रक्रिया 16 अगस्त से नामांकन फार्म बिक्री के साथ प्रारंभ हुआ था जो रविवार को निर्वाचित पदाधिकारियों को सर्टिफिकेट वितरण के साथ समाप्त हुआ

। प्रेस क्लब बरही इकाई चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ प्रेस क्लब हजारीबाग द्वारा अब्दुल मनान वारसी एवं रितेश कुमार को निवार्ची पदाधिकारी बनाया गया था। जिनके सफल प्रयास से रविवार को चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव कार्य को लेकर प्रेस क्लब हजारीबाग से आए पर्यवेक्षक अनवर फिदवी, निरंजन कुमार हजारीबाग से चलकर पहुंचे। उनके साथ वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश पांडेय भी शामिल हुए। वही सर्टिफिकेट वितरण कार्य को लेकर बतौर मुख्य अतिथि बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर उपस्थित रहे। इस दौरान प्रेस क्लब बरही प्रखंड इकाई के लिए चुनाव लडे अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, केंद्रीय सदस्य एवं कार्यकारिणी सदस्य सभी पदों पर निर्विरोध रूप से विजय हुए।

बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने कहा कि पत्रकार समाज के दर्पण होते है, आप सब निर्भीक होकर पत्रकारिता कर समाज को आईना दिखाने का कार्य करे, सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं। वही धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद भी चुनाव स्थल पर पहुंचकर सभी नव निर्वाचित प्रेस क्लब बरही इकाई के सदस्यो व पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दिया।

अध्यक्ष अनुज कुमार यादव ने कहा कि बरही अंचल के सभी पत्रकारों के बीच आपसी साथ एवं सहयोग की भावना बनाने का प्रयास करूंगा। प्रखंड टीम को मजबूत व सशक्त बनाकर पत्रकारों के सभी समस्याओं का निदान करने का प्रयास करूंगा। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार उमेश पासवान व धन्यवाद ज्ञापन रितेश कुमार ने किया। चुनाव कार्यक्रम में चौपारण प्रेस क्लब अध्यक्ष शंकर यादव, पदमा प्रेस क्लब अध्यक्ष आशीष यादव, चौपारण प्रेस क्लब सचिव डी मुन्ना, कोषाध्यक्ष किशोर राणा, वरिष्ठ पत्रकार उमेश पासवान, प्रेस क्लब पदमा के उप सचिव सजल कुमार पाठक, कोषाध्यक्ष निशिकांत सिंह, कार्यकारिणी सदस्य परमानंद राणा, राजू पासवान सहित बरही के पत्रकार साथी मौजूद थे।



प्रमाण पत्र के साथ निर्वाचित पत्रकार व एसडीपीओ नजीर अख्तर

# लायंस क्लब ने 61 जरूरतमंदों को दिया छाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में रविवार को गरीब-जरूरतमंदों के बीच छाता का वितरण किया गया। प्रोजेक्ट चेयरमैन शिवा प्रसाद के देख-रेख में आयोजित इस कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल व कोषाध्यक्ष अंजू देवी ने गायत्री शक्तिपीठ पटेलनगर भुरकुंडा और राज नर्सिंग होम भुरकुंडा आदि क्षेत्रों में 61 गरीब-जरूरतमंदों के बीच छतरी का वितरण किया।

मौके पर अध्यक्ष माला शर्मा ने कहा कि क्लब अपने सामाजिक दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निभाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने गरीब-जरूरतमंदों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। क्लब आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्रवासियों को आवश्यक सुविधा दिलाता रहेगा। सचिव रेखा वर्णवाल व कोषाध्यक्ष अंजू देवी ने कहा कि छाता वितरण का मुख्य उद्देश्य गरीब-जरूरतमंदों को वर्षा के पानी व धूप से बचाने में राहत पहुंचाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में एमजेएफ लायंस राजेंद्र महतो, संजय कुमार, सोनाराम मांझी, अशोक सिन्हा, विजय वर्णवाल, अखिलेश शर्मा, विजयंत कुमार, प्रमोद शर्मा, विमल प्रसाद, अजय सिंह, विजयंत कुमार, मो. मुमताज, निर्मल अग्रवाल, एचएन यादव, राजेश अग्रवाल, रमेश अग्रवाल आदि का विशेष योगदान रहा।




# सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच समाजसेवी संस्था ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया।

इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जयसवाल, प्रो. रामानुज सिंह, शिव कुमार यादव एवं शिक्षक भुपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकू ने 120 गरीबों के बीच पुरी व सब्जी का वितरण किया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि सबों के सहयोग से मंच द्वारा पिछले 8 वर्षों से गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो कि आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मंच का उद्देश्य ही गरीबों की सेवा है जो निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा होता है। गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। श्री सिंह ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में रंजीत यादव, ड जयश्री मेहता, राकेश शर्मा, राजेश श्रीवास्तव, लालू उरांव, विरेन्द्र पांडेय, रेणुका देवी, दिलीप गंझू, लखन राम, सुकरा करमाली, संजू सिन्हा आदि का विशेष योगदान रहा।

# ऊं नमः शिवाय जयकारा से गूंजा रिभर साईड भुरकुंडा

### नेहरू पार्क से कावंड़ियों का जत्था देवघर के लिए रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

भुरकुंडा (रामगढ़)। हर वर्ष भांति इस वर्ष भी पवित्र श्रावण माह के पावन अवसर पर भोले बाबा के दर्शन के लिए रविवार को रिभर साईड नेहरू पार्क से कांवड़ियों का जत्था देवघर के लिए रवाना हुआ। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने हर-हर महादेव सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के जयकारों के साथ कांवड़ियों को रवाना किया।

इससे पूर्व कांवड़ियों ने रिभर साईड भुरकुंडा स्थित नेहरू पार्क दुर्गा मंडप में पूजा अर्चना कर यहां से देवघर के लिए रवाना हुए। रवानगी से पूर्व बुध बाजार चीफ हाउस पंचायत के मुखिया विकास पांडेय ने बताया हमारे कि पूर्वज इस परम्परा को 1963 से शुरू किए थे। जब से नेहरू पार्क दुर्गा मंडप में पूजा शुरू हुआ तब से इस परंपरा को निभाया जा रहा है। उन्होंने बताया की सुलतान गंज से सोमवार को जल भरकर पैदल चलते हुए गुरुवार को बाबा नगड़ी देवघर के मंदिर में जलाभिषेक करेगे। साथ ही गुरुवार को ही बासुकीनाथ मंदिर में भी जलाभिषेक करेगे। मुखिया ने बताया कि भगवान भोलेनाथ से अपने परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि व हरियाली-खुशहाली की कामना के लिए आगे भी देवघर जरूर जायेंगे। देवघर रवाना होने वालों में मुखिया विकाश पांडेय, पंचायत समिति सदस्य सुनील कुमार, जोगी बाबा, चिंटू साव, शिवपूजन चंद्रवंशी, गोतम पासवान, संजोग पासवान, जीतू कुमार, धीरन सिन्हा, टिंकू, दिनेश महली आदि शामिल हैं।



# रामगढ़ में निकली बाल कांवर यात्रा

**रामगढ़।** शहर में रविवार को बाल कांवर यात्रा निकाली गई। इसका आयोजन मारवाड़ी युवा मंच और मारवाड़ी चेतना शाखा ने किया। गेरुआ वस्त्र पहनकर कांवर लिए भगवान भोलेनाथ के नन्हे भक्तों ने बिजुलिया तालाब से रानी दादी सती मंदिर तक यात्रा निकाली। बिजुलिया तालाब से जल उठाकर निकले इन नन्हे भक्तों ने भगवान भोलेनाथ के भजन पर ठुमके भी लगाए। इसके बाद यह यात्रा दादी रानी सती मंदिर पहुंची, जहां शिवलिंग पर सभी बच्चों ने जलाभिषेक किया।

कांवर यात्रा में 51 बच्चों ने हिस्सा लिया। यात्रा में शामिल बच्चों में गजब का उत्साह देखने को मिला। सारे बच्चे नंगे पैर कांवर यात्रा में शामिल हुए। चेतना शाखा अध्यक्ष रीना मोदी ने बड़े गर्म जोशी के साथ यात्रा में शामिल बच्चों का स्वागत किया। इस मौके पर चेतना शाखा सचिव स्नेहा जैन, कार्यक्रम संयोजक प्रीति चौधरी, सुमन चौधरी, शिखा अग्रवाल, मीनू बगरिया के साथ सभी सदस्यों ने सहयोग दिया।



## एक नजर में

### आज शिव का रुद्राभिषेक करेंगी विधायक



भुरकुंडा (रामगढ़)। पूरे राज्य समेत बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में खुशहाली की कामना के लिए बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद पवित्र श्रावन मास की सप्तम सोमवारी पर 21 अगस्त की शाम 4 बजे प्राचीन शिव मंदिर कैथा रामगढ़ में भगवान शिव का रुद्राभिषेक करेंगी। विधायक अंबा प्रसाद सावन मास के अंतिम सोमवारी तक अनेकों प्राचीन मंदिरों में रुद्राभिषेक में भाग लेगी। इस दौरान साधु-संतो के सानिध्य में विद्वान पंडितों द्वारा पूजा-अर्चना कराया जायेगा। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि आदि देव महादेव की पा सभी पर बरसे और क्षेत्र समेत राज्यवासियों का कल्याण हो इसके लिये शिवालयों में पूजा-अर्चना का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में सहिष्णुता कायम हो और शोषण मुक्त समाज का निर्माण हो इसकी कामना को लेकर रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का आह्वान किया है।

### स्वास्थ्य उपकेंद्र के उन्नयन कार्य का उद्घाटन

**चरही।** चुरचू प्रखंड के पंचायत इंद्रा के ग्राम बासाडीह में स्वास्थ्य उपकेंद्र के उन्नयन कार्य का शिलान्यास मुखिया राधिका देवी द्वारा विधिवत किया गया। यह कार्य डीएमएफटी मद से किया जाएगा।जिसकी लागत राशि 14 लाख,67 हजार,100 है।मुखिया ने कहा कि पंचायत के लोगों को इस स्वास्थ्य उपकेन्द्र में बेहतर इलाज हो पाएगा।ग्रामीणों को दूर जाने से समय की बचत होगी।ग्रामीणों की मांग थी कि इस पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र हो।और केंद्र में हर तरह के उपकरण से सुसजित हो।ताकि ग्रामीण अपना इलाज बेहतर तरीके से करा सके।स्वास्थ्य उपकेंद्र नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इस मौके पर पंसस बीरेंद्र भुइयां,भुनेश्वर तुरी,आफताब आलम,एएनएम सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### दारू में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए समिति गठित

**दारु।** सदर विधायक मनीष जायसवाल के द्वारा विधानसभा क्षेत्र के हर प्रखंडों में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। दारू प्रखंड में यह टूर्नामें इसी महीने प्रारंभ की जाएगी। इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए फुटबॉल प्रेमियों की एक बैठक रविवार को हरली पंचायत भवन में की गई जिसकी अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्षा लक्ष्मी देवी ने किया। इस बैठक में फुटबॉल टूनार्मेंट की बेहतर ढंग से आयोजित करने के लिए फुटबॉल समिति का गठन किया गया। इस समिति में अध्यक्ष दिलीप कुमार ,उपाध्यक्ष मुकेश कुमार ,सचिव प्रदीप कुमार दास, कोषाध्यक्ष कैलाश विश्वकर्मा, राहुल कुमार उप सचिव रवि कुमार ,रविंद्र कुमार और संयोजक मोहम्मद फारुखउद्दीन को बनाया गया ' इस बैठक में विशेष रूप से मौजूद विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू ने बताया कि सदर विधायक का प्रयास है कि हर क्षेत्र में गांव के युवाओं को बेहतर खेल का अवसर मिले इसलिए इस वर्ष फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हरली मैदान में किया जा रहा है। प्रखंड के सभी लोगों से उन्होंने आग्रह किया कि फुटबॉल मैच के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे जिससे खिलाड़ियों का हौसला अफजाई होता रहे। इस बैठक में भाजपा नेता अशोक कुशवाहा ,राजन सिन्हा,संतोष कुमार, विकास यादव, अरविंद कुमार, अशोक रवि, कैलाश विश्वकर्मा, अनु, किशोरी, मुकेश ,किशुन प्रसद् आदि विशेष रूप से मौजूद थे।

### दो दिनों से युवक लापता, थाना में सनहा दर्ज

**बरही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत धनवार पंचायत के कोरियाडीह निवासी 22 वर्षीय युवक पिंटू कुमार पिता बासुदेव प्रसाद दो दिनों से लापता है। जानकारी देते हुए लापता युवक के पिता बासुदेव प्रसाद पिता स्व बिहारी महतो ग्राम कोरियाडीह ने बरही थाना में आवेदन देकर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बरही को अवगत करवाया कि उनका पुत्र 18 अगस्त को शाम लगभग 7 बजे से लापता है, काफी खोज बिन किया लेकिन उसका पता अब तक नहीं चल पाया है। उन्होंने बरही थाना में संहा दर्ज करवाते हुए खोज बिन की गुहार लगाई है। इस बाबत स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद के साथ पीड़ित परिवार बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर से मिलकर युवक की बरामदगी की गुहार लगाई है।

### कुजू : शौंडिक संघ कमिटि का गठन कल।



**कुजू।** झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ जगेसर-पलानी परगना की बैठक रविवार को यूथ रिक्रिएशन क्लब कुजू में हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के पूर्व केंद्रीय महासचिव धनेश्वर प्रसाद ने किया। बैठक में मुख्य रूप से संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अनिल प्रसाद, केंद्रीय महासचिव कुलदीप प्रसाद, केंद्रीय कोषाध्यक्ष शंकर प्रसाद, प्रो खिरोधर प्रसाद साहू, खोखेंद्र प्रसाद साहू, भीम प्रसाद साहू, प्रभु साहू, ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू, परमेश्वर साहू, दिलीप साहू, उमेश प्रसाद, गणेश साहू, संजय साहू शामिल हुए। बैठक में समाज उत्थान समेत विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए आपसी सहयोग व सेवाभाव के तहत समाज हित में कार्य करने की बात कही गई। वहीं 22 अगस्त को होने वाले कुजू ग्राम कमेटी के गठन को लेकर चर्चा हुई। मौके पर केंद्रीय सदस्य लखन प्रसाद, रतन प्रसाद, मोती प्रसाद, जनक प्रसाद, खिरोधर प्रसाद,मनोज प्रसाद, रवि साहू, राजेश प्रसाद, मनीष कुमार, महादेव प्रसाद, सूरज प्रसाद, अमरजीत कुमार साहू आदि शामिल थे।

### प्रधानमंत्री मोदी के सपनों को साकार करने में जुटे हैं सांसद जयंत सिन्हा : सुमन सिंह



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा द्वारा राष्ट्रहित में किए जा रहे सार्थक प्रयास की सराहना करते हुए जिला सांसद प्रतिनिधि डीएमएफटी के सुमन सिंह ने कहा की हजारीबाग लोकसभा क्षेत्रवासियों के लिए गर्व का विषय है कि सांसद जयंत सिन्हा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों को साकार करने के लिए वैश्विक परिदृश्य में राष्ट्र को तीसरे स्थान पर लाने के लिए दिन-रात एक किए रहते हैं। उन्होंने कहा कि सांसद जयंत सिन्हा क्षेत्र का चहंमुखी विकास के लिए हर सार्थक कदम तो उठा ही रहे हैं साथ ही सभी वर्गों के हितों का भी पूरा ख्याल रख रहे हैं। श्री सिंह ने सांसद श्री सिन्हा के कार्यों की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया है। साथ ही बधाई भी दी है। बधाई देने वालो में हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि नारायणचन्द्र भौमिक, मंडल उपाध्यक्ष अमरेश सिंह, जुगल नायक, भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप ठाकुर, महामंत्री सागर दांगी, आशीष शर्मा, देवेंद्र सिंह सहित दर्जनों भाजपाई शामिल हैं।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मना



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** भारत रत्न से सम्मानित स्वर्गीय राजीव गांधी की 79वीं जयंती चतरा स्थित कांग्रेस कार्यालय में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी भारत के पहले प्रधानमंत्री थे जिन्होंने आधुनिक भारत की नींव रखने में अहम भूमिका निभाई। भारत में दूरसंचार क्रांति लाए।आज जिस डिजिटल इंडिया की बात की जाती है वह राजीव गांधी की देन है। उन्हें डिजिटल इंडिया का वास्तुकार और सूचना प्रौद्योगिकी एवं दूरसंचार क्रांति का नायक हैं। राजीव गांधी की पहल पर, भारतीय दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना के लिए अगस्त 1984 में सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स की स्थापना की गई थी। इस पहल से शहर से लेकर गांवों तक दूरसंचार नेटवर्क की शुरूआत हुई। जगह-जगह पीसीओ खुल रहे थे. जिससे गांव के लोग भी संचार के मामले में देश-दुनिया से जुड़ सकें। फिर 1986 में राजीव की पहल पर एमटीएनएल की स्थापना हुई। इससे दूरसंचार के क्षेत्र में और विकास हुआ। 2024 के आम लोकसभा चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस के प्रवक्ता ने साफ तौर पर कहा कि 2004 से लेकर 2019 तक के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी दूसरे स्थान पर रहे। साल 2024 में गठबंधन का उम्मीदवार कांग्रेस पार्टी से ही होगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश पाठक, जिला महासचिव सुधीर दुबे, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष धीरज अंबेडकर, जिला महासचिव के कौसर, जिला महासचिव राजवीर, नगर उपाध्यक्ष मुबारक अंसारी, सिमरिया युवा विधानसभा अध्यक्ष अरुण यादव मौजूद थे., मिथिलेश साहू, नगर अध्यक्ष संतोष केशरी, जिला महासचिव इकबाल अंसारी, गढ़ौर प्रखंड अध्यक्ष महावीर दांगी, हंटरगंज प्रखंड अध्यक्ष साकित बिहारी शर्मा, शिव दल अध्यक्ष रंजन पांडे, कार्यालय प्रभारी अजीमुद्दीन ख्वाजा, ब्रह्मदेव पासवान, प्रवक्ता प्रमोद त्रिवेदी, रोहन यादव, कुलदीप पांडे, मीडिया प्रभारी विक्रम कुमार सिंह एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की 79वीं जयंती मनी



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न कंप्यूटर क्रांति के जनक स्व.राजीव गांधी की 79वीं जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए मनाई गई। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने सर्वप्रथम राजीव गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री पासवान ने अपने संबोधन में कहा कि स्व. राजीव गांधी सिर्फ तीन साल के थे और आजादी के 37 सालों बाद 40 की उम्र में वह देश के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बने। देश के इतिहास में अब तक इतनी ज्यादा सीटों के साथ कभी सरकार नहीं बनी है और भविष्य में भी ऐसा दोबारा होने की उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा स्व. राजीव गांधी के शासनकाल में 508 सीटों में से 401 सीटों पर कांग्रेस पार्टी का कब्जा था। वहीं प्रदेश सचिव नारायण वर्णवाल ने कहा कि देश में बिजली तकनीकी और कंप्यूटर सेवा बहाल करने पर उनका हमेशा जोर था और आज देश में अगर इतनी तेजी से कंप्यूटर तकनीक है तो इसमें राजीव गांधी का योगदान अमूल्य माना जाएगा।

वहीं जिप सदस्य लक्ष्मण यादव ने कहा कि राजीव गांधी का जन्म भारत के सबसे प्रमुख राजनीतिक परिवारों में से एक था। वह अपने परिवार के तीसरी पीढ़ी के राजनेता बने थे। अपने दादा पंडित जवाहरलाल नेहरू और मां इंदिरा गांधी के बाद भारत के प्रधानमंत्री बने थे। वहीं कांग्रेस नेत सईद नसीम ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी एक महान राजनेता के साथ एक महान व्यक्तित्व के इंसान थे। मौके पर तुलसी मोदी, राम लखन पासवान, संजय कुमार शर्मा, फहीम खान, राजू सिंह, सरोज मेहता, सदानंद पांडे, उपेंद्र सिंह, दशरथ पासवान, हृदानंद पांडे, फैयाज अब्बू केसर, कैलाश चंद्र शर्मा, रणजीत सिंह, बबलू तिवारी, मो.वसीम परवेज, मो. गालिफ, हृदानंद मिश्रा आदि मौजूद थे।

## 79वीं जयंती पर एक समारोह का आयोजन



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर कांग्रेस कमेटी सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रभात कुमार राम के आवासीय कार्यालय तिलैया बस्ती वार्ड नंबर 2 में रविवार को स्व.राजीव गांधी की 79वीं जयंती पर एक समारोह का आयोजन किया गया। वहीं अध्यक्ष प्रभात कुमार राम ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा की स्व.राजीव गांधी जी देश को इलेक्ट्रॉनिक युग के प्रवेश कराते हुए दूरसंचार, दूरदर्शन की नई दिशा दी। जिसका परिणाम यह है कि आज घर-घर में मोबाइल लैपटॉप देखा जा रहा है, लोग चंद्रमा पर जाने की तैयारी कर रहे हैं, इसमें काफी हद तक सफलता मिली है। जिसका श्रेय स्वर्गीय राजीव गांधी जी को जाता है। मौके पर प्रदेश कांग्रो कमेटी के सचिव मनोज सहाय पिंकू, पूर्व जिलाध्यक्ष निर्मल कुमार ओझा, पूर्व नगर अध्यक्ष गणेश प्रसाद स्वर्णकार, जिला कांग्रेस के प्रवक्ता संजय शर्मा, सचिव अरविंद सेठ, रवि शंकर सिंह, ओबीसी नगर अध्यक्ष सुभाष सिंह, कामेश्वर राम, दामोदर राम, आनंद राम, ईश्वर ठाकुर, राहुल कुमार, बिट्टू कुमार, सूरज कुमार, इनके अलावा सैकड़ो ग्रामीण महिला, पुरुषों ने भाग लिया।

### एक नजर में

## ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक संपन्न



बैठक करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के परती कुशवानी पंचायत के छाताकुण्ड स्थित स्तरोनन्त उच्च विद्यालय में रविवार को ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई।

मुखिया मुन्नी देवी की अयक्षता में आयोजित बैठक में पंचायत में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों, एएनएम, योजना परिचय, समुदाय परिचय, समुदाय आधारित निगरानी प्रपत्र, जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण, मलेरिया, पेयजल स्वच्छता की स्थिति आदि पर विस्तृत रूप से विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान 22 सदस्यीय समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अभिजीत कुमार गौरव को अध्यक्ष घोषित एवं सहिया ललिता देवी को सचिव मनोनीत किया गया। मौके पर मुखिया ने बताया कि बैठक में आंगनबाड़ी केंद्र के लिए सहिया का चयन करने, ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव करने और पंचायत के तीन वार्ड में वार्ड 10, 11, 12 की आंगनबाड़ी केंद्र को संचालित करने का निर्णय लिया गया है। मौके पर उप मुखिया माया देवी, फुलमति देवी, बीटीटी अनुज कुमार, जलसहिया प्रतिमा देवी, सहिया मनिका गुप्ता, वार्ड सदस्य रविन्द्र गुप्ता, वनरक्षी अरविन्द कुमार, शिवशंकर प्रसाद, प्रभुनाथ राम, मुकेश गुप्ता, रोहित कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## जागृति युवा सेना परिषद के अध्यक्ष बने रविंद्र



बैठक करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** प्रखंड के परती पंचायत में सामाजिक संगठन जागृति युवा सेना परिषद के पंचायत कमिटी का गठन किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से रविंद्र सिंह को अयक्ष, रंजन कुमार रजक को सचिव, अखिलेश कुमार प्रजापति को कोषायक्ष, मनीष कुमार रजक, सुजीत कुमार राम को उपायक्ष, बृजेश कुमार चौरी को उपसचिव, ीरज कुमार ठाकुर को संगठन मंत्री बनाया गया। इसके पश्चात सभी युवाओं ने अपने पंचायत और प्रखंड में आपसी भाईचारा बनाते हुए समाज हित में सामाजिक कार्य करने का संकल्प लिया। मौके पर युवा समाजसेवी छोटन कुमार सिंह ने कहा कि यह संगठन तीन सालों से लगातार समाज की सेवा करते आ रही है। और आगे भी करती रहेगी। इस संगठन के साथ जुड़कर कई समाजिक हित के लिए कार्य किया जा सकता है।

संगठन के अयक्ष पंकज कुमार यादव ने कहा कि सामाजिक संगठन को सभी पंचायत में विस्तार करना है। सभी पंचायत में कमिटी का गठन किया जाएगा। कार्यक्रम की अयक्षता रविंद्र सिंह एवं संचालन रंजन रजक ने किया। मौके पर संगठन के संस्थापक मनीष कुमार गुप्ता, सुजीत कुमार, संजय बैठा, जितेंद्र कुमार राम, आलोक सिंह, विनोद कुमार, सुजीत कुमार प्रजापति, कुंडल कुमार सिंह, अमित पासवान, मनीष रजक, रवि कुमार सिंह, विकाश यादव, पंकज यादव, दयानंद प्रजापति, रविन्द्र चेरो, यज्ञ नारायण राम, ओमकार सिंह, चंदन कुमार, धीरज ठाकुर, अखिलेश कुमार, समोद राम आदि लोग उपस्थित थे।

## जयंती पर याद किए गये भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी




खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती पर रविवार को कांग्रेस भवन चाईबासा में कांग्रेसियों ने दो मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व प्रधानमंत्री को कांग्रेसियों ने एक दूरदर्शी प्रधानमंत्री बताते हुए एक स्वर में कहा कि राजीव गांधी ने ही भारत को आधुनिकता की दौड़ में शामिल करवाने का कार्य किया, संचार क्रांति उन्हीं की देन है। कांग्रेसियों ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी भारत में सूचना क्रांति के जनक माने जाते है। देश के कंप्यूटराईजेशन और टेलीकम्युनिकेशन क्रांति तथा जवाहर नवोदय विद्यालय का सृजन का श्रेय भी राजीव गांधी को ही जाता है। स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण और मतदाता की उम्र 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष तक के युवाओं को चुनाव में वोट देने का अधिकार दिलवाने का कार्य भी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अपने कार्यकाल में ही किया था। उन्होंने त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था लागू करके पंचायतों को मजबूत करने का काम किया।

राजीव गांधी लोगों के दिलों में आज भी जिंदा है और हमेशा रहेंगे। राजीव गांधी का बलिदान राष्ट्र के लोगों के लिए सदैव अनुकरणीय रहेगा। मौके पर कांग्रेस के रंजीत यादव, त्रिशानु राय, दिकु सावैयां, जितेन्द्र नाथ ओझा, सुनित शर्मा, संतोष सिन्हा, जहाँगीर आलम, राकेश कुमार सिंह, प्रताप सिंह सावैयां, राजू रजक, जगदीश सामड, कार्तिक बोस, सुशील कुमार दास आदि उपस्थित थे।

### धर्म कांटा संचालक ने एश ब्रिक्स लोड ट्रक का वजन बताया 41 टन, जबकि था 75 टन

# दो बार वजन करने पर हुआ पासिंग के खेल का खुलासा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में धर्म कांटा के संचालक और कुछ कर्मियों की मिली भगत से ओवरलोड मालवाहक वाहनों के पासिंग का खेल चलाया जाता रहा है। इस खेल का खुलासा डीटीओ विजय कुमार सोनी के नेतृत्व में वाहनों की जांच के दौरान हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार डीटीओ के नेतृत्व में मालवाहक वाहनों की जांच को लेकर चलाए गए अभियान के दौरान एक फ्लाई एश ब्रिक्स लदा एक ट्रक को पकड़ा, जिसपर क्षमता से अधिक फ्लाई एश ब्रिक्स लदे रहने को लेकर डीटीओ की ओर से विभाग के कुछ कर्मियों को ट्रक को झुमरीतिलैया स्थित धर्म कांटा पर वजन करने के लिए भेजा गया, जहां एश ब्रिक्स लोड ट्रक का वजन धर्म कांटा के संचालक की




ओर से 41 टन बताया गया। इसके बाद ट्रक का मालिक और चालक परिवहन विभाग कार्यालय पहुंचकर डीटीओ को वहां पर क्षमता से कम लोड होने को लेकर गाड़ी छोड़ने को कहा।

जिसपर डीटीओ को संदेह हुआ, इसके बाद डीटीओ ने एमवीआई को दोबारा वाहन जांच के लिए तिलैया स्थित एक दूसरे धर्म काटा पर भेजा, मगर जैसी ही जानकारी मिलती है कि उक्त ट्रक कों दूसरे धर्म कांटा पर पहुंचने के पहले ही वहां पूर्व से संचालित धर्म कांटा एकाएक बंद हो गया। इसके बाद एमवीआई ने उक्त ट्रक को दोबारा से उसी धर्म कांटा पर वजन करने को ले गए। जहां दोबारा से जप्त ब्रिक्स लदे उक्त ट्रक का वजन मापा गया तो उसमें लगभग 75 टन वजन के पलाई एश लदा पाया गया।

जानकारी के अनुसार दूसरी बार के वजन के दौरान भी धर्म काटा के संचालक की ओर से फोन पर किसी से बात कर यह कहा जा रहा था कि 75 टन का स्लीप 41 टन दिया। उसी दौरान एसबीआई वहां पहुंच गया और उसने संचालक से 75 टन का स्लिप देने को कहा। फिलहाल फ्लाई एश ब्रिक्स लदा ट्रक डीटीओ कार्यालय के बगल में खड़ी है। वहीं डीटीओ ने कहा कि ओवरलोड के अलावे उसके अन्य कागजातों में पाई गई डिफॉल्ट के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

## छापेमारी अभियान

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचगावां जंगल में रविवार को डोमचांच थाना पुलिस द्वारा अवैध महुआ शराब निर्माण के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 15 क्विंटल जावा महुआ व शराब बनाने वाले उपकरण को पुलिस ने नष्ट कर दिया। वहीं थाना प्रभारी अब्दुल्ला खां ने कहा कि अवैध महुआ शराब के खिलाफ डोमचांच थाना क्षेत्र में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

# आल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस का बैठक संपन्न

### रौशन अंसारी बने प्रखंड अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा।** प्रखंड क्षेत्र के कामता में आल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस का बैठक रखी गई जिसमे टंडवा प्रखंड अंतर्गत 18 गांव से अभिभावक समान सदर एवं सीक्रेटी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता अब्दुल सुभान एवं संचालन साजिद हुसैन ने किया। बैठक की मुख्य उद्देश्य गांव के रहनुमाई कर रहे लोग के मार्गदर्शन से एक होकर सभी विकाश की और कार्य करें। बैठक की अध्यक्षता कर रहे अब्दुल सुभान अंसारी ने कहा एक वक्त की रोटी कम खाएं लेकिन अपने बच्चों को शिक्षा जरूर दें। एवं मुख्य अतिथि हाजी इदरीश अंसारी (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) ने युवाओं को नशे से दुर रहने की हिदायत दी। तब ही समाज का विकाश संभव है। मंच पर बैठे दूर दराज से आये सभी मेहमानो ने बारी बारी से अपनी वक्ताओं को रखा। टंडवा प्रखंड के युवा



विकाश के लिए संगठित होकर कार्य करने की अवस्कता है जिसके लिए प्रखंड स्तरिये पद का चुनाव कर मोमिन कॉन्फ्रेंस से जोड़ा गया। जिसमे रौशन अंसारी टंडवा प्रखंड अध्यक्ष,साजिद हुसैन-कासिम अंसारी उपाध्यक्ष,इदरीश अंसारी सचिव,मोईन अंसारी कोषाध्यक्ष ,इजाजुल अंसारी जिला कमिटी ,सनाउल्लाह अंसारी कार्यकारी सदस्य चुना गया। मौके पर हाजी अब्दुल रहमान प्रदेश कमिटी मोमिन कॉन्फ्रेंस,हाजी इदरीश अंसारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,अब्दुल्लाह अंसारी प्रधान महासचिव,इस्लाम अंसारी प्रदेश सचिव,अव्दुल कय्यूम प्रदेश कमिटी, तस्दीक आलम कार्यकारी सदस्य, मनीर अंसारी, मंजूर अंसारी, आशिक अंसारी, मोहिब अंसारी, सईद अंसारी, गफूर अंसारी, हाफिज नेसार अहमद, जियाउल हक, अजीज अंसारी, मोबिन अंसारी, सकील अंसारी, अबरार अंसारी, समीउद्दीन अंसारी, रफीक अंसारी, गुलाम मुस्तफा, सराज अंसारी,सहमूद अंसारी,मिन्हाज अंसारी,गुलाम सर्वर, समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## सांप ने महिला को डसा

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड के उत्तरी पंचायत अंतर्गत चंचालमंडा में सर्पदंश की घटना में एक महिला घायल हो गई। वहीं महिला की पहचान 45 वर्षीय जीरा देवी के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम महिला अपने घर में काम कर रही थी। इसी दौरान उसे पैर के नीचे कुछ होने का अहसास हुआ। जब उसने नीचे देखा तो उसके पैर के नीचे एक विषैला सांप था। जब तक वो पैर हटाती सांप ने उसे डंस लिया। घटना के बाद परिजन उसे आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां महिला का इलाज किया जा रहा है।

## दस दिवसीय गणेश महोत्सव मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक सम्पन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी टंडवा के प्रसिद्ध चुंदरु धाम परिसर में दस दिवसीय गणेश महोत्सव मनाने को लेकर चुंदरु धाम में ग्रामीणों की बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंदिर समिति के अध्यक्ष मिथलेश गुप्ता एवं सन्चालन अवध राज ने किया। बैठक में गणेश महोत्सव मनाने को लेकर उपस्थित ग्रामीणों ने विचार -विमर्श किया। ततपश्चात पूजा कमिटी की पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष जागेश्वर दास, सचिव रामदेव पासवान एवं कोषाध्यक्ष कुंदन पासवान को चयनित किया गया। इस दौरान नवयुक्त तीनो पदाधिकारियों ने लोगों को सम्मान एवं सफलता पूर्वक पूजा सफल बनाने की संकल्प लिया। एवं कमिटी विस्तार के लिए आगामी 23 अगस्त को बैठक आयोजित की गई।

जिसमें बचे अन्य पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण को चयनित किया जाएगा। बैठक में अनिल दास देवकी रजक जयमंगल नायक संकर बरई अशोक ठाकुर गोविंद पासवान दीपक कुमार समेत सैंकड़ो लोग मौजूद थें।

### जेजेए टंडवा पत्रकारों की एक सूची जल्द सौंपेगा प्रशासन और प्रबंधन को

# पत्रकारों की बैठक में जेजेए टंडवा प्रखंड कमिटि का हुआ गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** स्थानीय होटल रुक्मिणी इन में रविवार को झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले पत्रकारों की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के चतरा जिला महासचिव विनय सिन्हा ने की। बैठक में पत्रकारों के विभिन्न मुद्दो पर विचार विमर्श के बाद जेजेए टंडवा प्रखंड कमिटी का गठन करने का निर्णय लिया। जिसमें सर्वसम्मति से रबीन्द्र बक्शी को अध्यक्ष, बीरेन्द्र साहु को सचिव तथा मनीष गुप्ता कोषाध्यक्ष चुने गए। इसके अलावा जेजेए से जुड़े टंडवा के पत्रकारों की सूचि सभी कार्यालयों समेत एनटीपीसी व सीसीएल की



परियोजनाओं को सौपने का निर्णय लिया गया। जिसमें विनय सिन्हा, रबीन्द्र बक्शी, बरुण सिंह, रुदेश नायक, बीरेन्द्र साहु, विजय शर्मा उर्फ गोपी, रबिन्द्र दास,अजीज अंसारी, जीतेन्द्र सिंह चौहान, मनीष गुप्ता,राजेश शर्मा, विकास शर्मा, कृष्ण मुरारी सिंह, शशि पाठक, कुलदीप दास का नाम शामिल है। इसके अलावा अनधिकृत रूप से प्रेस सिंबल वाले दोपहिया व चारपहिया वाहनों की जांच कर कार्रवाई करने की मांग स्थानीय प्रशासन से करने का निर्णय लिया गया। आगामी 9 सितम्बर को जेजेए चतरा जिला कमिटि की बैठक टंडवा में आयोजित कराने का निर्णय लिया गया। जिसकी तैयारी को लेकर तीन सितम्बर को टंडवा प्रखंड कमिटि की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। पत्रकारो को संबोधित करते हुए विनय सिन्हा ने कहा कि पत्रकारिता का उदेश्य जनहित मे कार्य करना है और टंडवा की विकास के सवाल पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वच्छ पत्रकारिता करने की नसीहत देते हुए अनुशासन व एकजुटता पर बल दिया। बैठक मे उपस्थित पत्रकारो नें जेजेए संगठन के प्रति विश्वास जताते हुए एकजुटता का संकल्प लिया। वहीं दूसरी तरफ नवमनोनीत अध्यक्ष रबीन्द्र बक्शी, सचिव बीरेन्द्र साहु, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता ने सांगठनिक दायित्वों पर खरा उतरने की वचनबद्धता दुहरायी गई।


## बस और कार में जोरदार टक्कर, दो घायल



**टंडवा।** आम्रपाली चंद्रगुप्त परियोजना की जनरल पाली में चलने वाली अमन बस आम्रपाली जीएम कार्यालय आ रही थी। इस दौरान बसरिया मोड़ समीप टंडवा से आ रही अर्टिगा कार के बीच हुई जोरदार टक्कर। जिससे कार में सवार बचरा निवासी अनूप कुमार वर्मा एवं बिलारी निवासी छोटी कुमारी बुरी तरह घायल हो गई। घटना के पश्चात आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टंडवा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस की टीम ने घटना की जायजा लिया एवं क्षतिग्रस्त दोनों गाड़ी को थाना लाया गया एवं जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेसियों ने मनायी राजीव गांधी की 79 वीं जयंती

## बरछिया मे घर का ताला तोड़कर दिन दहाड़े चोरी



चोरी की घटना के बाद बिखरा सामान।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के बरछिया मे रविवार दो पहर अज्ञात चोरों ने रामकुमार उरांव, पिता बढ़न उरांव के घर का ताला तोड़ कर दिनदहाड़े नकद सहित जेवरात की कर ली गई। घटना के संबंध में पीडित ने जानकारी देते हुए बताया कि हम सभी परिवार सुबह घर मे ताला लगाकर खेत मे धान रोपने चले गए थे। लगभग 11 बजे आस पास के लोगों द्वारा जानकारी मिली की घर का मुख्य दरवाजा पर लगा ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही घर पहुंच कर घर के अंदर प्रवेश किए तो सभी कमरे का दरवाजा खुला देखे। कमरे मे रखा बडा बक्सा खुला था और उसमें रखा सारा सामन इधर-उधर बिखरा पड़ा था। अज्ञात चोरों ने पूरे घर को खंगालते हुए बड़ा बक्सा मे रखे 40 हजार रुपये नकदी और लगभग पच्चास हजार रुपये का जेवरात लेकर फरार हो गए, घटना की सूचना उन्होंने पुलिस को आवेदन के माध्यम से देने की बात कही।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 79 वीं जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम अध्यक्षता कर रहे रीगन कुमार ने पूर्व प्रधामंत्री के चित्र पर माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित कर किया। वहीं दर्जनों उपस्थित कांग्रेसीयों ने बारी बारी से पुष्प अर्पित किया। राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रीगन ने संबोधित करते हुए कहा कि राजीव गांधी को राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं थी। और वह एक एयरलाइंस पायलट की नौकरी करते थे। वर्ष 1980 में अपने छोटे भाई संजय गांधी की आकस्मिक हवाई जहाज दुर्घटना में निधन हो गया। इसके बाद अपनी माता इंदिरा गांधी को साथ देने के लिए 1981 में राजनीति में आए। और अमेठी से लोकसभा से चुनाव जीतकर सांसद बने। 31अक्टूबर 1984 को अंग रक्षकों द्वारा प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या किए जाने के बाद भारत के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बने। मौके पर कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष मो मुमताज, उप प्रमुख निशा शाहदेव, युवा नेता लाल आशिस नाथ शाहदेव, कुलदीप राम, निरंजन यादव, मो इमतियाज, मो तौफीक, मो खालिद, मो साजिद, जगदीश उरांव, राजेश उरांव, सुरेन्द्र कुमार, मो जुबैर, मो नजरूल, मो इजराइल सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।



राजीव गांधी की जयंती मनाने कांग्रेसी।

## बालूमाथ में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती मनाई गई

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ कांग्रेस कमिटी के द्वारा स्व राजीव गांधी का 79वीं जयंती मनाई। कांग्रेसी कार्यकताओं ने सर्वप्रथम राजीव गांधी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। मौके पर बोलते हुवे प्रखंड अध्यक्ष मो आमिर हयात ने कहा की स्व. राजीव गांधी को भारत में संचार क्रांति का जनक कहा जाता है। राजीव गांधी वैसे जननायक थे जो आज भी लोगों के दिलो में बसते हैं। उन्होंने संचार क्रांति के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। उन्होंने नौजवानों को मताधिकार, पंचायती राज की स्थापना, महिलाओं की सुरक्षा एवम सरकारी नौकरियों में उचित स्थान दिलाने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए। जिला उपाध्यक्ष हाजी मोतिउर्रहमान ने कहा कि राजीव गांधी कांग्रेस शासन काल में अक्टूबर, 1984 से लेकर दिसंबर 1989 तक देश के प्रधानमंत्री रहे थे। भारत जब गुलामी की जंजीरों को तोड़कर स्वतंत्रता की खुशियां मना रहा था, तब राजीव गांधी महज तीन वर्ष के थे। गौरतलब है कि राजीव गांधी आजाद भारत के सबसे कम उम्र में देश के पीएम बने थे। राजीव गांधी स्वभाव से बेहद सरल व सीधे थे। पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मो जुबैर ने कहा की राजीव गांधी का व्यक्तित्व इतना बड़ा था कि उन्हें सिर्फ राजनीतिक व्यक्ति के रूप में आंकना न्यायोचित नहीं होगा।

वस्तुतः वे चिंतक थे, विचारक थे और सच्चे लोकतंत्रवादी थे। पंजाब, असम और मिजोरम समझौते किए, जिससे इन प्रदेशों में वर्षों से चल रही उथल-पुथल, अशांति एवं हिंसक गतिविधियों पर विराम लगा और हजारों अलगाववादी-उग्रवादी भी समाज की मुख्य धारा से जुड़े। इस जयंती में मो. आकिब, विनोद भुइंया, गोबिंद, वाशिम, साजिद, साबिर, समीर इत्यादि उपस्थित थे।

### महुआडांडः स्वर्गीय राजीव गांधी की मनाई गई जयंती

**महुआडांड।** अम्बेडकर चौक स्थित प्रखंड युथ कांग्रेस कार्यालय में रविवार को प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमीर सोहेल के नेतृत्त्व में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती मनाई गई एवं उनके तस्वीर में माला पहनाकर सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। मौके पर राजसभा सांसद प्रतिनिधी मनिका विधान सभा क्षेत्र के अजीत पाल कुजूर, 20सूत्री अध्यक्ष सह प्रखंड उपप्रमुख अभय मिंज, रामनरेश ठाकुर, नुरूल अंसारी, सद्दाम हुसैन (शेरू), बसारत अली, अलाउद्दीन अंसारी, सद्दाम खान, संजय आदि मौजूद थे।

## विधायक ने फुटबॉल टूनार्मेंट का किया उद्घाटन

➲ शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल भी जरूरी है : रामचंद्र सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** रविवार को चुंगरू पंचायत के नावाडीह खेल मैदान में दुर्गा फुटबॉल क्लब के तत्वाधान में फुटबॉल टूनार्मेंट के उद्घाटन मैच का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने फीता काटकर और फुटबॉल को किक मारकर किया। इस दौरान उन्होंने बारी-बारी से दोनों टीमों के खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। जहां विधायक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह मनुष्य को जीवन जीने के लिए भोजन व पानी जरूरी है, ठीक उसी प्रकार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल भी जरूरी है। खेल के माध्यम से आपस में भाईचारा बढता है। उन्होंने कहा कि खेल भी शिक्षा का एक अंग है। खेल के माध्यम से मनिका विधानसभा क्षेत्र के कई लोग कांस्टेबल से ऑफिसर तक का सफर तय किए है। इसलिए खेल को लगन मेहनत और ईमानदारी से खेलें। वहीं टूनार्मेंट का पहला मैच बारीचट्टान और बत्तीस माइल पतकी की टीम के बीच खेला गया। कार्यक्रम में मुखिया बलदेव परहिया, वरिष्ट नेता अनिल सिंह, समाजसेवी शिवानंद तिवारी, यूथ कांग्रेस प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, छिपादोहर थाना के एसआई रंजित राम, राजू परहिया, श्याम बिहारी प्रसाद, धर्मेंद्र सिंह, आनंद यादव, अमित कुमार, सुजीत कुमार, सुदामा प्रजापति, मुजीबुर रहमान, प्रमोद सिंह, राजेश्वर ठाकुर, सुनील सिंह, श्रवण सिंह, पीतांबर यादव, राजदेव परहिया और अजय प्रसाद सहित सैकड़ो खेल प्रेमी मौजूद थे।



फीता काटकर टूनार्मेंट का उद्घाटन करते विधायक।

## तेज रफ्तार कार से बचने के प्रयास में ऑटो पलटी, टला बड़ा हादसा

➲ चंदवा शहर में लोगो के जान पर आफत बन रही है बेकाबू रफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** एनएच-22 रांची चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा शहर के गैरेजलेन एंबीशन कंप्यूटर के समीप शनिवार की देर शाम एक तेज रफ्तार कार से बचने के प्रयास में ऑटो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हालांकि खुशकिस्मती रही कि जिस वक्त दुर्घटना हुई टेंपो में कोई यात्री सवार नहीं था, अन्यथा जानमाल की भी क्षति हो सकती थी। एनएच पर दुर्घटनाग्रस्त ऑटो को स्थानीय लोगों के द्वारा हटाकर आवागमन को सामान्य कराया गया। बता दे कि एनएच 22 पर नई सड़क निर्माण कार्य होने के बाद से ही चंदवा शहर में वाहनों की गति काफी बढ़ गई है, वाहनों के तेज गति के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं देखने को मिल रही है और लोगों को जान माल की भी क्षति उठानी पड़ रही है। खासकर नई पीढ़ी के युवा दोपहिया-चार पहिया वाहन को काफी तेज गति से शहर में चला रहे हैं जिस पर किसी का लगाम नही है। चंदवासियों ने प्रशासन से शहर में वाहनों की गति सीमा निर्धारित करने व तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले लोगों को खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## आदिवासी समन्वय समिति की बैठक संपन्न, 25 को होगा समिति का विस्तार



बैठक में मौजूद समाज के लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सदर प्रखंड अंतर्गत आदिवासी समन्वय समिति का समीक्षा बैठक आदिवासी वासा ओड़ा लातेहार में बैठक किया गया, जिसकी अध्यक्षता आदिवासी समन्वय समिति के संयोजक मंडल एडवोकेट बिरसा मुंडा ने की। इस बैठक में 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस को आक्रोश दिवस के रूप में मनाया गया था, उस कार्यक्रम में सामाजिक स्तर पर जो भी आय व्यय किया गया था उसका लेखा-जोखा समिति के द्वारा पेश किया गया। आदिवासी समन्वय समिति का आगामी बैठक 25 अगस्त 2023 को रखा गया है। सर्व समिति से पारित किया गया की आगामी बैठक में आदिवासी समन्वय समिति को विस्तार करने का बातें कही गई। समिति के माध्यम से यह भी बताया जाएगा कि समाज के ऊपर लगातार हो रहे अत्याचार शोषण के विरुद्ध संवैधानिक स्तर पर किस तरह से एकजुट होकर के अपना हक अधिकार के प्रति बोलना है। बालूमाथ में माफियाओं के आड़ में भोले भाले आदिवासियों को बेवजह परेशान एवं झूठे केसों में फसाने का साजिश रचा जा रहा है इस पर आदिवासी समन्वय समिति घोर निंदा करती है। मौके पर मुखिया प्रवेश उरांव, सर्वजीत उरांव, सेलेस्टीन कुजूर, लाल मोहन सिंह, चमरू उरांव, आर्सेन तिर्की, राजेश उरांव, सरोज लोहरा, रंथु उरांव, महेंद्र उरांव, राजेश्वर उरांव, धनलाल उरांव व अन्य लोग उपस्थित थे।

## चंदवा में कांग्रेस पार्टी ने मनायी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती



जयंती पर राजीव गांधी को याद करते कांग्रेसी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की 79वीं जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई। सर्वप्रथम राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के निमार्ता थे। सिर्फ अपने देश हिंदुस्तान में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के संचार क्रांति के जनक थे। आज जो हम यह घर-घर हर हाथ में कंप्यूटर और मोबाइल देख रहे हैं उन्हीं की देन है। छात्रों नौजवानों को उन्होंने जो पहले से वोट देने का अधिकार 21 साल का था उसे इन्होंने नौजवानों को राजनीति की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए 18 वर्ष अपने ही शासनकाल में करवाया था जिसका लाभ पूरे हिंदुस्तान के छात्र नौजवान आज भी ले रहे हैं। उन्होंने ही पंचायती राज व्यवस्था को अलग ताकत देने की वकालत की थी एवं कहा था की पंचायतों के लिए जो राशि भेजी जाती है, पंचायत को मिलनी चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी रामयश पाठक, श्रीराम शर्मा, निर्मल भारती, कैलास बैठा, बालजी उरांव, जमीर टेलर, सागर प्रजापति, रिझरुस पाल एक्का, दामोदर उपाध्याय, छटन राम, नरायण गंझु, मंटु राम, साफिया बेगम, हसीबा बीवी, मंजू देवी, ममता देवी, मतिया देवी, बाबर खान, हाफिज शेर मोहम्मद, रौशन टेलर, सरफुद्दीन राईन, रफीक मियां, सदाम खान, सुरेश उरांव, वसीम अहमद, अली मोहम्मद खान, मो. इसलाम समेत कई लोग शामिल थे।

## शंभु प्रसाद के विरोध में खुलकर मुखर हुए भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी आलोक कुमार

➲ कहा कि निष्ठावान कार्यकर्ताओ से तानाशाह के जैसा करते हैं व्यवहार मंडल अध्यक्ष, बदलाव ही एकमात्र विकल्प



आलोक कुमार।

**महुआडांड।** लातेहार भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी आलोक कुमार शनिवार को महुआडांड भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद के कार्यकलाप के खिलाफ मिडिया के समक्ष खुलकर मुखर हुए एवं कहा कि महुआडांड भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद जबसे महुआडांड भाजपा मंडल अध्यक्ष का प्रभार ग्रहण किये हैं वरीये भाजपा नेता एवं निष्ठावान भाजपाई कार्यकताओं की भावनाओं की अनदेखी करते हैं एवं उनसे तानाशाह जैसा व्यवहार करते हैं, जैसे कि कोई उनका नौकर हो। शंभू प्रसाद भाजपा के कार्यक्रमों मे निष्ठावान कार्यकर्ताओ को नही बुलाते हैं व कुछ लोगों तक ही सिमट कर रह गये हैं। शंभू प्रसाद के कार्यकलाप से महुआडांड प्रखंड के भाजपाईयों में काफी आक्रोश व्याप्त है। आलोक कुमार ने कहा की इसका एकमात्र विकल्प मंडल अध्यक्ष का बदलाव ही है।

## एक नजर में

### हाईवा ऑनर एसोसिएशन ने किया शोक सभा का आयोजन



**बालूमाथ।** लातेहार जिला हाईवा ऑनर एसोसिएशन द्वारा रविवार को न्यू बस स्टैंड के प्रांगण में एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू के आकस्मिक निधन के बाद उनके आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन किया। वही उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कि। हाईवा ऑनर एसोसिएशन के महासचिव मोहम्मद शाहनवाज ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद साहू के निधन से हाईवा ऑनर काफी दुखी है उनके कार्यकाल में एसोसिएशन अपने हक व आधिकार के लिए कई आंदोलन किया एवं सफलता पाई थी। उनके द्वारा किए गए कार्य को बुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर हाईवा ऑनर गोपाल सिंह, देवपाल प्रसाद, गौतम कुमार, शंभू राम, मोहम्मद इरफान, मंटू यादव, मोहम्मद आफताब, मोहम्मद अफरोज, दिनेश यादव, हरदयाल यादव, विकास कुमार, सोनू कुमार, मोहम्मद अल्ताफ, मोहम्मद अयूब, संतोष राणा, मो मनौवर, संदीप यादव, मोहम्मद मुजम्मिल, समित के लोग मौजूद थे।

### स्वर्गीय राजीव गांधी का मनायी गयी 79वीं जयंती

▫ राजीव गांधी ने जवाहर नवोदय विद्यालय की शुरूआत की : विश्वनाथ पासवान



**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित लैंपस के सामने कांग्रेस कार्यालय में दिन रविवार को प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर सिंह की अध्यक्षता में स्वर्गीय राजीव गांधी का 79वां जयंती मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस के कार्यकताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया और स्वर्गीय राजीव गांधी की जीवनी से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें कार्यकताओं को बताया साथ ही उनके आदर्शों पर चलने का सभी ने संकल्प लिया। वहीं बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने जवाहर नवोदय विद्यालय की शुरूआत किया था जिसमें आज हजारों गरीब, दलित, आदिवासी के बच्चे पढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर युग की शुरूआत भी उनके द्वारा ही की गई थी जिसे हमें आज आगे लेकर चलना है। वहीं जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र भारती ने कहा कि आज जो देश का हालत है उसे बदलने के लिए हमें स्वर्गीय राजीव गांधी के सोच को घर-घर में जिंदा करना होगा। वहीं प्रखंड अध्यक्ष राज किशोर सिंह व युवा प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश कुमार यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीबों की बात और हक की बात करता है। स्वर्गीय राजीव गांधी युवा प्रधानमंत्री थे हम सबों को उनके आदर्शों पर चलने की जरूरत है और उनके कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है। मौके पर युवा विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, उपाध्यक्ष विशाल कुमार पासवान, प्रखंड उपाध्यक्ष मोहन ठाकुर, प्रखंड सचिव बिजेंदर पासवान, विनय कुमार मंदिलवाल, लालू यादव, पवन कुमार, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## स्व. राजीव गांधी जी के सपनों का देश बनाना हमारा लक्ष्य : प्रिंस गुप्ता



**बरवाडीह।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में रविवार को कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता की अध्यक्षता में भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जंयती श्रद्धापूर्वक मनायी गई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने स्व. राजीव गांधी की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर देश के लिए दिए गए उनके योगदान के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई, और उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता ने कहा कि राजीव गांधी ने जवाहर नवोदय विद्यालय की शुरूआत कि थी जिसमे आज हजारो गरीब, दलित व आदिवासी के बच्चे पढते हैं। वहीं कंपयूटर युग की शुरूआत भी उनके द्वारा की गई थी। वंही प्रखंड उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता ने कहा कि आज जो देश का हालत है, उसे बदलने के लिए हमे स्व. राजीव गांधी जी कि सोच को घर-घर में जिंदा करना होगा। तभी एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। कार्यक्रम में संतोष मिश्रा, पंकज पासवान, संजीव सिंह, गोपाल चंद्रवंशी, सुभम दुबे, आलोक सिंह, बलराम सिंह, राणा प्रताप, इस्माइल अंसारी और औरंगजेब खान समेत कई लोग मौजूद रहे।

## प्राचार्य ने सीओ को आवेदन देकर कार्य पर रोक लगाने की मांग



**महुआडांड।** शिक्षा के क्षेत्र में राज्य का गौरव नेतरहाट आवासीय विद्यालय की जमीन पर अतिक्रमण कर मकान का निर्माण कराया जा रहा है। इस संबंध में निर्माण कार्य के लगभग दो महीने बाद नेतरहाट विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान ने अंचल कार्यालय में चिट्ठी लिखकर कार्य पर रोक लगाने की मांग की है। अंचल अधिकारी को लिखे पत्र में प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान ने बताया कि मुख्य विद्यालय के पीछे वाली जमीन पर प्रबिंदर सिंह के द्वारा अनाधिकृत तौर पर मकान का निर्माण कराया जा रहा है, इसलिए निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई की जाए। गौरतलब है कि प्रबिंदर सिंह के द्वारा नेतरहाट आवासीय विद्यालय में सामग्री आपूर्ति का कार्य किया जाता है ऐसे में विद्यालय की जमीन पर ही गृह निर्माण कराना कई तरह के सवाल खड़े करते है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि विद्यालय के जिम्मेदार के साथ मिलकर इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा हो, यदि मामले की जांच की जाए तो कई नए खुलासे हो सकते है। वहीं इस संबंध में महुआडांड़ सीओ अमरेन डांग ने बताया कि मामले को लेकर संबंधित हल्का कर्मचारी से जांच रिपोर्ट मांगी गई है, यदि विद्यालय की जमीन पर अतिक्रमण किया गया है तो निश्चित तौर पर निमार्णाधीन मकान को तोड़ दिया जाएगा और विधि सम्मत कारवाई की जाएगी।

**लापरवाही** ठेकेदार के लापरवाही के कारण महुआडांड प्रखंड स्थित चिकनीकोना ग्राम टापू में हुई तब्दील

# वाहनों का आवागमन ठप, लोगो को हो रही है परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड।** महुआडांड प्रखंड के ओरसापाठ पंचायत स्थित चिकनीकोना ग्राम ठीकेदार के द्वारा अधुरे कार्य कर छोड़ दिए जाने के टापू में तब्दील हो गया है। अधुरे में कार्य कर छोड़ दिए जाने के कारण इस ग्राम में किसी भी प्रकार के वाहनों यथा दुपहिया अथवा चारपहिया वाहनों का आवागमन पूर्णतः बाधित हो गया है, जिस कारण लोगो को आने जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, मरीजों को भी ढ़ो कर लाना ले जाना पड़ रहा है।



अधुरा पड़ा सड़क निर्माण कार्य।

### क्या है मामला, कौन है दोषी।

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत ग्रा. वि. वि.(ग्रा. का. मा.) कार्य प्रमंडल लातेहार के द्वारा मेढ़ारी से चिकनीकोना तक कुल लंबाई 1.6 कि.मी. पीसीसी रोड एवं पुल का निर्माण करना था। इस कार्य को करने का आदेश संवेदक ए. के. एंड आर. के. कंपनी को दिया गया था। यह योजना वर्ष 2021-22 की योजना है। पर ठीकेदार के कार्य करने की गति इतनी धीमी है कि कार्य एग्रीमेंट किये हुए दो वर्ष होने को हैं परंतु अभी तक कार्य दस प्रतिशत भी नही किया है। इसी योजना के मद से महुआडांड प्रखंड में इस कंपनी को मिले हैं दो कार्य, पर दोनो कार्य है अधुरा। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत ग्रा. वि. वि.(ग्रा. का. मा.) कार्य प्रमंडल लातेहार के द्वारा संवेदक ए. के. एण्ड आर. के. कंपनी को महुआडांड प्रखंड में दो कार्य मेढ़ारी से चिकनीकोना पीसीसी रोड एवं पुल तथा तंबोली से तिसीया तक पथ निर्माण आवंटित किया गया है। पर संवेदक ये दोनो कार्य को आधा अधूरा छोड़कर फरार है। वही संबंधित विभाग की चुप्पी भी रहस्यमयी बनी हुई है।

### क्या कहते हैं ग्रामीण।

चिकनीकोना ग्राम के ग्रामीण जय कुमार तुरी, सुरेश महतो, लालदीप महतो, सागर यादव, राजू उरांव आदि ने बताया कि ठीकेदार के द्वारा अधुरे कार्य कर छोड़ दिए जाने के हमारा ग्राम टापू में तब्दील हो गया है। हमे आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त से ठिकेदार पर कारवाई करते हुए शीघ्र पथ निर्माण कराने की मांग की है।

### क्या कहते हैं विभाग के जेई?

इस संबंध आरईओ विभाग के जेई प्रवीण ने बताया कि कार्य पूर्ण करने की अंतिम तिथी इसी माह अगस्त 2023 तक ही थी। इसे लेकर ठीकेदार को पत्र भी प्रेषित किया गया है। हांलाकि बाद मे कार्य का टाईम एक्सटेंशन बढ़ाते हुए समय सीमा मार्च तक बढा दिया गया है।

# गोइलकेरा में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के आरोप में ग्रामीण का गला रेता

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गितिलपी में नक्सलियों ने एक व्यक्ति की गला रेतकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 63 वर्षीय रांदो सुरीन के रूप में हुई है। वह कदमडीहा के वन ग्राम लोवाबेड़ा का निवासी था। नक्सलियों ने शनिवार-रविवार की मध्यरात्रि इस घटना को अंजाम दिया। रांदो को उसके घर से अगवा करने के बाद नक्सली 10 किमी दूर मुख्य सड़क पर लेकर आए और पुलिस का मुखबिर बताकर मार डाला । शव को गोइलकेरा-चाईबासा मार्ग में गितिलपी चौक के पास छोड़ दिया गया। पास में नक्सलियों ने पर्चे भी फेंके हैं। जिन पर पुलिस की मुखबिरी करने वाले एसपीओ को चेतावनी दी गई है। पुलिस के लिए काम करने वाले लोगों को भाकपा माओवादी के समक्ष सरेंडर करने को कहा गया है। बता दें कि इस इलाके में नक्सलियों की सक्रियता और उपस्थिति के कारण सुरक्षाबलों द्वारा लगातार नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। अभी चंद दिनों पहले ही नक्सलियों से पुलिस की मुठभेड़ हुई थी। वहीं सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के कई बंकर और कैंप को जंगल में। ध्वस्त कर दिया था। नक्सलियों के साथ मुठभेड़ की दो अलग-अलग घटनाओं में तीन जवान शहीद हो गए थे।



**अज्ञात नक्सलियों के खिलाफ केस दर्ज :** गोइलकेरा पुलिस ने घटना के बाद सुबह करीब 11 बजे मृतक के शव को बरामद किया। पुलिस को घटनास्थल तक पहुंचने में घंटों लग गए। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण पुलिस एहतियात बरतते हुए मौके पर पहुंची। परिजनों के बयान पर थाने में 10 से 12 अज्ञात नक्सलियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## स्पीड न्यूज

### बीएड सेमेस्टर-4 का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने शनिवार को बीएड सेमेस्टर-4 का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि पूर्व में जारी कार्यक्रम के अनुसार बीएड सेमेस्टर 4 का परीक्षा जहां 22 से 31अगस्त तक आयोजित होना था। वहीं अब यह परीक्षा 12 से 16 सितम्बर तक परीक्षा आयोजित होगी। झारखंड में हो रहे पीजीटी परीक्षा के कारण बहुत से छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से अनुरोध किया था कि परीक्षा तिथि को आगे बढ़ा दिया जाये। छात्रों के अनुरोध पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रहित में परीक्षा तिथि आगे बढ़ा दिया है। उक्त परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय का आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

### परीक्षा फॉर्म भरे जाएंगे 25 अगस्त से

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने शनिवार को सत्र 2021-24 के यूजी सेमेस्टर-3 का परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि घोषित किया है। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त कोर्स के छात्र-छात्राएं बिना विलंब शुल्क के 25 से 31 अगस्त तक परीक्षा फॉर्म भर सकते है। 200 रुपये विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म 1 से 3 सितंबर तक भर सकते है। 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म 4 से 6 सितम्बर तक ऑनलाइन भर सकते हैं। ऑनलाइन भरे गए परीक्षा फॉर्म का हार्डकॉपी 8 से 9 सितंबर के बीच संबंधित कॉलेज में जमा करना अनिवार्य होगा। परीक्षा फॉर्म भरने से सम्बंधित नोटिस विश्वविद्यालय का अधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

### ओल्ड कोर्स का परीक्षा कार्यक्रम घोषित

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने शनिवार को यूजी सेमेस्टर-1 ओल्ड कोर्स का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि जारी कार्यक्रम के अनुसार यूजी सेमेस्टर 1 ओल्ड कोर्स का परीक्षा 2 से 16 सितम्बर तक द्वितीय पाली में आयोजित होगी। परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय के अधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

### परीक्षा फार्म भरे जाएंगे 25 अगस्त से

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के संथाली कल्चर स्टडीज के एमए सेमेस्टर-1 का परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी किया है। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त कोर्स के छात्र-छात्राएं 25 से 31 अगस्त तक परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन भर सकते है। परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी 1 से 3 सितंबर तक संबंधित विभाग ने जमा करना अनिवार्य होगा।

### मनरेगा योजनाओ का बीडीओ ने किया समीक्षा

दुमका। सदर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने प्रखण्ड सभागार में मनरेगा के तहत योजनाओं की विस्तृत समीक्षा किया गया। समीक्षा के दौरान मनरेगा में लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवस सृजन करने का निदेश दिया गया। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बिरसा सिंचाई कूप योजना को शत्त-प्रतिशत स्वीकृति करने, बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत अभियान चलाकर पौधा रोपण करने का निदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त वीर शहीद पोटो हो खेल योजना के तहत प्रत्येक पंचायत में तीन खेल मैदान चिन्हित कर विकसित करने का निदेश दिया गया । खेल मैदान चिन्हित करने के लिए अंचल अधिकारी, दुमका से भी अनुरोध किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने, मजदूरों के जॉबकार्ड से आधार कार्ड का शत्प्रतिशत जोड़ने तथा आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण को भी जल्द से जल्द पूरा करने का निदेश दिया गया । आज के बैठक में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, सहायक अभियंता, मनरेगा, कनीय अभियंता, एवं रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## ज़िप उपाध्यक्ष ने किया स्पोर्ट्स दुकान का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** बायपास रोड नगवा स्थित सूर्या स्पोर्ट्स दुकान का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने नारियल फोड़कर व फीता काट कर किया। वहीं श्री तिवारी ने कहा कि स्पोर्ट्स दुकान के खुलने से स्पोर्ट्स से जुड़े सामग्री खरीदने में युवाओं को काफी सहूलियत होगी। लोग अच्छे स्पोर्ट्स साम्रगी खरीदने के लिए लंबी दूरी तय करते थे। इसके खुलने से लोगों को आसानी से सामान उपलब्ध हो सकेगा। स्पोर्ट्स दुकान के संचालक छोटू यादव ने कहा कि यहा सस्ते दर पर स्पोर्ट्स से जुड़ी सभी समान उपलब्ध कराए जाएंगे। इस मौके पर नवल सिन्हा, कृष्णा पासवान,कृष्णा यादव,दीपक यादव,कुन्दन यादव समेत अनेकों लोग उपस्थित थे।

### प्रशांत किशोर ने बताई बिहार में किस बात की होती है सबसे ज्यादा चर्चा

## हत्याओं पर सीएम नीतीश को दिखाया डेटा

खबर मन्त्र संवाददाता

**समस्तीपुर।** जन सुराज के सूत्रधार और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर समस्तीपुर में अपनी पदयात्रा कर रहे हैं। इस दौरान रविवार को बिहार में अपराध को लेकर नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में कुछ और चर्चा हो न हो, लेकिन लॉ एंड ऑर्डर की चर्चा जरूर होती है। मैंने जब पदयात्रा शुरू की थी तब महागठबंधन की सरकार बनी थी। बिहार में उस समय लोग दबी जुबान से आशंका जाहिर कर रहे थे कि महागठबंधन की सरकार बनी है, तो शायद लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ जाए। इसको लेकर लोगों के अंदर डर भी था। प्रशांत किशोर ने रविवार को पूसा में जन संवाद के दौरान कहा कि बिहार में पिछले छह महीने में जो लोगों के अंदर डर था। इस महागठबंधन की सरकार को लेकर वो कहीं न कहीं चरितार्थ और उससे भी बदतर होते दिख रहा है। पिछले कुछ दिनों पहले ही समस्तीपुर में दारोगा की हत्या हो गई थी, ये उसका उदाहरण है। हाल ही में जब हम लोगों ने जोड़ा था तो पता चला कि इस साल 18 मुखिया की हत्या हुई है और करीब करीब 7 चुने गए सरपंच मारे गए हैं। मारपीट डकैती, अपहरण जैसी आपराधिक घटनाओं का तो हिसाब ही नहीं है। चुनावी रणनीतिकार ने कहा कि पद यात्रा करके जब मैं फरवरी-मार्च में सीवान पहुंचा तो उसके बाद रोजाना कोई न कोई आदमी मुझे लॉ एंड ऑर्डर के बारे में बताता है। बता दें कि प्रशांत किशोर पिछले साल दो अक्टूबर से बिहार में पदयात्रा पर निकले हुए हैं। गांव-शहर, गली-मोहल्ले घूम-घूमकर लगातार लोगों से संवाद कर रहे हैं। इस दौरान नेताओं और पार्टियों कई मुद्दों को लेकर तीखा प्रहार कर रहे हैं।



## अश्विनी चौबे के बिगड़े बोल, राहुल गांधी की लेह यात्रा पर दिया विवादित बयान



खबर मन्त्र संवाददाता

**बक्सर।** केंद्रीय मंत्री सह बक्सर के सांसद अश्विनी चौबे ने रविवार को कांग्रेस पर जोरदार हमले बोलते हुए राहुल गांधी को डांसर तक कह दिया। उन्होंने कहा कि ये लेह में जाकर डांस कर रहे हैं। इनको किसानों से कोई मतलब नहीं है। राहुल गांधी मटर को दाल बोलते हैं। मिर्च को मूली बोलते हैं। किसान तो नरेंद्र मोदी के साथ हैं, इनको तो बस दूध रोटी खाओ और डांस करने लेह जाओ। बस यही इनका कार्यक्रम है।

दरअसल, बक्सर में केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया था, जहां पर उनके द्वारा बेरोजगार युवकों को नियुक्ति लेटर बांटे जा रहे थे। बक्सर में आयोजित रोजगार मेले के दौरान राहुल गांधी की लेह यात्रा को लेकर अश्विनी चौबे से सवाल किया गया। इस पर उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला। अश्विनी चौबे ने राहुल गांधी को डांसर बताया और कहा कि इन्हें पार्टी में भर्ती कर लें। वहीं, सीएम नीतीश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार में बेशर्मों की सरकार है। बिहार में हत्या, लूट दुष्कर्म जैसी घटनाएं अब आम बात हो गई है और कुर्सी कुमार बेशर्म होकर बैठे हुए हैं। साथ ही केंद्रीय मंत्री मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, भागलपुर सहित अन्य घटनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि बिहार में ना ही पुलिस सुरक्षित है, ना मां-बहन सुरक्षित है और ना ही पत्रकार सुरक्षित हैं। इन बेशर्म को फिर भी शर्म नहीं आती और कहते हैं अन्य राज्यों से बिहार में अपराध कम है। वहीं, अश्विनी चौबे ने 'इंडिया' गठबंधन पर कहा कि यह सारे चुनाव आते-आते सब भाग जाएंगे।

### हरि सहनी को विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने पर वीआइपी का आया रिएक्शन, कहा

## 'हमलोग बीजेपी को समर्थन...'

**पटना।** बिहार बीजेपी ने बड़ा फैसला किया है। विधान परिषद में हरि सहनी को नेता प्रतिपक्ष बनाया है. बीजेपी के इस फैसले के बाद बिहार में वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी की चर्चा होने लगी है। वहीं, इस मुद्दे पर वीआईपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता देव ज्योति ने कहा कि यह तो अच्छी बात है कि बीजेपी ने हरि सहनी को बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष बनाया है। ऐसे लोगों को पार्टी ने जगह दी है, लेकिन निषाद समाज गंगाजल लेकर कसम खा चुका है कि अगर आरक्षण नहीं तो वोट नहीं। हमलोग तो शुरू से कह रहे हैं कि अगर बीजेपी आरक्षण देती है तो हमलोग समर्थन देने के लिए तैयार हैं। एमएलसी हरि सहनी को बीजेपी कहीं मुकेश सहनी के काट के तौर पर तो लेकर नहीं आई है? इस सवाल पर देव ज्योति ने कहा कि कहां लालू यादव और कहां नवल किशोर यादव ये बात तो वही हो गई कि कहां हरि सहनी और कहां मुकेश सहनी। कोई फर्क नहीं पड़ेगा। बीजेपी तो हरि सहनी का एक बार टिकट भी काट चुकी है। बता दें कि बीजेपी ने रविवार को एक बड़ा बदलाव करते हुए हरि सहनी को बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष बनाया है।



## आज सीएम के कंट्रोल में कुछ नहीं है : आरसीपी सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**नालंदा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सह बीजेपी नेता आरसीपी सिंह ने रविवार को अपने गांव मुस्तफापुर में कार्यकताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में काफी संख्या में जिले से कार्यकर्ता पहुंचे थे। वहीं, इस दौरान बिहार में अपराध को लेकर नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की पहचान 2005 से 2010 तक 'सुशासन बाबू' के रूप में होता था, अपराधी कानून से डरते थे, उस समय लोगों के मन से डर और भय निकल गया था, लेकिन आज एकदम उल्टा है। जब हम नीतीश कुमार के साथ थे तो एक घटना घटती थी तब उसकी मॉनिटरिंग होती थी और उसके तह तक जाया जाता था। आज कुछ नहीं है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है कि नीतीश बाबू के कंट्रोल में बिहार में कुछ बचा नही है।

## सदर प्रखंड पंचायत समिति की बैठक हुई संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सदर प्रखंड के पंचायत समिति की बैठक प्रमुख, पंचायत समिति मिनुदी सोरेन की अध्यक्षता में प्रखण्ड सभागार आयोजित हुई। बैठक में पंचायत समिति सदस्य तथा सदर प्रखण्ड के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मियों ने भाग लिया। आज के बैठक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी - सह-सचिव पंचायत समिति, सदर द्वारा पिछली बैठक में पास किये गए प्रस्तावों तथा उसपर अबतक की गयी कार्रवाई से उपस्थित सभी सदस्यों को अवगत कराया गया। पंचवाड़ा साउथ कॉल ब्लॉक परियोजना (रेलवे साईडिंग) के अन्तर्गत प्राप्त अधियाचना प्रस्ताव पंचायत समिति से अनुमोदन हेतु प्रस्ताव रखा गया। उपस्थित सभी पंचायत समिति सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पंचवाड़ा साउथ कॉल ब्लॉक परियोजना (रेलवे साईडिंग) अन्तर्गत दुमका अंचल के 03 मौजा क्रमशः रानीडिण्डा, बागडुबी एवं ननकु कुरूवा में रैयती भूमि अर्जन करने के लिए अधियाचना प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पंचायत समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। पंचायत समिति सदस्यों से लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का अनुरोध किया गया। इसके अतिरिक्त नई योजनाओं का अभिलेख तैयार कर कार्यालय में जमा करने का अनुरोध किया गया ताकि 15 वीं वित्त आयोग अन्तर्गत पंचायत समिति का व्यय में अपेक्षित प्रगति लाया जा सके।

## साइबर अपराधी को छत्तीसगढ़ पुलिस मसलिया से पकड़ा रिमांड पर लिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** साइबर अपराध के आरोप में छत्तीसगढ़ पुलिस जिले के मसलिया थाना क्षेत्र के बड़ा डुमरिया गांव निवासी शाहनवाज अंसारी को गिरफ्तार कर शनिवार की देर शाम गिरफ्तार कर रिमांड पर अपने साथ ले गई। मामले की जानकारी थाना प्रभारी ईश्वर दयाल मुंडा ने देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के बड़ा डुमरिया निवासी शाहनवाज अंसारी की तलाश में छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के राजपुर थाना पुलिस दुमका पहुंची थी। मसलिया पुलिस के सहयोग से छत्तीसगढ़ पुलिस मोबाइल लोकेशन के आधार पट धर दबोचने में सफल रही। छत्तीसगढ़ पुलिस राजपुर थाना क्षेत्र के रविन्द्र प्रसाद के लिखित शिकायत पर छानबीन करते दुमका पहुंची थी। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया था कि फोन के माध्यम टाटा प्ले टीवी रिचार्ज कराया। जिसका बैलेंस तो कट गया, लेकिन रिचार्ज नहीं हुआ। पीड़ित अपनी समस्या दोस्त को बताया। दोस्त की सलाह पर गूगल सर्च इंजन में कस्टमर केयर से बात की। जिसके बाद कस्टमर केयर द्वारा एनिडेस्क ऐप के माध्यम से रास्का ऐप डाउनलोड कर बैंक खाता से संबंधित सारी जानकारी लिया। जिसके बाद पीड़ित के बैंक खाते से 6 बार मे 3.70 लाख की अवैध निकासी कर ली। मामले के लिखित शिकायत पर छत्तीसगढ़ पुलिस मोबाईल नंबर के धारक का तकनीकी सहयोग से लोकेशन के आधार पर दुमका पहुंची। जिसे मसलिया पुलिस की सहयोग से गिरफ्तार कर न्यायालय में बयान दर्ज करा रिमांड पर ले गई।



### आदित्य विजन इलेक्ट्रॉनिक दुकान के कैशियर 4.73लाख लेकर हुआ फरार, मामला दर्ज

**दुमका।** नगर थाना क्षेत्र के टाटा शोरुम के समीप आदित्य विजन इलेक्ट्रॉनिक दुकान के कैशियर पर 4.73 लाख रुपये लेकर फरार होने का मामला रविवार को सामने आया है। मामले में इलेक्ट्रॉनिक दुकान के मैनेजर प्रिंस कुमार सिंह ने थाना में लिखित शिकायत किया है। जिसमें कैशियर अंजनी कुमार सिंह पर 4.73 लाख रुपये गबन कर फरार होने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस मैनेजर के लिखित शिकायत पर पुलिस भादवी की धारा 381 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई।

## एक नजर में

### लड़की ने लहराई पिस्टल, पुलिस की कार्रवाई के बाद भी 'हंटर क्वीन' एक्टिव!

**पटना।** राजधानी का मरीन ड्राइव (गंगा पथ) इन दिनों सबसे ज्यादा रील्स बनाने के काम आ रहा है वायरल होने के चक्कर में युवा यहां आए दिन रील्स बनाते दिख जाएंगे। पटना पुलिस की कार्रवाई का भी असर नहीं हो रहा है। पटना के गंगा पथ से फिर एक लड़की का वीडियो सामने आया है जो हैरान करने वाला है। लड़की बाइक पर सवार होकर दोनों हाथों में पिस्टल लहरा रही है हालांकि जांच के बाद पता चलेगा ये पिस्टल है या कुछ और है। यह सब उस मरीन ड्राइव पर हो रहा है। जहां पुलिस सख्त अभियान चलाने का दावा कर रही है। पटना की पुलिस बार-बार ये कह रही है कि मरीन ड्राइव पर स्टंट करने वालों से लेकर कानून तोड़ने वाले सारे लोगों पर कार्रवाई हो रही है, लेकिन जो तस्वीर सामने आई है उससे यही लग रहा है कि रील्स के आगे कानून को तोड़ने से भी युवा बाज नहीं आ रहे हैं। पटना के सिटी एसपी वैभव शर्मा ने शनिवार (19 अगस्त) को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पुलिस के पास एक वीडियो आया है जिसमें बाइक पर सवार एक लड़की हथियार जैसा कोई चीज लहरा रही है पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है। बाइक का नंबर मिल गया है जल्द ही उस लड़की के साथ साथ बाइक चलाने वाले का पता चल जाएगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। बता दें कि इससे पहले भी एक लड़की ने बाइक पर सवार होकर पिस्टल के साथ मरीन ड्राइव पर स्टंट किया था बाद में पुलिस ने उसकी तलाश कर ली थी उसके बाद पुलिस ने बताया था कि लड़की ने पिस्टल नहीं बल्कि उसके जैसा दिखने वाला हथियार लाइटर लहराया था। लड़की पटना के लोहानीपुर की रहने वाली थी हंटर क्वीन के नाम से इंस्टाग्राम पर अकाउंट है जो अभी भी एक्टिव पर रील्स डाले जा रहे हैं पुलिस ने लड़की पर 34 हजार का जुमार्ना लगाया था एक साल के लिए गाड़ी का रजिस्ट्रेशन भी रद्द कर दिया था लेकिन वीडियो बनना जारी है लहरिया कट बाइक चलाने का वीडियो कार्रवाई के बाद भी पोस्ट किए जा रहे हैं।

### डबल मर्डर से थरार्या बेगूसराय

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय में महज 12 घंटे के अंदर ही डबल मर्डर की घटना हुई है पहली घटना शनिवार की देर शाम बदमाशों ने सिंघोल थाना क्षेत्र के कैलाशपुर दियारा क्षेत्र में गाड़ी पार्किंग के विवाद में पड़ोसी ने ही अंधाधुंध फायरिंग करके एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी इस घटना मे दो अन्य लोग अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं वहीं, दूसरी घटना बछवाड़ा थाना क्षेत्र के फतेहा गांव में बदमाशों ने मॉर्निंग वॉक के दौरान 70 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षक जवाहर चौधरी की गोली मारकर हत्या कर दी। इन घटनाओं से बेगूसराय में दहशत का माहौल बना हुआ है। एसपी योगेन्द्र कुमार ने कहा कि शनिवार की देर शाम वाहन पार्किंग के विवाद सिंघोल थाना के कैलाश पुर में फायरिंग की घटना हुई है, जिसमें विकाश यादव नामक युवक की हत्या हो गई और दो लोग घायल हो गए पुलिस ने तुरंत कारवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है अन्य की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है वहीं, दूसरी घटना रविवार की सुबह मॉर्निंग वॉक कर रहे एक रिटायर्ड शिक्षक जवाहर चौधरी को बदमाशों ने फतेहा गांव मे गोली मारकर हत्या कर दी घटना की सूचना मिलते ही तेघड़ा एसडीपीओ और बछवारा थानाध्यक्ष को घटनास्थल पर भेजा गया जांच की जा रही है। एसपी ने बछवारा थाना क्षेत्र में हुई हत्या को लेकर बताया कि जांच मे कुछ पहलू सामने आया है 2021 में जमीन विवाद में रिटायर्ड शिक्षक के छोटे पुत्र की हत्या हुई थी इस घटना रिटायर्ड शिक्षक के बड़ा पुत्र ही जेल गया था हालांकि, अभी एसपी के द्वारा स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई कि हत्या किसने किया है और हत्या की वजह क्या है पुलिस हर पहलू पर जांच की बात कह रही है अब मामले के खुलासे के बाद ही हत्या की वजह पता चल पाएग।

### सरकारी ऑफिस में कर्मचारी पर तान दी पिस्तौल

**जहानाबाद।** जिले के एक सरकारी दफ्तर में घुसकर सरकारी कर्मचारी कानूनगो पर एक व्यक्ति द्वारा पिस्तौल तानने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है मामला जहानाबाद के रतनी फरीदपुर प्रखंड के कंसुआ पंचायत भवन का है अमीन बालमुकुंद कुमार को वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है वीडियो में दिख रहा है कि कुर्सी पर बैठा एक युवक पहले तो सरकारी कर्मचारी से बहस करता है फिर किसी बात पर नाराज होकर अपने गुर्गों को बुलाकर अमीन पर पिस्तौल तान देता है इसके बाद धमकी देते हुए मारपीट करने लगता है वहीं, इस वीडियो की पूरे जिले में काफी चर्चा हो रही है।

## पेज एक का शेष

### सॉफ्ट लैंडिंग को...

इसका कई मंचों पर सीधा प्रसारण भी होगा। 'सॉफ्ट-लैंडिंग' का सीधा प्रसारण इसरो की वेबसाइट, इसके यूट्यूब चैनल, इसरो के फेसबुक पेज और डीडी नेशनल टीवी चैनल सहित कई मंचों पर उपलब्ध होगा।

### सीडब्लूसी में थरूर-सचिन ...

सीडब्लूसी की उसमें बड़ी भूमिका होती है। पिछले साल ही मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा कमेटी को भंग कर दिया गया था। सबसे पहले दिसंबर 1920 में इसका का गठन किया गया था। उस समय उसकी अध्यक्षता सी विजयराघवाचार्य ने की थी।

**सीडब्ल्यूसी सदस्य :** मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अधीर रंजन चौधरी, एके एंटनी, अंबिका सोनी, मीरा कुमार, दिग्विजय सिंह, पी चिदंबरम, तारिक अनवर, ललथनहावला, मुकुल वासनिक, आनंद शर्मा, अशोक चव्हाण, अजय माकन, चरणजीत सिंह चन्नी, प्रियंका गांधी वाद्रा, कुमारी सैलजा, गैखनगम, एन रघुवीर रेड्डी, शशि थरूर, ताम्रध्वज साहू, अभिषेक मनु सिंघवी, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, जितेंद्र सिंह, रणदीप सुरजेवाला, सचिन पायलट, दीपक बाबरिया, जगदीश ठाकोर, गुलाम अहमद मीर, अविनाश पांडे, दीपा दासमुंशी, महेंद्रजीत सिंह मालवीय, गौरव गोगोई, सैयद नासिर हुसैन, कमलेश्वर पटेल और केसी वेणुगोपाल।

**स्थायी आमंत्रित सदस्य :** वीरप्पा मोइली, हरीश रावत, पवन कुमार बंसल, मोहन प्रकाश, रमेश चेन्निथला, बीके हरिप्रसाद, प्रतिभा सिंह, मनीष तिवारी, तारिक अहमद कर्रा, दीपेंद्र हुड्डा, गिरीश चोडानकर, टी सुब्बारामी रेड्डी, के राजू, चंद्रकांत हंडोरे, मीनाक्षी नटराजन, फूलो देवी नेताम, दामोदर राजा नरसिम्हा, सुदीप रॉय बर्मन, ए चेल्लाकुमार, भक्त चरण दास, अजय कुमार, हरीश चौधरी, राजीव शुक्ला, मणिकम टैगोर, सुखजिंदर रंधावा, माणिकराव ठाकरे, रजनी पटेल, कन्हैया कुमार, गुरदीप सप्पल, सचिन राव, देवेंद्र यादव और मनीष चतरथ।

**विशेष आमंत्रित सदस्य :** पल्लम राजू, पवन खेड़ा, गणेश गोदियाल, कोडिकुनिल सुरेश, यशोमती ठाकुर, सुप्रिया श्रीनेत, परिनीति शिंदे, अलका लांबा और वीसी रेड्डी।

**पदेन सदस्य :** श्रीनिवास बीवी (युवा कांग्रेस) नीरज कुंदन (एनएसयूआई) नेटा डिसूजा (महिला कांग्रेस) और लालजी देसाई (सेवा दल).टीम में चरण जीत सिंह चन्नी, कुमारी शैलजा, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, रणदीप सिंह सुरजेवाला और गौरव गोगोई को जगह मिली है।

### सही ढंग से माइंस ...

उनके साथ एचसीएल के कार्यकारी सीएमडी घनश्याम शर्मा, निदेशक माइंस संजीव कुमार सिंह, निदेशक परिचालन संजीव पंजियार, आईसीसी के इकाई प्रमुख श्याम सुंदर सेठी, डीजीएम डीके श्रीवास्तव समेत कई अधिकारी भी अंदर गये। उन्होंने सही ढंग से माइंस संचालन करने का निर्देश दिया। सुरदा माइंस में खान सचिव का स्वागत प्रशासन की ओर से डीडीसी मनीष कुमार, एसडीओ सत्यवीर रजक, सीओ राजीव कुमार, एचसीएल की ओर से आईसीसी के इकाई प्रमुख श्याम सुंदर शेट्टी, डीएम डीके श्रीवास्तव, एक्टिंग माइंस मैनेजर विनय कुमार, ठेका कंपनी एमएम पीएल के डायरेक्टर एम भादुड़ी, प्रोजेक्ट इंचार्ज राजीव सोम एवं अभिषेक कुमार सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर किया।

स्पीड न्यूज

## इस्लामाबाद में बस और पिकअप में टक्कर, 16 की मौत

**इस्लामाबाद।** फैसलाबाद मोटर-वे पर रविवार को पिंडी भट्टियां के पास कराची से इस्लामाबाद आ रही एक यात्री बस की मालवाहक वाहन (पिकअप) से हुई टक्कर में 16 लोगों की जान चली गई। इस हादसे में 15 अन्य घायल हो गए। पिकअप में डीजल के ड्रम थे। मीडिया रिपोर्ट्स में जिला पुलिस अधीक्षक डॉक्टर फहद के हवाले से कहा गया है कि घायलों को पिंडी भट्टियन अस्पताल ले जाया गया। इस टक्कर के तुरंत बाद बस में आग लग गई। आसपास के लोगों ने खिड़कियां तोड़कर यात्रियों को बस से बाहर निकालने की कोशिश की। हादसे में दोनों वाहनों के ड्राइवरों की भी मौत हो गई।

## बांग्लादेश में बीएनपी नेता रॉबिन गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता तनवीर अहमद रॉबिन को आज दोपहर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोप है कि बीएनपी ढाका दक्षिण इकाई के कार्यवाहक सदस्य सचिव तनवीर को सादे लिबास में आई पुलिस उठा ले गई। पुलिस की खुफिया शाखा के सदस्य उन्हें दोपहर लगभग 12:30 बजे पार्टी के नया पलटन केंद्रीय कार्यालय के बाहर से पकड़ ले गए।

## पाक में मानवाधिकार वकील मजारी अरेस्ट

**इस्लामाबाद।** इस्लामबाद पुलिस ने रविवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की पूर्व नेत्री शिरीन मजारी की बेटी और मानवाधिकार वकील इमान हाजिर मजारी को गिरफ्तार करने की पुष्टि की है। पुलिस का कहना है कि मानवाधिकार वकील इमान को राज्य मामलों में हस्तक्षेप के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले सुबह शिरीन ने कहा था कि उनकी बेटी को पुलिस उठा कर ले गई है।

## अमेरिका में भारतीय परिवार के तीन सदस्य मृत मिले

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के मैरीलैंड राज्य में एक भारतीय दंपति और उनका छह साल का बेटा मृत मिला है। संदेह है कि पुरुष ने पत्नी और बच्चे की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार की दोपहर पुलिस को मूल रूप से कर्नाटक निवासी तीन लोग बाल्टीमोर काउंटी स्थित मकान में मृत मिले जिनके शरीर पर गोलियों के निशान थे।

## नेपाल में दो बैंकों के मलबे से 1.70 करोड़ कैश बरामद

काठमांडू। नेपाल के मुस्तांग जिले के कागबेनी में पिछले हफ्ते बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुए दो बैंकों के भवन के मलबे से 1.70 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए। बाढ़ से हालात सामान्य होने के बाद सरकार क्षतिग्रस्त भवनों के मलबे को साफ करवा रही है। इस दौरान दो बैंकों के मलबे से यह रुपये मिले हैं। मुस्तांग के प्रमुख जिलाधिकारी अनुप केसी ने बताया कि कागबेनी में 13 अगस्त को भारी बारिश एवं बाढ़ ने तटीय इलाके के कई घरों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया था। इन घरों के मलबे को हटाने के दौरान प्रभु बैंक और नेपाल इनवेस्टमेंट बैंक की कागबेनी शाखा भवन के मलबे से कुल 1.70 करोड़ नकद मिले।

## नीट के खिलाफ द्रमुक की भूख हड़ताल शुरू

**चेन्नई।** द्रमुक की नीट को रद्द करने की मांग को लेकर राज्यव्यापी भूख हड़ताल रविवार को पूरे तमिलनाडु में शुरू हुई। हड़ताल का नेतृत्व राज्य के मंत्री और पार्टी की युवा इकाई के प्रमुख उदयनिधि स्टालिन कर रहे हैं। उदयनिधि के साथ द्रमुक के वरिष्ठ नेताओं और कैबिनेट मंत्रियों दुरईमुरुगन, एम. सुब्रमण्यम और पीके शेखर बाबू, सांसद, विधायक और चेन्नई की महापौर प्रिया आर ने भी यहां वल्लूवर कोट्टम में प्रदर्शन में भाग लिया।

# अब मनरेगा के काम की ड्रोन से होगी निगरानी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ग्रामीण इलाकों विशेषकर कृषि क्षेत्र में मानव रहित हवाई यानों के इस्तेमाल पर केंद्र के जोर देने के अनुरूप ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मनरेगा के तहत कार्यों की निगरानी के लिए ड्रोन के इस्तेमाल को लेकर एक नई नीति तैयार की है। ड्रोन का इस्तेमाल कार्यों की निगरानी, पूर्ण कार्य के निरीक्षण और प्रभाव मूल्यांकन के लिए होगा। इसका इस्तेमाल शिकायतों के समाधान के लिए प्रत्येक जिले में नियुक्त लोकपाल द्वारा भी किया जा सकता है। ड्रोन का इस्तेमाल करने पर व्यय महात्मा

**▶▶ इसका इस्तेमाल प्रत्येक जिले में नियुक्त लोकपाल करेंगे**

गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना के प्रशासनिक आकस्मिक घटक के तहत किया जा सकता है, जो राज्य को आवंटित निधि का लगभग 10 प्रतिशत है।

इसके लिए कोई अतिरिक्त आवंटन नहीं किया गया है और राज्यों को ड्रोन प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करने में विशेषज्ञता वाली एजेंसियों को नियुक्त करने का निर्देश दिया गया है। मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) वाले परिपत्र में कहा गया, ड्रोन के



इस्तेमाल का लाभ उठाने के लिए मनरेगा के तहत कार्यों और संपदा की गुणवत्ता की निगरानी और निरीक्षण के लिए इस तकनीक का उपयोग करने का प्रस्ताव किया गया है। काम शुरू होने से पहले, निष्पादन के दौरान और काम पूरा होने के बाद तस्वीरें खींचकर कार्यों की निगरानी के लिए ड्रोन का उपयोग किया जाएगा। योजना के तहत किए गए प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, जल और कृषि संबंधी कार्यों के प्रभाव मूल्यांकन के संबंध में समय-समय के डेटा के लिए भी ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा।

### ऑनलाइन साझा होंगे वीडियो और तस्वीरें

मंत्रालय ने एसओपी में निर्देश दिया है कि इस्तेमाल किए जा रहे ड्रोन में उच्च गुणवत्ता वाला कैमरा होना चाहिए। उपयोगकताओं को तस्वीरों में छाया को कम करने के लिए सूर्य की बेहतर रोशनी की स्थिति में ड्रोन के माध्यम से निगरानी करने के लिए भी कहा गया है। इसमें कहा गया कि ड्रोन के माध्यम से लिए गए सभी वीडियो और तस्वीरों को ऑनलाइन प्रणाली ह्यनरेगा सॉफ्ट के साथ साझा किया जाना चाहिए। तुलनात्मक अध्ययन के लिए डेटा का संग्रह किया जाना चाहिए।

**शिकायतों की हो सकेगी जांच:** परिपत्र में कहा गया कि किए गए कार्य या निर्माण के खिलाफ शिकायतों की जांच के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करके विशेष निरीक्षण भी किया जाएगा। इससे प्रत्येक जिले में नियुक्त लोकपालों को शिकायतें प्राप्त करने में मदद मिलेगी। लोकपाल कार्यों के सत्यापन के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

## सरकार इस साल खरीदेगी दो लाख टन प्याज

**नयी दिल्ली।** सरकार इस साल प्याज का बफर स्टॉक पांच लाख टन करने के लिए दो लाख टन अतरिक्त प्याज खरीदेगी और खुदरा बिक्री में इसका उपयोग करेगी। सरकार ने रविवार को यह घोषणा की। इससे एक दिन पहले ही सरकार ने प्याज की कीमतों पर नियंत्रण करने के लिए इसके निर्यात पर 40 प्रतिशत कर लगाने की घोषणा की थी। चालू वित्त वर्ष के लिए प्याज के बफर स्टॉक के लिए लक्ष्य तीन लाख टन रखा गया था, जो हासिल कर लिया गया है। फिलहाल बफर स्टॉक को चुनिंदा राज्यों के लक्षित बाजारों में स्थानीय आपूर्ति सुधारने और मूल्य वृद्धि पर लगाम कसने के लिए खपाया जा रहा है।

झारखंड के लोहरदगा में नक्सलियों के ठिकाने से हथियार बरामदी मामला

# एनआइए ने 16 लोगों के खिलाफ दाखिल किया पूरक आरोप पत्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पिछले साल झारखंड में भाकपा (माओवादी) के एक ठिकाने से हथियार एवं गोलाबारूद जब्त होने से जुड़े एक मामले में एक महिला सहित 16 आरोपियों के खिलाफ एक पूरक आरोप पत्र दाखिल किया है। आतंक रोधी संघीय एजेंसी के प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं, शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम और गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत शनिवार को एक विशेष अदालत में पूरक आरोप पत्र दाखिल किया गया। झारखंड पुलिस ने 18 मई 2022 को नौ आरोपियों के खिलाफ एक आरोप



पत्र दाखिल किया था। यह मामला प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) के कार्यकताओं की गिरफ्तारी और पिछले साल 21 फरवरी को लोहरदगा जिला स्थित पेशरार पुलिस थाना क्षेत्र से भारी मात्रा में हथियार एवं गोला-बारूद जब्त होने से संबद्ध है। एनआईए ने 14 जून, 2022 को मामले की जांच की जिम्मेदारी संभाली थी। एनआईए प्रवक्ता ने बताया कि जिले के एक वन क्षेत्र में छापेमारी के बाद गिरफ्तारी और जब्ती की गई थी। स्थानीय पुलिस और केंद्रीय सीआरपीएफ ने एक संयुक्त अभियान चलाया, जिस दौरान माओवादी के कार्यकर्ताओं ने हरकट्टा टोली और बांग्ला पाट में बाहबर जंगल के रास्ते में सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी की।

### सुरक्षा बलों व बॉक्साइट खान में हमले के लिए एकत्र हुए थे 60 लोग

वहां नक्सली के क्षेत्रीय कमांडर रवींद्र गंझू इसके सक्रिय सदस्य बलराम उरांव, मुनेश्वर गंझू, बालक गंझू, दिनेश नागेसिया, अघनु गंझू, लजीम अंसारी, मरकुश नागेसिया, संजय नागेसिया, शीला खेरवार, ललिता देवी तथा करीब 40 से 60 अन्य लोग सुरक्षा बलों पर एवं बॉक्साइट खान क्षेत्र में हमले की साजिश रचने के लिए एकत्र हुए थे।

प्रवक्ता ने बताया कि एनआईए की जांच में यह खुलासा हुआ कि माओवादी के हथियारबंद कार्यकर्ताओं और सदस्यों ने हिंसक कृत्यों और गैर कानूनी गतिविधियों की साजिश रची तथा देश की सुरक्षा को खतरे में डाला।

## एप पर जीएसटी बिल अपलोड करने से जल्द मिलेगा इनाम

**नयी दिल्ली।** आम लोगों को जल्द ही एक मोबाइल ऐप पर जीएसटी चालान अपलोड करने के लिए इनाम मिल सकता है। सरकार बहुप्रतीक्षित मेरा बिल मेरा अधिकार योजना जल्द शुरू करने जा रही है। दो अधिकारियों ने बताया कि चालान प्रोत्साहन योजना के तहत खुदरा या थोक विक्रेता से मिले बिल (इनवॉइस) ऐप पर अपलोड करने वाले लोगों को मासिक/त्रैमासिक 10 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये तक का नकद पुरस्कार दिया जा सकता है। मेरा बिल मेरा अधिकार ऐप आईओएस और एंड्रॉइड दोनों मंच पर उपलब्ध होगा।

ऐप पर अपलोड किए गए इनवॉइस में विक्रेता का जीएसटीआईएन, इनवॉइस नंबर, भुगतान की गई राशि और कर राशि की जानकारी होनी चाहिए। एक अधिकारी ने कहा कि एक व्यक्ति एक महीने में अधिकतम 25 बिल अपलोड कर सकता है, जिसका न्यूनतम मूल्य 200 रुपये होना चाहिए। उन्होंने बताया कि योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है और इसे जल्द जारी किया जा सकता है।

# गंगोत्री हाइवे पर खाई में गिरी बस, सात की मौत

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड में गंगोत्री दर्शन कर लौट रही गुजरात के यात्रियों से भरी बस रविवार दोपहर बाद गंगनानी के पास अनियंत्रित होकर के गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में 07 यात्रियों की मौत हो गयी जबकि 27 यात्री घायल हो गए। इन सभी को रेस्क्यू कर चिकित्सालयों में भेजा गया है। बस में लगभग 33 यात्रियों और बस स्टाफ सहित कुल 35 लोग सवार बताए गए हैं। अभी सभी की शिनाख्त नहीं हो सकी है। लापता हुए कुछ लोगों को खोजने के लिए अभी रेस्क्यू कार्य जारी है। प्रदेश सरकार की ओर से गंगोत्री राज्य मार्ग उत्तरकाशी बस दुर्घटना को लेकर हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंगोत्री से उत्तरकाशी जा रही बस के गंगनानी में दुर्घटना को दुखद बताते हुए प्रशासन को त्वरित राहत बचाव के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने इस घटना में कुछ लोगों के हताहत होने का अत्यंत पीड़ादायक समाचार बताया। उन्होंने प्रशासन को त्वरित रूप से राहत और बचाव कार्य संचालित करने और घायलों

**गंगोत्री धाम के दर्शन कर लौट रहे थे यात्री, 27 घायलों का किया गया रेस्क्यू, राज्यपाल और सीएम ने जताया शोक**

के उपचार के लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्माओं को श्रीचरणों में स्थान और शोकाकुल परिजनों को यह कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने जनपद उत्तरकाशी में हुई वाहन दुर्घटना में मृतक व्यक्तियों के प्रति गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। राज्यपाल ने इस दुर्घटना में घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस टीम, एसडीआरएफ ,एनडीआरफ, फायर सर्विस, 108 एम्बुलेंस मौके पर मौजूद हैं। घटना स्थल पर रेस्क्यू कार्य अभी किया जा रहा है ताकि लापता लोगों को खोजा जा सके।

# सात कंपनियों का मार्केट कैप 80,200 करोड़ घटा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** शेयर बाजारों में कमजोर रुख के बीच पिछले सप्ताह शीर्ष 10 कंपनियों में सात का कुल बाजार मूल्यांकन 80,200.24 करोड़ रुपये घट गया। इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचडीएफसी बैंक को सबसे अधिक नुकसान हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स 373.99 अंक या 0.57 प्रतिशत गिर गया। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और इंफोसिस का बाजार मूल्यांकन बढ़ा, जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस के मूल्यांकन में गिरावट हुई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 29,894.45 करोड़ रुपये घटकर

**टाटा कंसल्टेंसी और एचडीएफसी बैंक को सबसे अधिक नुकसान**




12,32,240.44 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 19,664.06 करोड़ रुपये घटकर 12,02,728.20 करोड़ रुपये रहा। दूसरी ओर हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 12,347.1 करोड़ रुपये बढ़ा। इंफोसिस का बाजार पूंजीकरण 6,972.87 करोड़ रुपये बढ़कर 5,76,379.26 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 5,886.09 करोड़ रुपये बढ़कर 17,29,764.68 करोड़ रुपये हो गया। शीर्ष 10 कंपनियों की श्रेणी में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी रही।

## पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री महमूद कुरैशी गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के निकट सहयोगी एवं पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को गोपनीय राजनयिक दस्तावेज लीक होने के आरोप में सरकारी गोपनीयता अधिनियम के तहत शनिवार को उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के उपाध्यक्ष कुरैशी को शनिवार रात को गिरफ्तार किया गया और उसके तुरंत बाद संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) के मुख्यालय में ले जाया गया। कुरैशी को आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि विदेश मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अमेरिका में पाकिस्तानी दूतावास की ओर से विदेश कार्यालय को भेजे गए आधिकारिक दस्तावेज की गोपनीयता भंग की। कुरैशी को रविवार को अदालत में पेश किया गया जहां उन्हें एक दिन की एफआईए की हिरासत में भेजा।

# यूक्रेन के चेर्निहाइव में रूस का मिसाइल हमला, सात की मौत

### 144 घायल, संयुक्त राष्ट्र ने की निंदा

**कीव (हि.स.)।** यूक्रेन के आंतरिक मंत्रालय ने कहा है कि उत्तरी यूक्रेन के शहर चेर्निहाइव में एक प्रमुख चौराहे पर शनिवार को रूस के शक्तिशाली मिसाइल हमले में सात नागरिक मारे गए और 144 घायल हो गए। घायलों में कई बच्चे भी हैं। इस चौराहे पर पॉलिटेक्निक यूनिवर्सिटी और एक सिनेमाहाल भी है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में शेयर किया है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि जब हमला हुआ, तब लोग धार्मिक अवकाश मनाने के लिए चर्च जा रहे थे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति जेलेंस्की इन दिनों स्वीडन की यात्रा पर हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने रूस के इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि वह इस से बेहद परेशान है। चेर्निहाइव में तीन दिन के शोक की घोषणा की गई है। मीडिया



रिपोर्ट्स में कीव की वायु सेना के हवाले से कहा गया है कि यूक्रेनी सेना ने रातभर मॉस्को द्वारा लॉन्च किए गए 17 ईरान निर्मित ड्रोनों में से 15 को मार गिराया।

## उत्तरी वजीरिस्तान में आतंकवादी हमला 11 मजदूरों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान में आतंकी हमले में 11 मजदूरों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यह बम विस्फोट एक वैन में हुआ। उपायुक्त रेहान गुल खट्टक ने बताया कि यह वैन मजदूरों को लेकर जा रही थी। आतंकवादियों ने रास्ते में उसे विस्फोटक से उड़ा दिया। इस हमले में 11 मजदूरों की जान चली गई। घायल दो मजदूरों को अस्पताल ले जाया गया। यह मजदूर दक्षिणी वजीरिस्तान की तहसील माकिन और वाना के रहने वाले थे। यह आतंकी हमला कुछ हफ्ते पहले बाजौर में हुए आत्मघाती विस्फोट के बाद हुआ है। इस आत्मघाती विस्फोट में 23 बच्चों सहित कम से कम 63 लोग मारे गए थे और 200 से अधिक लोग घायल हुए थे। इस आत्मघाती विस्फोट की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट ने ली थी। इधर खैबर जिले के बारा में आतंकवादियों से शनिवार को हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो दहशतगर्दों को ढेर कर दिया।

# हेमा मालिनी ने 'गदर-2 देखा, सनी की हुई फैन

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सनी देओल की फिल्म गदर-2 के लिए उनका पूरा परिवार एक साथ आया है। सनी देओल और बॉबी देओल की सौतेली बहनें ईशा देओल और अहाना के बाद अब सनी की सौतेली मां हेमा मालिनी भी फिल्म देखने मुंबई पहुंचीं। फिल्म गदर-2 देखने के बाद हेमा मालिनी ने सनी देओल की तारीफ की है। उनका ये बयान अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हेमा मालिनी ब्लैक पैंट और पिंक टॉप पहने बेहद स्टाइलिश अवतार में मुंबई के एक थिएटर में गदर-2 देखने पहुंचीं। इसके साथ ही उन्होंने गले में प्रिटेंड स्कार्फ लपेटा हुआ था और लाइट मेकअप के साथ बालों को खुला छोड़ा हुआ था। फिल्म देखने के बाद हेमा मालिनी ने गदर-2 की इतनी तारीफ की कि उनका ये बयान वायरल हो रहा है। फिल्म देखने के बाद हेमा मालिनी ने कहा



कि मुझे यह फिल्म बहुत पसंद आई। यह फिल्म बिलकुल वैसी ही थी, जैसी मुझे उम्मीद थी। ये फिल्म बेहद दिलचस्प है। इस फिल्म को देखने के बाद मुझे लगा कि यह 70 और 80 के दशक की फिल्मों जैसा ही दौर है। अनिल शर्मा ने बहुत अच्छा निर्देशन किया है। सनी देओल के बारे में हेमा मालिनी ने कहा कि सनी की एक्टिंग बहुत अच्छी रही है। उत्कर्ष ने भी बहुत अच्छा काम किया है। यह फिल्म भारत और पाकिस्तान के लिए एक अच्छा और कड़ा संदेश देती है। तारा और सकीना की केमिस्ट्री देखकर हेमा मालिनी ने कहा कि 2 साल बाद ये दोनों एक बार फिर बड़े पर्दे पर खूबसूरत लग रहे हैं।

## '42 बलिया विद्रोह' पर बनायेंगे फिल्म निरहुआ

**बलिया।** भाजपा के सांसद और भोजपुरी फिल्म अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहा है कि वह स्वतंत्रता आंदोलन में बलिया की भूमिका को उजागर करने के लिए 1942 के बलिया विद्रोह पर एक फिल्म बनाएंगे। निरहुआ ने शनिवार रात कहा कि बचपन से ही बलिया के बागीपन को सुनता आया हूं। स्वतंत्रता आंदोलन में बलिया की ऐतिहासिक भूमिका रही है। असंख्य वीरों ने अपनी आहुति दी थी तथा देश को आजादी मिलने से पांच साल पहले ही बलिया को आजाद कराया था। साल 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू होने के कुछ दिनों बाद कई स्थानीय लोगों ने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ विद्रोह कर दिया और साथी क्रांतिकारियों को छुड़ाने के लिए जिला जेल पर धावा बोल दिया था।

## रजनीकांत ने रामलला के दरबार में लगायी हाजिरी



**अयोध्या।** देश के प्रख्यात अभिनेता और दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपर स्टार रजनीकांत ने रविवार को अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के अस्थायी मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन किया और निर्मित हो रहे नवीन मंदिर निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। संकटमोचन सेना के कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हनुमानगढ़ी के वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास ने रजनीकांत को प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में ले जाकर दर्शन करवाया। फिर वहां से श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन-पूजन कर मत्था भी टेका।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!



कई देशों जैसे अमेरिका आदि में पीने के पानी के फ्लोरिडेशन की नीति इतने लंबे समय से प्रभावी है कि अधिकांश लोग इसपर ध्यान ही नहीं देते। लेकिन अब बहुत से वैज्ञानिक और जनस्वास्थ्य अधिकारी यह प्रश्न उठा रहे हैं कि राष्ट्रव्यापी फ्लोरिडेशन का क्या औचित्य है और पानी में फ्लोराइड की उपस्थिति के मानव शरीर पर कौन से प्रतिकूल दूरगामी प्रभाव हो सकते हैं। पानी में फ्लोराइड की मौजूदगी के विषय में जानकारी होनी चाहिए। फ्लोराइड के प्रोमोटर्स जनता को यह बात नहीं जानने देना चाहते हैं कि पब्लिक वाटर सिस्टम में मिलाए जानेवाला फ्लोराइड प्राकृतिक रूप से प्राप्त नहीं किया गया है। पानी में अलग से मिलाया गया फ्लोराइड अक्सर ही हाइड्रोफ्लु ओरोसीलिसिक एसिड का रूप ले लेता है। यह एसिड प्रायः फॉस्फेट की खदानों और निर्माण प्रक्रिया के प्रतिउत्पाद के रूप में मिलता है जहां धरती से निकाली गई चट्टानों को सल्फ्यूरिक एसिड से भरी नांदों में शुद्धीकरण के लिए रखा जाता है ताकि उसके अवांछित तत्व अलग हो जाएं।फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, डेनमार्क, और ग्रीस में पानी का फ्लोरिडेशन प्रतिबंधित कर दिया गया है। कुछ अन्य देशों जैसे स्विट्जरलैंड, यूके, नॉर्वे और स्पेन में घरों में सप्लाई होनेवाले लगभग 90 प्रतिशत पानी में अब फ्लोराइड की उपस्तिथि शून्य होती है। फ्लोराइड एक न्यूरोटॉक्सिन है अर्थात यह हमारे शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खतरनाक है। पूरे विश्व में बच्चों को प्रभावित करनेवाले न्यूरो डेवलपमेंटल मामले जैसे कि ऑटिज्म ,अटेंशन डेफिसिट डिसॉर्डर और अन्य विकृतियां फ्लोराइड तथा इसी प्रकार के अन्य औद्योगिक प्रतिउत्पादों के उपयोग के कारण हो रही हैं और इनके बीच का संबंध अब स्पष्ट हो गया है।

# जानलेवा फ्लोराइड की समस्या और बचाव

**डा. राधेश्याम द्विवेदी**

फ्लोराइड के उपयोग को प्रोमोट करनेवाले लोग इस प्रश्न का उत्तर नहीं देते कि जब हमारे टूथपेस्ट, माउथवॉश और अन्य हेल्थ प्रोटक्ट्स में फ्लोराइड होने के साथ ही पानी में प्राकृतिक रूप में भी सूक्ष्म मात्रा में फ्लोराइड होता है तो उसे पीने के पानी में अलग से मिलाए जाने की क्या जरूरत है? आज दुनिया भर में करोड़ों लोग अपने बाथरूम में ऐसे अनेक प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करते हैं जिनमें फ्लोराइड मिला होता है। भारत में हमें पानी के फ्लोरिडेशन को लेकर चिंतित होने की जरूरत नहीं है क्योंकि यहां पानी में फ्लोराइड नहीं मिलाया जाता। परन्तु पानी में प्राकृतिक फ्लोराइड की बहुत अधिक मात्रा होने के कारण भारत के 20 राज्यों में हजारों लोग हड्डी और दांतों के विकारों से ग्रस्त हैं। भारत में फ्लोराइड की अधिकतम मान्य मात्रा 1.2 फीसदी है और सरकार ने ऐसे क्षेत्रों में पानी से फ्लोराइड निकालने के लिए रिवर्स ऑस्मॉसिस प्लांट लगाए हैं। वर्ष 2014 तक 19 राज्यों की 14,132 बस्तियों में पानी में फ्लोराइड का स्तर सामान्य से अधिक देखा गया.सरकार ने वर्ष 2008-09 में नेशनल प्रोग्राम आफ प्रिवेन्सन एण्ड कन्टरोल आफ फलोरेसिस चलाया जिसे 2013-14 में नेशनल रुरल हेल्थ मिशन के आधीन कर दिया गया. इसने अभी तक 111 जिलों में फ्लोराइड के कारण होनेवाले फ्लोरोसिस के निदान, उपचार और रोकथाम के लिए कदम उठाए हैं।

■ **20 हजार की आबादी में 2500 लोग बीमार, 200 दिव्यांग :** ताजनगरी आगरा में आधा दर्जन- रौता की घड़ी, पट्टी, खेड़ा, पंचघई, रोहता, देवरी, जारनी गढ़ी और सेमरी ऐसे गांव हैं, जहां की 20 हजार की आबादी में ढाई हजार लोग बीमार हैं, जबकि दो सौ लोग दिव्यांग हो चुके हैं। बीमारों का घुटने में सूजन है और दिव्यांगों के पैर घुटने से मुड़ गए हैं। यह सब भूजल में प्रदूषण की वजह से हो रहा है। कोई जवानी में हुई बूढ़ी किसी का पैर हुआ टेढ़ा है। 35 साल की मीना देवी करीब 90 डिग्री झुककर घर से बाहर निकलती है। 15 साल की बेटी प्रीति का पैर टेढ़ा हो गया है। 32 साल के सुनील पांच साल से बेड पर लेटे हैं। उनका घुटना और कमर इस लायक नहीं बचा कि वह चल सकें। टायलेट भी दूसरों के सहारे जाते हैं। पास के पट्टी गांव में रहने वाले 19 साल के सुरेंद्र का घुटना खराब हो गया है, वह लड़खड़ा कर चलते हैं। ये जूता फैक्ट्री में काम करते हैं। इसी गांव में 3 साल का चिंटू



पैरों से दिव्यांग है। वह खड़ा नहीं हो पाता। मां भावना ने बताया- डेढ.साल पहले तक वह चल रहा था, लेकिन अब चलने से लाचार है। 17 साल के प्रेम का हाथ टेढ़ा हो गया है। उनके पिता गोरे लाल ने बताया- पूरा गांव दिव्यांगों का होता जा रहा है। डॉक्टर कहते हैं कि घर में आरओ लगवाओ। लेकिन मजदूरी करके इतना रुपया नहीं जुट पा रहा। एक अन्य खेड़ा गांव में 35 साल की ऊषा कहती हैं- न चल पाने की वजह से खुद को बूढ़ी महसूस करती हैं। बरौली अहीर मंडल में ऐसे एक दर्जन गांव हैं, जहां दिव्यांगता हर घर को अपने आगोश में ले रही है। डॉक्टरों के पास इलाज के लिए जाओ तो वो घर में आरओ लगवाने की बात कहते हैं। वह कहते हैं दवाई तभी असर करेगी, जब आरओ पानी पीएंगे। लेकिन मजदूरी में इतनी कमाई नहीं हो पाती है कि आरओ प्लांट लगवा सकें।

■ **बूढ़ा और दिव्यांग होने की वजह :** जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जीएसआइ) की रिपोर्ट के अनुसार- बरौली अहीर के गांवों के भू-जल में एक लीटर पानी में 6 से 7 मिलीग्राम (एमजीएल) फ्लोराइड है। जबकि मानव स्वास्थ्य के लिए पानी में फ्लोराइड की 1.5 एमजीएल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। पानी में फ्लोराइड ज्यादा होने से गठिया सहित हड्डी की कई बीमारियां हो जाती हैं। इसी वजह से लोग बूढ़े और दिव्यांग हो रहे हैं।

इस स्थिति का बड़ा कारण यहां से गुजरने वाली आगरा केनाल भी है, जिसमें पिछले काफी समय से निरंतर बिना शोधित किया हुआ गंदा पानी छोड़ा जा रहा है। इससे यहां का भूमिगत जल खराब हो चुका है। इस नहर में अनट्रीटेड इंडस्ट्रियल का गंदा पानी दिल्ली और हरियाणा से छोड़ा जा रहा है। यह अंडरग्राउंड वाटर रिसोर्स को जहरीला बना रहा है। गांवों में अमीरों ने अपने घर में आरओ लगावा लिए हैं। गांव के प्रधान राधे लाल के घर में आरओ लगा हुआ है। लेकिन मजदूर भूजल ही पीने को मजबूर हैं। राधेलाल का कहना है- गांवों की हालत लगातार बदतर होती जा रही है। गांव में कुछ लोगों ने अपने घर में आरओ लगवाया है। इन लोगों को हर 15-20 दिनों पर आरओ को खोलकर साफ करना पड़ता है। यह भूजल में काफी ज्यादा फ्लोराइड होने की वजह से है। जबकि ऐसे ही आरओ को शहरी क्षेत्र में साल में एक बार साफ कराना पड़ता है। ग्रामीणों को भूजल में फ्लोराइड के बारे में 10 साल पहले पता चला था। जब गांवों में दिव्यांगों की संख्या बढ़ने लगी तो भूगर्भजल विभाग ने भूमिगत जल की जांच की। ग्रामीण दयाल शरण कहते हैं- काफी प्रदर्शन और हंगामा करने के बाद जल निगम ने साल 2012 में इतनी बड़ी आबादी के लिए सिर्फ 2 गांव पट्टी और खेड़ा पंचगई में आरओ प्लांट लगाया। लेकिन यह भी डेढ़ साल में खराब हो गया। इसके बाद 100 से ज्यादा अधिकारियों और नेताओं को गांव की हालत बता चुके। पानी का कोई ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं।

■ **शादी में आ रही प्रॉब्लम :** ज्यादातर घरों में युवाओं के विकलांग होने की वजह से उनकी शादी में प्रॉब्लम आ रही है। ऐसे में युवाओं को दिव्यांग जीवनसाथी ही मिल रहे हैं। पंचगढ़ी गांव के दयालु ने बताया- दर्जनों ऐसे युवक-युवतियां हैं, जो रिश्ते का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन उनके सामान्य युवक-युवती शादी को तैयार नहीं हैं। भूगर्भ जल मंत्री एसपी सिंह बघेल ने बताया- जल निगम के अधिकारियों से इस मामले में बात करेंगे और पेयजल का समाधान निकालेंगे। रिवर कनेक्ट अभियान ने हाल ही में इन गांवों का सर्वे किया और सीडीओ नागेंद्र प्रताप सिंह को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। उन्होंने पेयजल सुधार की मांग की थी। अभियान से जुड़े बृज खंडेलवाल ने बताया- उनकी रिपोर्ट और ज्ञापन को सीडीओ ने रख लिया, लेकिन दिलचस्पी नहीं दिखाई। कई बार इस तरह ज्ञापन दिए जा चुके हैं। 20 हजार आबादी में गढ़ी पंचगई- 2500 दिव्यांगों की संख्या- 34, खेड़ा पंचगई- 2500 दिव्यांगों की संख्या- 30, पट्टी- 2000 दिव्यांगों की संख्या- 42 है।

■ **कुछ उपयोगी सुझाव :** भूमिगत पानी में पाए जाने वाले तत्त्वों की मात्रा जरूरत से ज्यादा हो जाए तो कई रोगों का खतरा हो सकता है। ऐसी समस्या के शिकार राजस्थान के कुछ हिस्से हैं। यहां पानी में फ्लोराइड की मात्रा इतनी अधिक है कि शरीर में विभिन्न प्रकार की विकृतियां पैदा हो रही हैं। पश्चिमी राजस्थान अधिक प्रभावित सामान्य तौर पर पीने योग्य पानी में फ्लोराइड की मात्रा एक से डेढ़ मिग्रा. प्रति लीटर तक हानिकारक नहीं होती है। पश्चिमी राजस्थान का रेगिस्तान वाला हिस्सा ही अधिक है, जो प्रकृति के प्रकोप को लगातार झेलता रहा है। यहां के अधिकांश गांवों में पीने के पानी में फ्लोराइड की मात्रा बहुत ज्यादा है। इससे दांत, आंत, रीढ़ की हड्डी व शरीर के सभी जोड़ों पर इसका दुष्प्रभाव दिखाई देने लगता है। दांतों में फ्लोराइड का जमाव 2-3 वर्ष के 50 प्रतिशत बच्चों में शुरू हो जाता है। इसी प्रकार 4-8 साल के बच्चों के खोखले दांत पूर्ण रूप से गिर जाते हैं। राजस्थान के जालोर, सांचोर, नागौर, चूरू, पाली के कई भागों में ऐसे मरीज बड़ी संख्या में देखे जा सकते हैं।

■ **जोड़ों का दर्द :** फ्लोराइडयुक्त पानी पीने से लोग जोड़ों के असहनीय दर्द के शिकार हो जाते हैं। इससे रीढ़ की हड्डी में फ्लोराइड जमना शुरू हो जाता है, जिसके फलस्वरूप व्यक्ति में आंशिक व पूर्णतया कूबड़ की आशंका रहती है।

■ **नसों में शिथिलता :** फ्लोराइड युक्त पानी पीते रहने के कारण रीढ़ की हड्डी में जमाव के कारण स्पाइनल कॉर्ड व इसकी नसों पर दबाव बढ़ने से हाथ-पैरों की नसों में शिथिलता आ जाती है व मरीज लकवे का शिकार हो जाता है व बाकी उम्र उसे बिस्तर पर गुजारने को मजबूर होना पड़ता है। आंतों में अल्सर, पुरुषों में नपुंसकता व महिलाओं में बार-बार गर्भपात होकर बांझपन का शिकार होने का कारण भी यही फ्लोराइड बनता है।

■ **बचाव ही उपाय :** इन बीमारियों से निजात पाने के लिए बचाव ही एकमात्र उपाय है। राजीव गांधी ड्रिंकिंग वाटर मिशन क्षेत्र के गांवों में फ्लोराइड रहित पानी पहुंचाने का कार्य कर रहा है। इनका मिशन गांव में बरसात के पानी को संग्रह कर उसे शुद्ध करके पीने योग्य बनाना है।

■ **फ्लोराइड से निजात:** फ्लोराइड युक्त पानी को शुद्ध करने के लिए आईआईटी कानपुर व यूनीसेफ द्वारा विकसित यंत्र जिसका खर्च मात्र 1500 रुपए है। इन्होंने गांव-गांव में उपलब्ध करवाकर इसकी उपयोगिता की जानकारी दी ताकि फ्लोराइड रहित पानी सर्वत्र उपलब्ध हो सके। जिन हैंडपंपों, कुओं या अन्य भूमिगत स्त्रोतों में फ्लोराइड की मात्रा अधिक है, उन्हें बंद कराकर पीने योग्य पानी की योजना बनाई जाए।

■ **पानी का संग्रह :** गांव के हर घर में बरसात के पानी का संग्रह करने के लिए हौद या टांका बनाया जाए और वर्षभर इसी पानी का प्रयोग किया जाए। सावधानी इस बात की रखने की आवश्यकता है कि इस जल को भी पूर्णतः शुद्ध रखा जाए। इसे कीड़े-मकोड़े और अन्य विषाणुओं व विषैले पदार्थों से बचाने के लिए उचित व्यवस्था की जानी चाहिए।

शल्यक्रिया की जरूरतः जो मरीज रीढ़ की हड्डी के टेढ़ेपन के कारण लकवे के शिकार हो जाते हैं, उनका एकमात्र उपचार सर्जरी है। सावधानी व सजगता से लोगों को कूबड़ और आंशिक विकलांगता से बचाया जा सकता है।

# अब मोटापा सिर्फ हंसने की चीज है?

**मोटी लड़कियां या औरतें सिर्फ हंसने की चीज हैं। टीवी, इंटरनेट, फिल्मों के प्रभाव में महानगर ही नहीं, छोटे शहरों और कस्बों तक की लड़कियां अपनी पसंदीदा हीरोइनों जैसी पतली दिखना चाहती हैं, जिनकी फिल्में लगातार हिट होती हैं, जिनकी खूबसूरती इसलिए है कि वे पतली हैं और इस पतले होने के कारण उनकी भारी मांग है। मीडिया भी रात-दिन इनके पतले होने के गुणगान में लगा रहता है। अच्छे फिगर का मतलब है पतला होना। अब पतला चाहे अपने स्वास्थ्य की कीमत पर ही हुआ जाए। पतला करने के तरह-तरह के नुस्खे मौजूद हैं। लड़कियों को हर हाल में इन्हें अपनाने और दुनिया की नजर में स्मार्ट बनने की सलाह दी जाती है। ऐसी छवियां समाज में बेहद लोकप्रिय बताई जाती हैं। एक तरफ वे लोग हैं, जिन्हें दो वक्त का खाना नसीब नहीं।**



**प्रियंका चन्द्रा**

**एक** निजी प्रकाशक ने बारहवीं कक्षा के लिए हेल्थ ऐंड फिजिकल एजूकेशन से संबंधित पुस्तक में महिला के शरीर को 36-24-36 के मानकों पर सर्वश्रेष्ठ बताया। इस पुस्तक पर चर्चा में जोर-शोर से सोशल मीडिया कूद पड़ा। जैसा कि अक्सर होता है, सोशल मीडिया के क्रांतिकारी अक्सर क्रांति से भी आगे की बात करते हैं। मानव संसाधन मंत्रालय ने भी महिलाओं को इस तरह परिभाषित करने को लैंगिक भेदभाव के अंतर्गत माना और



पुस्तक की भर्त्सना की। प्रकाशक ने भी कहा कि वह इस पुस्तक को वापस ले रहा है। अब प्रकाशक के खिलाफ मुकदमा भी हो गया है। कहीं तो इस तरह के भेदभाव और महिलाओं को उनके शरीर के कारण परिभाषित करने की आलोचना हुई! वरना विज्ञापनों, फिल्मों, धारावाहिकों में आजकल कैसी महिलाएं नजर आती हैं! सबकी सब पतली दिखने के लिए कुछ भी करने को तैयार रहती हैं। उन्हें वैसा ही बनने के लिए प्रेरित किया जाता है।

करीना कपूर जब जीरो फिगर बनाती हैं, तो सब उनकी वाहवाही करते हैं। प्रकारांतर से बताया जाता है कि मोटी लड़कियों की ग्लैमर वर्ल्ड में कोई जगह नहीं है। अगर है भी तो टुनटुन, गुड्डी मारुति की तरह, इसलिए कि उनके मोटापे पर हंसा जा सके और उनकी हरकतों को मूर्ख औरतों की हरकत बताया जा सके। पतली तन्वंगी औरत, स्मार्टनेस की पहचान है। विवाह से लेकर नौकरी के बाजार तक उसकी भारी मांग है। एक बार मशहूर अभिनेत्री रेखा ने कहा था कि अगर वे एक रोटी भी खाती हैं तो उनका वजन बढ़ने लगता है। यानी चाहे जितना कमाओ, भूखे रहकर हमेशा छरहरी दिखना है, प्रोडयूसर, डायरेक्टर और हीरो की नजर में बने रहना है। फिर दर्शकों की कामनाएं जगाने के लिए अगर अच्छा फिगर चाहिए तो भूखों मरना ही पड़ेगा। बहुत-सी स्त्रियां अपने आकर्षक दिखने की खूब तारीफ भी करती पाई जाती हैं। पतला माने सेक्सी। एक बार करिश्मा कपूर ने कहा था कि अगर लोग उन्हें सेक्सी कहते हैं तो उन्हें बहुत गर्व होता है। पतली और सेक्सी दिखने-कहलाए जाने की यह सौगात फिल्मी दुनिया से होते हुए साधारण लड़की तक भी जा पहुंची है। महानगरों से लेकर छोटे शहरों, कस्बों, गांवों तक में लड़कियों की बुद्धिमानी को कोई नहीं पूछता, वे कैसी दिखती हैं इसी पर जोर अधिक है। अफसोस कि इन छवियों का कोई पुख्ता विरोध होता नजर नहीं आता। जितनी सौंदर्य प्रतियोगिताएं होती हैं क्या मानव संसाधन मंत्रालय ने उनके मानकों पर गौर किया है। क्या किसी मोटी लड़की तो दूर, गठीले बदन वाली लड़की को भी आज तक किसी ने मिस इंडिया, मिस वर्ल्ड या मिस यूनीवर्स बनते देखा है। इन प्रतियोगिताओं की सच्चाई जाननी हो तो इरा त्रिवेदी की किताब- इस ताज के हीरे चुभते हैं- को पढ़ा जा सकता है। मोटी लड़कियों और महिलाओं को किस घटिया नजर से देखा जाता है। एक किताब तो आपकी नजर में आ गई। प्रकाशक ने उसे बाजार से हटा भी लिया, मगर युवाओं के मन में फिल्मी दुनिया या विज्ञापनों और धारावाहिकों की दुनिया लड़कियों की जो छवि बनाती है, उसे मजबूत करती है, उसे कैसे रोकेंगे। ये छवियां तो रात-दिन हमारे मन में छाई रहती हैं।




क्या ग्लैमर वर्ल्ड में औरतों की ऐसी छवि को पेश करना जायज है। क्या ये लैंगिक भेदभाव से परे हैं। सोनाक्षी सिन्हा और सोनम कपूर ने एक बार कहा था कि फिल्म इंडस्ट्री में आने से पहले वे तो नब्बे किलो की थीं। इतने वजन के साथ फिल्मों में उन्हें कौन काम देता। परिणीति चोपड़ा ने अभी अपना वजन बहुत घटाया है और उनके इंटरव्यू कुछ इस तरह छापे जा रहे हैं कि अब उन्हें काम मिलना बहुत आसान होगा। अभिनय के लिए अभिनय प्रतिभा नहीं, छत्तीस-चौबीस-छत्तीस से भी आगे का फिगर चाहिए। मजेदार है कि औरतों पर तो इस तरह कामुक दिखने की छवि हावी कर दी जाती है, मगर पुरुषों पर ऐसा शायद ही कोई मानक लागू होता हो। सोशल मीडिया के वीर इन बातों पर आखिर क्यों चुप रहते हैं। या कि यह मान लिया गया है कि ग्लैमर की दुनिया के लिए सब जायज है और किताब के लिए ही सब कुछ गलत है। आखिर इस लैंगिक भेदभाव को कैसे रोका जाएगा। सच तो यह है कि स्त्रियों के इस तरह के शरीर को दिखाने और बनाने में तरह-तरह के व्यापार भी जुड़े हैं। तमाम तरह के पार्लर, ब्यूटी इंडस्ट्री, हेल्थ, प्रसाधन व्यवसाय यहां तक कि चिकित्सा जगत के कुछ हिस्से भी सब एकमएक हैं।

# आधुनिक जीवनशैली से कम होती खुशियां

**मनीषा सिंह**

हम जिस आधुनिक जीवनशैली पर इतना इतरा रहे हैं, उसके बारे में एक सच यह है कि उसने पूरे समाज को आरामतलब बना दिया है। संक्रमण से होने वाली बीमारियों से कहीं ज्यादा लोग जीवनशैली की वजह से पैदा हुई बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। देह को श्रम से दूर करने की हर कोशिश दिल, फेफड़े, मधुमेह, अवसाद और मोटापे जैसी बीमारियों के रूप में सामने आ रही है। दुर्भाग्य यह है कि लोग बिना यह जाने अपनी आधुनिक जीवनशैली का जश्न मना रहे हैं कि वह कितनी घातक है। कुल मिलाकर दुनिया में होने वाली पचास लाख मौतों को इस किस्म की निष्क्रिय जीवनशैली से जोड़ा जा सकता है। ब्रिटेन की एक संस्था 'ब्रिटिश हार्ट फाउंडेशन' ने अपने एक अध्ययन में पाया कि वहां दो करोड़ से ज्यादा लोग शारीरिक श्रम नहीं करते, जिसके फलस्वरूप दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। नए किस्म की जीवनशैली इसके लिए जिम्मेदार है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में



शारीरिक श्रम न करने पर बीमारियां बढ़ने की आशंका ज्यादा रहती है।

पिछले दिनों एक रिपोर्ट में बताया गया कि भारतीय महिलाओं के लिए मोटापा एक लाइलाज समस्या बनता जा रहा है। गांवों में खेतिहर और शहरों में मजदूर महिलाओं के लिए खानपान संबंधी हालात अब भी ज्यादा नहीं बदले हैं, इसलिए उन्हें मोटापे की चिंता से नहीं निपटना है, बल्कि वे कमजोर और दुबली हैं। मोटापे की समस्या मध्यवर्गीय परिवारों में तेजी से बढ़ रही है। पहले किशोरियां अपने घर के आसपास बैडमिंटन जैसे शहरी और शारीरिक व्यायाम को अनिवार्य बनाने वाले कुछ देहाती खेल खेला करती थीं और उनका खानपान भी ऐसा सुपाच्य था, जो शरीर की चर्बी को संतुलित रखता था। लेकिन अब शारीरिक परिश्रम को लगभग खत्म करने वाली उनकी दिनचर्या ने मोटापे को उनके लिए भी समस्या बना दिया है। शहरी लड़कियों की तरह ग्रामीण-कस्बाई स्त्रियों के जीवन में भी टीवी ने घुसपैठ कर ली है, जिसने घर के बाहर की उनकी गतिविधियों पर विराम लगा दिया है। लेकिन उनकी शारीरिक श्रम वाली गतिविधियां कम करने वाला यह चलन उनके आलस्य या टीवी देखने के शौक के कारण ही कायम नहीं हुआ है, इसकी एक बड़ी वजह असुरक्षा का माहौल भी है।

बदलती जीवनशैली का एक प्रभाव हमारे खानपान पर भी हुआ है। शहरों में ही नहीं, छोटे-छोटे कस्बों तक में पिज्जा-चिप्स-बर्गर जैसे खानपान तेजी से प्रचलन में आए हैं । खानपान में हुई तब्दीली से महिलाओं में जो मोटापा बढ़ रहा है, उसकी कुछ प्राकृतिक वजहें भी है। महिला और पुरुष शरीर की बनावट में कुछ बुनियादी फर्क होते हैं और हार्मोंस भी इसके लिए जिम्मेदार होते हैं। पुरुषों के शरीर में ज्यादा बड़ी मांसपेशियां होती हैं और उनके दिल और फेफड़ों की क्षमता भी ज्यादा होती है। इसके अलावा पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के शरीर के जिन हिस्सों, जैसे कि कमर पर ज्यादा चर्बी जमा होती है, वहां से चर्बी मुश्किल से हटती है। प्रकृति ने महिलाओं के शरीर पर चर्बी जमा करने की जो व्यवस्था बनाई, तो इसके स्वाभाविक कारण रहे हैं। इसकी एक बड़ी वजह यह रही है कि मानव समाज हमेशा से पुरुष प्रधान रहा है। ऐसे में जब भी कठिनाई आई तो सबसे ज्यादा समस्या महिलाओं के लिए पैदा हुई। इन हालात में जब भोजन मुश्किल से मिलता था, जो हासिल किए गए भोजन का सबसे कम हिस्सा महिलाओं को दिया जाता था। आज भी हमारे समाज में यह मान्यता बड़े तबके में प्रचलित है कि घर के सभी सदस्यों के भोजन कर लेने के बाद बचा-खुचा खाना ही महिलाओं को उपलब्ध होता है।